*
ओड़िशा संस्करण
03 मार्च, 2024
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 133
www.epaper.azadsipahi.in

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

झारखंड की 11 सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की घोषणा






सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
P.R. 321347 (IPRD) 23-24

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 03 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in



# गहरा है जयंत सिन्हा के चुनावी राजनीति से अलग हटने का राज

## 10 वर्ष के छोटे से राजनीतिक करियर में अक्सर विवादों में घिरते रहे जयंत

आजाद सिपाही विशेष

हजारीबाग के वर्तमान सांसद और भाजपा के सबसे शिक्षित नेताओं में से एक जयंत सिन्हा ने चुनावी राजनीति से अलग हटने का एलान कर दिया है। लगातार दो बार हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से जीत चुके जयंत सिन्हा ऐसी शख्सियत हैं, जिन्होंने इतने छोटे से करियर में कई मुकाम भी हासिल किये और कई विवादों में घिरे। अपने पिता और दिग्गज राजनीतिज्ञ यशवंत सिन्हा से अलग हट कर उन्होंने अपने किस्म की राजनीति की, लेकिन उन पर 'खास' होने का ठप्पा हमेशा लगा रहा। यशवंत सिन्हा की राजनीतिक विरासत पर जयंत सिन्हा पहली बार चुनाव मैदान में उतरे, चुनाव जीते और केंद्र में मंत्री भी बने। इतना ही नहीं, वित्त राज्यमंत्री के बाद वह नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री भी रहे। कम समय में इतनी ऊंचाइयां हासिल कर लेना सामान्य राजनीतिज्ञ के बूते की बात नहीं है, लेकिन जयंत सिन्हा ने वह सब हासिल किया। हालांकि यह अलग बात है कि उन पर हजारीबाग के आम लोगों से कटे रहने का आरोप हमेशा लगाया जाता रहा। इतना ही नहीं, कोरोना काल में लोगों से दूरी बनाने का आरोप झेलने के बाद जयंत सिन्हा की हैट्रिक पर बहुत से लोगों को संदेह हो रहा था। यशवंत सिन्हा की लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बयानबाजी से भी यह लगने लगा था कि इसका आज नहीं तो कल जयंत सिन्हा पर असर पड़ेगा ही। यशवंत सिन्हा के टीएमसी ज्वाइन करने और राष्ट्रपति के चुनाव में यूपीए का संयुक्त उम्मीदवार बनने के बाद तो यह बिल्कुल साफ हो गया था कि जयंत सिन्हा को भाजपा बहुत दिनों तक सक्रिय राजनीति में नहीं रखेगी। एक सांसद के रूप में जयंत सिन्हा की जो भी उपलब्धि रही हो, पार्टी के लिए वह कभी भी एसेट्स नहीं रहे। क्या हो सकता है जयंत सिन्हा जयंत सिन्हा के राजनीतिक संन्यास लेने के बाद और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह



**लोकसभा** चुनाव में भाजपा की सूची आने से ठीक पहले हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा का ट्वीट आया, जिसमें उन्होंने चुनावी राजनीति से अलग हटने की पेशकश का एलान किया। इससे थोड़ी देर पहले पूर्वी दिल्ली के सांसद गौतम गंभीर का भी ट्वीट आया था। खास बात यह है कि दोनों के ट्वीट की भाषा से लेकर आग्रह तक समान था। दोनों ट्वीट के संदेश के अंत में 'जय हिंद' लिखा हुआ था। ऐसे में सियासी गलियारों के साथ ही सोशल मीडिया पर भी यह चर्चा होने लगी कि आखिर इस सियासी दायित्व से मुक्ति वाले ट्वीट के मायने क्या हैं।

### जयंत सिन्हा ने क्या लिखा

लगातार दो बार हजारीबाग से सांसद चुने गये जयंत सिन्हा ने लिखा, मैंने माननीय पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से अनुरोध किया है कि मुझे मेरे प्रत्यक्ष चुनावी कर्तव्यों से मुक्त करें, ताकि मैं भारत और दुनिया भर में वैश्विक जलवायु परिवर्तन से निपटने पर अपने प्रयासों पर ध्यान केंद्रित कर सकूं। सिन्हा ने आगे लिखा, बेशक मैं आर्थिक और शासन संबंधी मुद्दों पर पार्टी के साथ काम करना जारी रखूंगा। उन्होंने लिखा कि मुझे पिछले दस वर्षों से भारत और हजारीबाग के लोगों की सेवा करने का सौभाग्य मिला है। इसके अलावा मुझे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रदान किये गये कई अवसरों का भी आशीर्वाद मिला है। उन्होंने पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

### जयंत सिन्हा की रिपोर्ट भी अनुकूल नहीं थी

बताया जा रहा है कि जयंत सिन्हा के बारे में भाजपा की आंतरिक रिपोर्ट बहुत अनुकूल नहीं थी। पिछले 10 साल में जयंत सिन्हा द्वारा किये गये काम से स्थानीय नेता और कार्यकर्ता संतुष्ट नहीं थे। उनकी सबसे बड़ी शिकायत यह थी कि वह कभी आम लोगों से नहीं मिलते हैं। यहां तक कि पार्टी के छोटे कार्यकर्ता भी उन तक पहुंच नहीं पाते हैं। भाजपाइयों के अलावा आम लोगों की भी शिकायत थी कि जयंत सिन्हा 'खास' हो गये हैं और कुछ लोगों से घिरे रहते हैं। उनके इर्द-गिर्द नव रत्नों का घेरा हो गया था। वही उनके कार्यक्रम तय करते थे और यह तय करते थे कि वह किससे मिलेंगे और किससे नहीं। यही नहीं, जब भी कोई व्यक्ति उनसे मिलने जाता था, तो जयंत सिन्हा का व्यवहार उसके प्रति सहयोगात्मक नहीं रहता था। वह आवास में भी मंत्री की भूमिका में ही रहते थे। जनप्रतिनिधि की भूमिका से बिल्कुल अलग। अगर कोई उनसे मिलने गया हो और कुछ कह रहा हो, तो जयंत सिन्हा उसको बैठने तक को नहीं कहते थे। खड़े-खड़े ही उसको अपनी बात रखनी होती थी।

### एक सौ से अधिक सांसदों का टिकट काटेगी भाजपा

भाजपा लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर उम्मीदवारों के नाम वाली पहली सूची जारी कर चुकी है। इसमें झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में से 11 पर भाजपा ने अपने उम्मीदवारों का एलान कर दिया है, जिसमें दो सांसदों का टिकट काटा गया है। इनमें जयंत सिन्हा और सुदर्शन भगत शामिल हैं। इन सीटों पर नये चेहरों को टिकट मिला है, जबकि सात सांसदों को फिर मौका दिया गया है। पार्टी में हाल ही में शामिल हुईं गीता कोड़ा को सिंहभूम से भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है। पार्टी ने अपनी केंद्रीय चुनाव समिति की पहली बैठक में 150 से ज्यादा सीटों पर लोकसभा उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा की थी। जेपी नड्डा और अमित शाह के बीच कई घंटे की मैराथन बैठक हुई थी। पार्टी ने इस चुनाव में 370 से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। ऐसे में पार्टी की रणनीति अपने कई पुराने सांसदों का टिकट काटने की है। पार्टी की तरफ से पुराने चेहरों के स्थान पर नये चेहरों को उतारा जायेगा। इसके अलावा कई राज्यसभा सदस्यों को भी चुनाव में उतारा जायेगा। जयंत सिन्हा को टिकट नहीं मिलने की सूचना मिल चुकी थी। पार्टी की तरफ से ऐसे सांसदों को इस संबंध में सूचना दे दी गयी थी। माना जा रहा है कि अपना टिकट कटते देख पार्टी के सांसद ने सम्मानजनक तरीके से खुद ही किनारा कर लिया।

### राजनीतिक करियर

जयंत सिन्हा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली सरकार में मंत्री रह चुके हैं। उनके परिवार का भाजपा से पुराना रिश्ता है। उनके पिता यशवंत सिन्हा भी भाजपा के दिग्गज नेता रहे हैं। यशवंत सिन्हा 1999 से 2004 तक अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में विदेश मंत्री और वित्त मंत्री रहे थे। हालांकि साल 2013 में नरेंद्र मोदी को पीएम चेहरा घोषित करने पर वह भाजपा के बागी हो गये थे। पिता के बागी होने के बावजूद नरेंद्र मोदी ने जयंत सिन्हा का कद छोटा नहीं किया।

मोदी सरकार में उन्हें केंद्र में वित्त और नागरिक उड्डयन मंत्रालयों में राज्यमंत्री के तौर पर काम करने का मौका मिला था। वित्त राज्यमंत्री रहते जयंत सिन्हा ने कई सुधारों पर काम किया। पीएम मुद्रा योजना, सामाजिक सुरक्षा प्लेटफॉर्म जैसे सार्वजनिक उपक्रमों को चलाने में मदद की। हालांकि उस दौरान उन पर कुछ आरोप भी लगे।

### आइआइटी इंजीनियर हैं जयंत सिन्हा

झारखंड में 21 अप्रैल, 1963 को जन्मे जयंत सिन्हा ने पटना के सेंट माइकल हाइ स्कूल और दिल्ली के सेंट कोलंबिया स्कूल से पढ़ाई की है। पहले प्रयास में जेइइ परीक्षा पास करनेवाले जयंत सिन्हान ने आइआइटी से 1985 में इंजीनियरिंग की डिग्री ली थी। इसके बाद उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ पेनसिल्वेनिया से एनर्जी मैनेजमेंट एंड पॉलिसी में मास्टर ऑफ साइंस की डिग्री ली थी। इसके बाद उन्होंने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से 1992 में पीएचडी किया था। जयंत सिन्हा को राजनीति विरासत में मिली। जयंत ने अपने पिता के चुनाव अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। वर्ष 2014 में पहली बार हजारीबाग से ही उन्होंने किस्मत आजमायी और 16वीं लोकसभा के सदस्य बने। वर्ष 2014 में उन्होंने कांग्रेस के सौरभ नारायण सिंह को 1.59 लाख से अधिक मतों से पराजित किया। 2019 में उन्होंने कांग्रेस के गोपाल साहू को हराया। लेकिन इस बार जयंत सिन्हा को मंत्री नहीं बनाया गया। पार्टी में भी उनको कोई जगह नहीं दी गयी। वैसे पिछले एक साल से उनके बारे में यह कयास लगाया जा रहा था कि इस बार हजारीबाग से उनको टिकट मिलना मुश्किल है। अब, जबकि जयंत सिन्हा खुद ही सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने का एलान कर चुके हैं, ऐसे में यह संभव है कि इंडी अलायंस उनके पिता यशवंत सिन्हा को हजारीबाग से चुनाव लड़ाने का एप्रोच करे। हालांकि उनका स्वास्थ्य इन दिनों ठीक नहीं है। ऐसे में यह समय ही बतायेगा कि वह इंडी अलायंस के ऑफर को स्वीकार करते हैं या नहीं।

### विवादों में भी रहे जयंत सिन्हा

नवंबर 2017 में पैराडाइज पेपर्स में जयंत सिन्हा का नाम आया था। पैराडाइज पेपर्स ने उन फर्मों का खुलासा किया, जो अमीर लोगों को कर चोरी करने में मदद करती है। हालांकि जयंत सिन्हा इन आरोपों से इनकार करते रहे। इंफोसिस ने 2016 में उनकी पत्नी पुनीता कुमार सिन्हा को बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया था, जिस पर काफी विवाद हुआ था। कोरोना के दौरान आम लोगों से दूर रहने और उन्हें छूने तक से परहेज करने का आरोप भी जयंत सिन्हा पर लगा। इसके अलावा हजारीबाग के भाजपा कार्यालय अटल भवन को अपने नाम करा लेने का आरोप भी इस परिवार और उसके समर्थकों पर लगा था। भाजपा के भीतर भी जयंत सिन्हा कभी खुद को फिट नहीं कर सके। पार्टी के कार्यक्रमों से अलग रहने और केवल खास अवसरों पर ही मौजूद रहने के कारण उनकी लोकप्रियता का ग्राफ लगातार गिरता जा रहा था। हजारीबाग में कई बड़े राजनीतिक कार्यक्रमों में वे मौजूद नहीं थे।

# सीएम आज गढ़वा को देंगे पांच योजनाओं की सौगात

**हेलीपैड पार्क, बस स्टैंड, टाउन हॉल, नया समाहरणालय भवन और फुटबॉल स्टेडियम सज-धज कर तैयार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन 3 मार्च को गढ़वा में 93 करोड़ लागत से निर्मित पांच बड़ी योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इनमें नया समाहरणालय भवन, बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क, बस स्टैंड, टाउन हॉल और फुटबॉल स्टेडियम शामिल है। समारोह की सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। इन पांच योजनाओं के निर्माण से गढ़वा की तस्वीर पूरी तरह से बदल गयी है।

**नया समाहरणालय भवन :** गढ़वा के कल्याणपुर में नया समाहरणालय भवन का निर्माण 60 करोड़ रुपये की लागत से बना है। अत्याधुनिक चार मंजिला इस समाहरणालय भवन में सेंट्रल विंग के अलावा लेफ्ट विंग, राइट विंग और अपर का निर्माण किया गया है। इसमें कांफ्रेंस हॉल, नियंत्रण कक्ष, वेटिंग एरिया की भी व्यवस्था है। लगभग नौ एकड़ भूमि में यह निर्मित है।

**अंतरराज्यीय बस स्टैंड गढ़वा :** सोनपुरवा में नवनिर्मित अंतरराज्यीय बस स्टैंड का निर्माण चार करोड़ से किया गया है। इसमें मुख्य भवन सहित सात टिकट काउंटर, एक इंक्वारी कार्यालय बनाया गया है। परिसर में 48 दुकान का भी निर्माण किया गया है। महिला और पुरुष के लिए बेहतर शौचालय का निर्माण किया गया है। इसमें एक साथ 20 बसों की पार्किंग की सुविधा है।

**स्टेडियम :** जिला मुख्यालय स्थित सदर हॉस्पिटल के सामने कन्या मध्य विद्यालय के मैदान में सात करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण किया गया है। इस फुटबॉल स्टेडियम में दो गैलरी भवन, एक पवेलियन भवन दो तल्ला का निर्माण किया गया है। गैलरी एक और गैलरी दो में आठ कमरा (प्लेयर्स रूम), दो महिला प्रसाधन, दो पुरुष प्रसाधन, दो बाथरूम का निर्माण किया गया है। स्टेडियम ग्राउंड की लंबाई 168 मीटर और चौड़ाई 105 मीटर है।

**नीलांबर-पीतांबर बहुउद्देशीय संस्कृतिक भवन (टाउन हॉल) :** गढ़वा जिला मख्यालय में चिनियां मोड़ के समीप स्थित गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में नीलांबर पीतांबर बहुउद्देशीय संस्कृतिक भवन (टाउन हॉल) का निर्माण सात करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। टाउन हॉल की लंबाई 24.95 मीटर और चौड़ाई 22 मीटर है। यह पूरी तरह से वातानुकूलित हॉल है। टाउन हॉल परिसर में स्वतंत्रता सेनानी नीलांबर, पीतांबर की आदमकद प्रतिमा स्थापित की गयी है। साथ ही सिक्योरिटी रूम, पैनल रूम का भी निर्माण किया गया है। इसमें कार्यक्रम आयोजित करने सहित ठहरने का भी बेहतर प्रबंध है।

**बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क :** जिला मुख्यालय के कल्याणपुर में नवनिर्मित समाहरणालय भवन के ठीक सामने बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क का निर्माण किया गया है। लगभग छह एकड़ एरिया में 15 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस पार्क में हेलीपैड के साथ-साथ धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की सात फीट ऊंची आदमकद प्रतिमा स्थापित की गयी है।

# संथाल से चुनावी बिगुल फूंकेंगी कल्पना सोरेन!

**बरहेट प्रखंड अध्यक्ष राजाराम मरांडी ने बैठक में दी जानकारी 10 मार्च को न्याय मार्च में शामिल होंगी, कार्यकर्ताओं संग बैठेंगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड की राजनीति में शिबू सोरेन परिवार की एक और सदस्य की राजनीति में इंट्री होनेवाली है। आप कल्पना कर सकते हैं कि आखिर वह सदस्य कौन है। वह सदस्य हैं कल्पना सोरेन। पति हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद वह फ्रंट पर आकर अब सियासत करनेवाली हैं। दस मार्च को बरहेट से वह चुनावी बिगुल फूंक सकती हैं। चर्चा है कि लोकसभा चुनाव में वह झामुमो की स्टार प्रचारक भी होंगी। बरहेट हेमंत सोरेन का विधानसभा क्षेत्र है। वह वहां कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी चुनाव को लेकर विचार विमर्श भी कर सकती हैं। पिछले पांच दशक से अधिक समय से राजनीतिक तौर पर सक्रिय शिबू सोरेन के परिवार में कल्पना कभी एक्टिव नहीं रहीं, लेकिन अब ये लगभग तय है कि पति के जेल जाने के बाद वह फ्रंट में आकर राजनीति में अपनी भूमिका अदा करेंगी। हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन हर कदम पर अपने पति के साथ हैं। इन दिनों वह पति हेमंत सोरेन के सोशल मीडिया की कमान भी संभाल रही हैं। हेमंत सोरेन जब तक जनता के बीच लौटकर नहीं आते हैं, तब तक कल्पना मुर्मू सोरेन ही हेमंत सोरेन का ट्विटर हैंडल करेंगी। कल्पना हमेशा हेमंत के साथ ढाल बनकर खड़ी नजर आयी हैं। वह पति से साथ कदम से कदम मिलाकर चलती दिखती हैं। उन्होंने कहा भी है कि पुरुखों ने अन्याय और दमन के खिलाफ हूल और उलगुलान किया था, अब फिर वह वक्त आ गया है। सोशल मीडिया पर लगातार पोस्ट कर निशाना भाजपा पर साध रही हैं। संथाल से चुनावी शंखनाद करने से फायदा सीधा पार्टी को होगा। कल्पना सोरेन अब तक तो सामाजिक कार्यों में सक्रिय थीं, लेकिन अब राजनीतिक रूप से भी मैदान में उतरेंगी। यह पहला मौका होगा कि जब हेमंत सोरेन के बिना चुनावी मैदान में उतरेंगी। बताया जा रहा है कि कल्पना सोरेन बरहेट में न्याय यात्रा समेत और कई कार्यक्रम में भाग ले सकती हैं। इसे लेकर झामुमो प्रखंड कार्यालय बरहेट में प्रखंड अध्यक्ष राजाराम मरांडी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें हेमंत सोरेन की रिहाई को लेकर न्याय यात्रा के बारे में विमर्श किया गया।

# धनबाद मेडिकल कॉलेज में आग, नवजात की मौत

**आठ बच्चों को परिजनों ने दूसरे अस्पताल में किया शिफ्ट**

**डायलिसिस सेंटर में शॉर्ट सर्किट से हादसा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में शुक्रवार देर रात आग लग गयी। आग डायलिसिस सेंटर में लगी और देखते ही देखते पूरे वार्ड को अपनी चपेट में ले लिया। पूरे वार्ड में धुआं भर गया। नियो नेटाल केयर यूनिट में भर्ती एक नवजात की मौत की भी सूचना है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन ने इसकी पुष्टि नहीं की है। इधर, अफरा-तफरी के बीच आठ बच्चों के परिजन उन्हें लेकर चले गये। बाद में जानकारी मिली कि बच्चों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग लगने से पास के पेडियाट्रिक, गाइनी, मेल मेडिसिन, आइ एंडइएनटी, ऑर्थोपेडिक्स और दूसरे विभागों में भी धुआं भरने लगा। इसके बाद भगदड़ मच गयी। मरीज और कर्मचारी इधर-उधर भागने लगे। परिजनों ने अपने मरीजों को ग्रिल तोड़कर बाहर निकाला। आग लगने की घटना की जानकारी मिलने पर सरायढेला थाने की पुलिस पहुंची। जवानों ने अस्पताल में तैनात आउट सोर्स कर्मियों के साथ मिलकर मरीज और उसके परिजनों को बाहर निकाला। करीब 2 घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। एसडीएम उदय रजक वार्डों की स्थिति और मरीजों की सुरक्षा का जायजा लिया। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की वजह माना जा रहा है।

# रांची में पिछड़ा वर्ग महासम्मेलन का आयोजन 10 को : ब्रह्मदेव प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पिछड़ा वर्ग एकता अधिकार मंच का महासम्मेलन 10 मार्च को राजधानी में होगा। छोटानागपुर प्रमंडलीय महासम्मेलन को लेकर शनिवार को मोरहाबादी मैदान के बापू वाटिका से जागरूकता अभियान रथ को केंद्रीय अध्यक्ष ब्रम्हदेव प्रसाद ने रवाना किया। केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जागरूकता रथ के माध्यम से गांव-गांव जाकर पिछड़ा वर्ग के वंचित, शोषित, पीड़ित भाइयों को राजनीतिक, आर्थिक, शैक्षणिक रूप से जगाया जायेगा। सभी शिक्षा संस्थानों में जनसंख्या के आधार पर भागीदारी होनी चाहिए। यह लड़ाई तब तक लड़ी जायेगी, जब तक मांग को सरकार मान नहीं लेती है। कहा



कि आज सभी पिछड़ा समाज को राजनीतिक रूप से जागने की आवश्यकता है। सभी सरकारों ने ओबीसी समाज को ठगने का कार्य किया है। सरकार से मांग करता हूं कि राज्य के अंदर जो नगर निकाय चुनाव होना है, उसमें पिछड़ा समाज का आरक्षण निर्धारित करते हुए चुनाव कराये, ताकि पिछड़ा समाज की भागीदारी हो सके। बताते चलें कि 11 फरवरी को पलामू में प्रमंडलीय महासम्मेलन का आयोजन कर मंच ने अपनी ताकत दिखायी थी। इसमें 30 हजार से अधिक लोगों ने अपनी भागीदारी निभायी थी।

**इनकी रही मौजूदगी :** शकुंतला जयसवाल, छोटेलाल साहू, विजय साहू, वरुण विहारी यादव, गोरखनाथ यादव, राजीव जयसवाल, राकेश गुप्ता, कपिलदेव रावत, विमलेश कुमार, नवजीवन यादव, पिंटू यादव, विनोद कुमार सहित सैकड़ों ओबीसी के सदस्य मौजूद थे।

www.epaper.azadsipahi.in

03 मार्च, 2024
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 133




झारखंड की 11 सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की घोषणा

# हजारीबाग से मनीष, लोहरदगा से समीर, राजमहल से ताला मरांडी और चाइबासा से गीता कोड़ा नया चेहरा

- चतरा, गिरिडीह और धनबाद होल्ड पर
- झारखंड में 13 सीटों पर भाजपा और एक पर आजसू उम्मीदवार
- लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की पहली लिस्ट जारी
- 18 राज्यों में 195 उम्मीदवारों के नाम घोषित

## रांची, खूंटी, जमशेदपुर, कोडरमा, पलामू, गोड्डा और दुमका में पुराने चेहरों पर दांव



अर्जुन मुंडा


अन्नपूर्णा देवी


संजय सेठ


विद्युत वरण महतो


निशिकांत दुबे


विष्णु दयाल राम


सुनील सोरेन


मनीष जयसवाल


समीर उरांव


ताला मरांडी


गीता कोड़ा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को भाजपा की पहली लिस्ट जारी की गयी। इनमें 195 प्रत्याशियों के नाम हैं। इनमें 28 महिलाएं, 47 युवा, 27 एससी, 18 एसटी और 57 ओबीसी प्रत्याशी हैं। झारखंड की 14 सीटों में से 11 पर भाजपा ने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। तीन सीट को होल्ड पर रखा गया है। भाजपा 14 लोकसभा सीटों में से 13 पर उम्मीदवार उतारेगी, जबकि एक सीट अपने सहयोगी आजसू के लिए छोड़ेगी। नयी दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे।

पहली सूची में उत्तरप्रदेश की 51, पश्चिम बंगाल की 20, मध्यप्रदेश की 24, गुजरात की 15, राजस्थान की 15, केरल की 12, झारखंड की 11, तेलंगाना की नौ, असम की 11, दिल्ली की पांच, जम्मू-कश्मीर की दो, उत्तराखंड की तीन, अरुणाचल की दो, गोवा की एक, त्रिपुरा की एक, अंडमान की एक, दमन और दीव की एक सीट शामिल हैं।

**झारखंड में चार सीटों पर नये चेहरे पर दांव:** झारखंड में इस बार चुनाव में भाजपा ने चार सीटों पर नये चेहरे को उम्मीदवार बनाया है। हजारीबाग से मनीष जयसवाल, लोहरदगा से समीर उरांव, राजमहल से ताला मरांडी और चाइबासा से गीता कोड़ा को चुनावी मैदान में उतारा है। ये सभी 2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी नहीं थे। वहीं, मनीष जयसवाल अभी विधायक हैं, ताला मरांडी भाजपा के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं और समीर उरांव अभी राज्यसभा सांसद हैं। हजारीबाग से वर्तमान सांसद जयंत सिन्हा ने राजनीति से किनारा का एलान कर दिया है। वहीं, लोहरदगा से वर्तमान सांसद सुदर्शन भगत का टिकट कट गया है। पिछले चुनाव में राजमहल से भाजपा प्रत्याशी हेमलाल मुर्मू झामुमो में चले गये हैं, तो चाइबासा सीट पर पिछली बार भाजपा के प्रत्याशी स्व. लक्ष्मण गिलुआ थे। उन्हें कांग्रेस की टिकट पर गीता कोड़ा ने हराया था। गीता कोड़ा पिछले दिनों कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हुई हैं।

**झारखंड में सात सीटों पर पुराने खिलाड़ी मैदान में:** भाजपा ने झारखंड में सात सीटों पर पुराने खिलाड़ी को ही मैदान में उतारा है। खूंटी से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, कोडरमा से केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, रांची से संजय सेठ, जमशेदपुर से विद्युत वरण महतो, गोड्डा से निशिकांत दुबे, पलामू से विष्णु दयाल राम और दुमका से सुनील सोरेन को टिकट दिया गया है। ये सभी पिछले चुनाव में प्रत्याशी थे। इनमें से सभी सीटों पर जीत हासिल करते हुए वर्तमान में सांसद हैं।

### तीन सीट की अभी नहीं हुई है घोषणा

भाजपा ने चतरा, गिरिडीह और धनबाद लोकसभा सीट की घोषणा नहीं की है। भाजपा 13 सीटों पर प्रत्याशी देगी। एक सीट पर सहयोगी दल आसजू का उम्मीदवार होगा। गिरिडीह सीट पिछले चुनाव में आजसू को दी गयी थी। यहां से आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी सांसद हैं। इस बार भी यह सीट आजसू को दी जायेगी। प्रत्याशी के नाम की घोषणा आजसू ही करेगा। इसलिए भाजपा को चतरा और धनबाद सीट पर प्रत्याशी का चयन करना है। वर्तमान में भाजपा के चतरा से सुनील सिंह और धनबाद से पीएन सिंह सांसद हैं। अब भाजपा यहां नया उम्मीदवार देती है या फिर इन्हें ही टिकट देती है, इस पर निर्णय आना है।

## मध्यप्रदेश पहुंची कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा

**मुरैना।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की मध्यप्रदेश में एंट्री हो गयी है। शनिवार को वे राजस्थान के धौलपुर से मुरैना जिले की सीमा में पहुंचे। उनकी ये यात्रा एमपी में पांच दिन रहेगी। मुरैना के डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा और आरएसएस देश में नफरत, हिंसा और डर फैला रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि देश में अलग-अलग तरह के अन्याय हो रहे हैं। इसलिए हमने अपनी इस यात्रा में न्याय शब्द जोड़ा है। राहुल गांधी ने कहा कि देश में कांग्रेस की सरकार बनने पर किसानों को लीगल एमएसपी दी जायेगी।




Ph.D. Awarded



By order of the Vice Chancellor, Radha Govind University, Ramgarh, Jharkhand, **Mr. Shiv Pratap Verma,** S/O Late Shri Binay Kumar Verma, Flat No.-202, Saroj Apartments Kilburn Colony, Hinoo, Ranchi (Jharkhand) is declared to have passed the Doctor of Philosophy (Faculty of Commerce & Management) examination held in the month of January 20.01.2024 on the topic **-HRM- A case Study of how organizations operate in education & recruitment** under the guidance of Dr. Garigipati Sudhir, Assistant Professor, Radha Govind University, Ramgarh, Jharkhand.

विधानसभा का बजट सत्र समाप्त, मुख्यमंत्री ने दिया जवाब

## सीएनटी में धारा-49 को खत्म करने की साजिश : चंपाई

- भाजपा पर साधा निशाना, राज्य विकास की रखी बात



### चंपाई सोरेन की मुख्य बातें

- पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कमी हो रही महसूस
- न खाता न बही, हमारे हेमंत को जेल में डाल दिया
- ग्रामसभा को खत्म करने की साजिश चल रही है
- जमीन को बचाने के लिए दिल्ली तक जायेंगे
- एक कदम तो उठाना होगा, नहीं तो यहां जमीन ही खत्म हो जायेगी
- ये झारखंड नहीं, आदिवासी-मूलवासी को खत्म करने की साजिश रच रहे
- धनबाद को बचाना है तो मोदी को हटाना होगा
- ये लोग किस तरह का विकास की बात करते हैं, समझ में नहीं आता है
- अब फिर से जनता के बीच जाने का समय आ गया है
- सरकार स्थानीय को नियोजन देने के लिए गंभीर, मगर ये लोग टांग अड़ा रहे हैं
- जो लोग ओबीसी का आरक्षण 27 से 14% किया, वे लोग क्या ओबीसी की बात करेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शनिवार को समाप्त हो गया। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सत्र के आखिरी दिन सरकार की ओर से सदन को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज झारखंड मुक्ति मोर्चा सहित गठबंधन के तमाम सदस्य हेमंत सोरेन कमी महसूस कर रहे हैं। केंद्र सरकार वन अधिकार कानून में संशोधन करने जा रही है, जिसका हमलोगों ने विरोध किया है। केंद्र को इसको लेकर पत्र भी लिखा है। केंद्र सरकार ग्राम सभा को भी खत्म करने का प्रयास कर रही है। राज्य की इस दशा का जिम्मेवार भाजपा ही है। ये लोग केवल आदिवासी मूलवासी के विकास की बात करते हैं। जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं होता है। कोयलांचल को लेकर भी एक संशोधन का बिल लाया है। केंद्र सरकार कोयलांचल से रैयतों का अधिकार खत्म करने जा रही है। केंद्र सरकार कोलांचल में लीज को लेकर नया नीति लाने जा रही है, जो रैयतों के लिए ठीक नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा को आदिवासियों के बारे में बात करने का नैतिक अधिकार नहीं है। झारखंड में सीएनटी में धारा-49 को खत्म करने की साजिश चल रही है। सीएनटी एक्ट खत्म हुआ तो आदिवासी मूलवासी खत्म हो जायेंगे।

## जयंत सिन्हा ने राजनीति से लिया संन्यास


- भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को लिखी चिट्ठी
- भारत और दुनिया में जलवायु परिवर्तन पर करना है काम



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** भाजपा लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गयी है। भाजपा ने लोकसभा चुनाव की पहली सूची भी जारी कर दी है। सूची जारी होने से पहले हजारीबाग से भाजपा के सांसद जयंत सिन्हा ने राजनीतिक संन्यास लेने का एलान किया है। उन्होंने लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का इरादा जाहिर किया। इसकी जानकारी जयंत सिन्हा ने अपने एक्स अकाउंट पर दी थी। इस बारे में उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखा है।

**पार्टी अध्यक्ष से की अपील:** हजारीबाग सांसद ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि मैंने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से अपील की है। मुझे मेरे प्रत्यक्ष चुनावी कर्तव्यों से मुक्त करें, ताकि मैं भारत और दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन से निपटने पर अपने प्रयासों पर ध्यान केंद्रित कर सकूं। उन्होंने यह भी कहा कि मैं आर्थिक और शासन संबंधी मुद्दों पर पार्टी के साथ काम करना जारी रखूंगा। मुझे पिछले दस वर्षों से भारत और हजारीबाग के लोगों की सेवा करने का सौभाग्य मिला है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से कई अवसरों पर आशीर्वाद भी मिले हैं।




## दुमका में स्पेनिश टूरिस्ट से गैंगरेप

- पति के साथ दुमका में टेंट लगा कर सो रही थी
- तभी सात-आठ बदमाशों ने उसके साथ किया दुष्कर्म
- खुद बाइक चला कर हॉस्पिटल पहुंची



**आजाद सिपाही संवाददाता**

दुमका। झारखंड के दुमका में शुक्रवार देर रात स्पेन की महिला से गैंगरेप हुआ। वारदात कुरमाहाट इलाके में हुई। स्पेनिश महिला टूरिस्ट वीजा पर भारत आयी है। महिला की उम्र 30 साल है। महिला दुमका में अपने पति के साथ घूम रही थी। रात होने पर पति के साथ एक खेत में टेंट लगा कर आराम कर थी, तभी उसके साथ वारदात हुई। विरोध करने पर बदमाशों ने दंपति के साथ मारपीट भी की। गैंगरेप में कुंजी गांव के सात-आठ युवकों के शामिल होने की बात सामने आयी है। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। वारदात के बाद महिला खुद बाइक चला कर स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। उधर, बजट सत्र के आखिरी दिन विधानसभा में भी यह मामला उठा। भाजपा विधायक अमित मंडल ने इसे प्रदेश के साथ-साथ देश की बदनामी बताया।

**बाइक से घूम रहा थे स्पेनिश दंपतिः** स्पेन से आये पति-पत्नी पहले पाकिस्तान गये थे। वहां से बांग्लादेश होते हुए झारखंड के दुमका पहुंचे थे। महिला अपने पति के साथ बाइक से टूर पर निकली है। दोनों दुमका होते हुए भागलपुर की ओर जा रहे थे, लेकिन रात होने पर हंसडीहा बाजार से पहले एक सुनसान जगह पर टेंट लगा कर सो गये। इसी दौरान आसपास के कुछ युवक वहां पहुंचे और उन्होंने महिला के साथ गैंगरेप और मारपीट की।

**पुलिस को महिला के कपड़े खेत में मिलेः** पुलिस के मुताबिक रात करीब 10.30 बजे पुलिस की गश्ती टीम को महिला ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। पुलिस ने जब सर्च अभियान चलाया तो अरहर के खेत में महिला के कपड़े मिले। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला के साथ गैंगरेप की पुष्टि की गयी है। मामले की जांच के लिए जरमुंडी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया गया है।

**महिला खुद बाइक चला कर जांच के लिए अस्पताल पहुंची :** सुबह पुलिस घटनास्थल की पड़ताल करने के लिए पहुंची। पुलिस की टीम के साथ फोरेंसिक एक्सपर्ट्स की टीम भी जांच करने के लिए घटनास्थल पर पहुंची। उधर, पीड़ित विदेशी महिला खुद बाइक चला कर दुमका के फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल जांच के लिए पहुंची। पुलिस की टीम उसे एस्कॉर्ट करके लायी।

### दोषियों को सख्त सजा मिलेः भाजपा

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह बहुत दुखद घटना है। मैंने डीजीपी से सुबह ही बात की है। पीड़ित का इलाज होना चाहिए। दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही दोषी पुलिस अफसरों को सस्पेंड कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं विधानसभा में मामले को उठाते हुए भाजपा विधायक अमित मंडल ने जांच कमेटी बनाने की मांग और दुमका के एसपी को तत्काल हटाने की मांग की। सांसद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मेरे लोकसभा गोड्डा के हंसडीहा थाना क्षेत्र में स्पेन की एक महिला यात्री के साथ बलात्कार की दुखद घटना हुई है। झामुमो की सरकार ने संथाल परगना में बिना ट्रेनिंग लिये सभी जगह पुलिस पदाधिकारियों की पोस्टिंग कर हत्या, लूट, बलात्कार को पिछले चार साल में बढ़ावा दिया है। पूरे संथाल परगना के पुलिस-प्रशासन को तुरंत बदल कर पुलिसवालों को ही जेल भेजना चाहिए।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

189200 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+

12 Crore + Watch Time (min)

YouTube Channel

Channel

Subscribe NOW


**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.8 °c | 14.7 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.52 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.09 बजे |


आजाद सिपाही

रांची, रविवार, 03 मार्च, 2024

www.azadsipahi.in




## महत्वपूर्ण खबरें

### फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में फ्रेशर्स डे



रांची (आजाद सिपाही)। इरबा स्थित फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में शनिवार को फ्रेशर्स डे और फेयरवेल का आयोजन किया गया। मौके पर संस्थान के न्यू पारा मेडिकल और फार्मेसी के छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। वहीं फेयरवेल भी दिया गया। इसमें छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक गीत और नृत्य ने सबको झुमाया। कौंसिल परीक्षा में उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। मौके पर जीनत कौशर, डॉ नाजनीन कौसर, डॉ शाहीन कौशर, शिखा श्रीवास्तव, आलिया खान, सत्यप्रकाश हिमांशु, मजहर अंसारी, प्रफुल्लित, शकील परवेज, प्रियातोष रंजन, हाजी मंसूर, शबाना, सादिक अंसारी, शाहनवाज, अद्रिजा सरकार समेत अन्य मौजूद थे।

### टीआरएल संकाय में पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन की सफलता पर बैठक



रांची (आजाद सिपाही)। जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय में पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन की सफलता पर समन्वयक डॉ हरि उरांव के नेतृत्व में बैठक की गयी। डॉ हरि उरांव के जन्मदिन पर बधाई भी दी गयी। कहा गया कि टीआरएल संकाय के स्थापना के 43 वर्ष में पहली बार पूर्ववर्ती छात्रों का सफल सम्मेलन होना अपने आप में एक इतिहास है। शिक्षकों ने कहा कि समन्वयक डॉ हरि उरांव ने अपने बेहतरीन सूझबूझ से यह साबित कर दिया कि इच्छाशक्ति हो तो कोई भी काम असंभव नहीं। मौके पर डॉ सबिता केसरी, डॉ खालिक अहमद, डॉ उमेश नंद तिवारी, डॉ गीता कुमारी सिंह, डॉ मनय मुंडा, कुमारी शशि, बंधु भगत, डॉ मेरी एस सोरेंग, डॉ बीरेंद्र कुमार महतो, डॉ रीझू नायक, डॉ किशोर सुरीन समेत अन्य मौजूद थे।

### डीएसपीएमयू के प्लेसमेंट विभाग में कार्यशाला




रांची (आजाद सिपाही)। उन्नति ग्लोबल कनेक्ट प्राइवेट लिमिटेड और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के स्नातक-स्नातकोत्तर छात्रों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एनआइटी के डॉ केपी दत्ता, अंकित कुमार, एसएम अब्बास मौजूद थे। उन्होंने कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डाला। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके करियर विकल्पों और रोजगार की तैयारी की जानकारी प्रदान करना था। कुलपति तपन कुमार शांडिल्य, कुलसचिव नमिता सिंह, पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

### आदिवासी मूलवासी संगठनों ने डमी इवीएम को फूंका




रांची (आजाद सिपाही)। आदिवासी मूलवासियों ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग तेज कर दी है। सामाजिक संगठन इवीएम मशीन का विरोध कर रहे है। इसे लेकर संगठनों ने इवीएम की डमी बना कर उसका दहन किया। साथ ही चुनाव आयोग और केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर इवीएम वोटिंग का विरोध किया। उन्होंने इवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग की। सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, प्रेमशाही मुंडा, लक्ष्मीकांत मुंडा ने कहा कि आखिर क्या वजह है जो चुनाव आयोग बैलेट पेपर से चुनाव नहीं कराना चाह रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि यदि पृथ्वी से हजारों मील दूर चंद्रमा पर चंद्रयान को उतारा और नियंत्रित किया जा सकता है, तो इस इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस में दर्ज डाटा को दूर बैठ कर प्रभावित क्यों नहीं किया जा सकता। मौके पर नदीम खान, प्रकाश हंस, कैलाश उरांव, मुन्ना उरांव, निरजना हेरंज टोप्पो, राहुल तिर्की, संदीप तिर्की, विजय बड़ाइक, रंजू, शिवा कच्छप, परमेश्वर, सलीना लकड़ा, रमेश चंद उरांव, लाला महली समेत अन्य मौजूद थे।

### सीएमपीडीआइ और कोशिश के बीच एमओयू



रांची (आजाद सिपाही)। सीएमपीडीआइ के सीएसआर के तहत मानसिक रूप से दिव्यांग छात्रों को यातायात के लिए हल्के वाहन उपलब्ध कराने के लिए कोशिश एनजीओ के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। सीएमपीडीआइ के महाप्रबंधक आरके महापात्रा, कोशिश की सचिव दीपा चौधरी के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। इस परियोजना के तहत सीएमपीडीआइ द्वारा कोशिश एनजीओ को एक नाइन सीटर वाहन प्रदान किया जायेगा। इससे कोशिश के लगभग 40 बौद्धिक रूप से अक्षम बच्चे परिवहन-नियमित आवाजाही का लाभ उठा सकेंगे।

# जेएसएससी पीजीटी परीक्षा का रिजल्ट जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग ने स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता 2023 के परिणाम जारी कर दिये हैं। आयोग ने रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान के पदों पर मेधा सह विकल्प के आधार पर अनुक्रमांकवार रिजल्ट जारी किये हैं। आयोग शेष विषयों के परीक्षा परिणाम भी जल्द जारी करेगा। छात्र परीक्षा के परिणाम आधिकारिक बेवसाइट पर चेक कर सकते हैं। बता दें कि 18 अगस्त 2023 से 10 सितंबर 2023 तक स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी।

**218 अभ्यर्थी हुए पास, 27 का रिजल्ट रूका :** स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा के रसायन शास्त्र में 218 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है। आयोग ने 27 अभ्यर्थियों के परीक्षा परिणाम को रोक लिया है। कहा गया है कि स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक रसायन शास्त्र में अधियाचित रिक्तियों मामले में शैक्षणिक अर्हता और अन्य कारणों से परिणाम को रोका गया है। कहा है कि मनोज वर्मा एवं अन्य बनाम झारखंड सरकार एवं अन्य में हाइकोर्ट से पारित अंतरिम आदेश को देखते हुए स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा के तहत की गयी कोई भी नियुक्ति हाइकोर्ट के अंतिम आदेश से प्रभावित होगी।

### सीएम ने उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को बधाई दी

सीएम चंपाई सोरेन से सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी। चंपाई सोरेन ने एक्स पर लिखा कि अपनी लगन और कड़ी मेहनत से स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 में उत्तीर्ण हुए सभी अभ्यर्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं। झारखंड की अगली पीढ़ी को शिक्षित बनाने में आप लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। आइये, साथ मिलकर बेहतर झारखंड बनाते हैं।

# सीएम को श्री शिव बारात में शामिल होने का न्योता



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति पहाड़ी मंदिर मुख्य द्वार रांची का एक प्रतिनिधिमंडल मिला। इस अवसर पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 8 मार्च 2024 को महाशिवरात्रि पूजा के अवसर पर आयोजित होनेवाली शिव बारात में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने प्रतिनिधिमंडल से महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित होनेवाले शिव बारात के आयोजन को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। मौके पर श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति पहाड़ी मंदिर के नंद किशोर सिंह चंदेल, गुलशन मिड्ढा सहित अन्य उपस्थित थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा। धन प्राप्ति के प्रयासों में सफलता मिलेगी।
- **वृष** — पढ़ाई-लिखाई और चिन्तन-मनन में रूचि बढ़ेगी, आशाएं बलबती होंगी, लाभकारी प्रयास सफल होगा।
- **मिथुन** — रोजगार की दिशा में कार्यों की अधिकता रहेगी, आर्थिक प्रयोजन सिद्ध होंगे, गुप्त विरोधियों का षड़यंत्र विफल होगा।
- **कर्क** — अध्ययन,अध्यवसाय,भाषण-प्रवचन के कार्य में रूचि बढ़ेगी, व्यापार-व्यवसाय में सफलता।
- **सिंह** — आमदनी होने पर भी वचत की कमी दिखाई देगी। रूकावट दूर होकर सफलता की ओर अग्रसर होंगे।
- **कन्या** — सरकारी उच्चाधिकारियों पर आपकी प्रभाव शक्ति बढ़ेगी, नई आशाओं का उदय होगा।
- **तुला** — आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे किन्तु पारिवारिक दायित्व निर्वहन में खर्च अधिक करना पड़ेगा।
- **वृश्चिक** — बुद्धि-कौशल से हर जगह प्रशंसा प्राप्त करेंगे, चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी, बिजनेस में शुभ परिवर्तन।
- **धनु** — शुभ-समाचार की प्राप्ति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।
- **मकर** — रहन-सहन, भोजन-शयन तथा निवास स्थान का उत्तम सुख मिलेगा, आत्मविश्वास में वृद्धि।
- **कुंभ** — स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा, आमदनी में वृद्धि होगी, नया परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा।
- **मीन** — अपने काम के प्रति ही समर्पित रहें,कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

# सेंट जेवियर्स कॉलेज में 'इमर्जिंग ट्रेंड्स इन साइंटिफिक रिसर्च' पर व्याख्यान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची के जंतु विज्ञान विभाग ने आइक्यूएसी अकादमिक सहयोग पहल के तहत शनिवार को 'इमर्जिंग ट्रेंड्स इन साइंटिफिक रिसर्च' पर एक आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन किया। वर्जीनिया टेक्निकल यूनिवर्सिटी के निदेशक प्रो डॉ सुनील कुमार सिन्हा ने अपने शोध कार्य एवं विचारों को विद्यार्थियों से साझा किया। उन्होंने भूमिगत जल और उसके संरक्षण की उपयोगिता को डेटा साइंस और आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस के परस्पर उपयोग की महत्ता पर प्रकाश डाला और आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों की जिज्ञासा को और प्रश्नों को गंभीरतापूर्वक सुना और सुलझाया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और शिक्षाविदों के लिए संयुक्त शैक्षणिक अनुसंधान, संयुक्त कार्यशालाओं और व्यावसायिक विकास कार्यक्रम के क्षेत्रों में ज्ञान और कौशल प्रदान करने के लिए एक व्यापक साझेदारी की सुविधा प्रदान करना भी था। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य फादर डॉ नाबोर लकड़ा, विभागाध्यक्ष डॉ भारती रायपत और रेक्टर डॉ अलेक्स एक्का, प्रो डॉ शिव कुमार, डॉ रितेश शुक्ला, डॉ प्रिया श्रीवास्तव, डॉ मनोज, डॉ पीपस, प्रो रितेश सिंह, प्रो कमलदीप, प्रो अजय, प्रो सेन, प्रो संयुक्ता कुमार, प्रो मौली और चार सौ छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस तरह के कार्यक्रम की आवश्यकता पर जोर देते हुए प्राचार्य ने कहा कि अच्छी तरह से शिक्षित एवं योग्य युवाओं को विकसित करना शिक्षा और उद्योग दोनों की जिम्मेदारी है। यह कार्यक्रम युवा शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों को प्रभावित करने वाली उभरती प्रौद्योगिकियों का विश्लेषण और मिलान करने के लिए आवश्यक कौशल सेट और योग्यता से लैस करने में मदद करेगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रिया श्रीवास्तव ने किया, जबकि डॉ भारती रायपत ने स्वागत भाषण दिया और इस प्रयास का हिस्सा बनने पर प्रसन्नता व्यक्त की। मौली ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# आक्रोश का खामियाजा केंद्र को भुगतना पड़ेगा : झामुमो

**कोडरमा के झामुमो कार्यकर्ताओं ने रखा उपवास**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झामुमो ने रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष 16वें दिन शनिवार को झामुमो कोडरमा जिलाध्यक्ष बीरेंद्र पांडेय की अध्यक्षता में उपवास रखा।

मौके पर रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि आज हम 16वें दिन उपवास पर बैठे हैं और जब तक हेमंत सोरेन को न्याय नहीं मिलता है, तब तक इसी तरीके से अपना कार्यक्रम जारी रखेंगे। पंचायत में भी न्याय यात्रा कर रहे हैं। पूरा झारखंड ही उनके लिए न्याय की गुहार लगा रहा है। झारखंड के लोगों में जो आक्रोश है, उसका खामियाजा केंद्र की सरकार को चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

झामुमो कोडरमा जिलाध्यक्ष ने कहा कि हेमंत सोरेन को केंद्र सरकार की ओर से जबरन प्रताड़ित करने के विरोध में चल रहे उपवास कार्यक्रम में आये हैं। इसके साथ पंचायत में भी न्याय यात्रा के माध्यम से कार्यकर्ता लोगों को बता रहे हैं कि किस तरीके से हेमंत सोरेन को फंसाया गया।

**सिविल सेवा परीक्षा: आज भी ऑनलाइन आवेदन**

# 17 मार्च को होगी प्रारंभिक परीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेपीएससी संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी गयी है। अब योग्य अभ्यर्थी 3 मार्च शाम पांच बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पहले आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 फरवरी थी। परीक्षा शुल्क भुगतान की तिथि भी तीन मार्च कर दी गयी है। वहीं प्रारंभिक परीक्षा की तिथि भी फाइनल कर दी गयी है। विभिन्न केंद्रों पर 17 मार्च को पीटी की परीक्षा ली जायेगी। अनारक्षित श्रेणी, इडब्ल्यूएस, इबीसी और ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवारों को 100 रुपये शुल्क देना होगा, जबकि आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को 50 रुपये आवेदन शुल्क लगेगा।

**ग्रेजुएशन की डिग्री अनिवार्य :** जेपीएससी संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा में आवेदन करने के लिए उम्मीदवार के पास स्नातक की डिग्री होनी चाहिए। आयु सीमा अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए 21 से 35 साल, इबीसी-बीसी के लिए 21 से 37 साल, एससी-एसटी के लिए 21 से 40 साल और महिला उम्मीवारों के लिए 21 से 38 साल निर्धारित है।

### जेएसएससी के सदस्य बने मोती जार्ज लकड़ा

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग में रिटायर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मोती जार्ज लकड़ा को सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। उनकी जन्म तिथि 19 मार्च 1963 की है। ऐसे में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग में पदभार ग्रहण की तिथि से अधिकतम पांच वर्ष या 65 वर्ष की उम्र के पहले जो हो, तब तक वह सदस्य के रूप में कार्यभार संभालेंगे। कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### 1250 करोड़ के अवैध खनन से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में आरोप गठन 14 मार्च को

रांची (आजाद सिपाही)। साहिबगंज में 1250 करोड़ के अवैध खनन से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में पंकज मिश्रा के सहयोगी भगवान भगत, टिंकल भगत और कृष्णा साहा के खिलाफ इडी कोर्ट में 14 मार्च को आरोप गठन होगा। इडी कोर्ट इन तीनों की याचिका खारिज कर चुका है। आरोप गठन के बाद इनके मामले में ट्रायल शुरू होगा। मामले में भगवान भगत, टिंकल भगत और कृष्णा साहा एवं अन्य के खिलाफ इडी ने इसीआइआर 4-2022 दर्ज किया है।

### आइएएस भुवनेश प्रताप सिंह विरमित

रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी भुवनेश प्रताप सिंह को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए विरमित कर दिया गया है। जैप आइटी में सीइओ पद पर पदस्थापित आइएएस अधिकारी की पोस्टिंग भारत सरकार में उप सचिव उद्योग संवर्द्धन और आंतरिक व्यापार विभाग में हुई है। कार्मिक विभाग ने पदभार त्याग करने की तिथि से ही उन्हें विरमित किया है।

# 13 जिला अपर न्यायाधीश की 500 रुपये वेतन वृद्धि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड वरीय न्यायिक सेवा से जिला न्यायाधीश के पद पर प्रोन्नति के बाद योगदान, प्रभार ग्रहण करने की तिथि से 13 जिला न्यायाधीशों की वेतन वृद्धि की है। इनकी वेतन वृद्धि मात्र 500 रुपये की गयी है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। सभी ने उक्त पद पर अक्टूबर 2023 में योगदान किया था। प्रोन्नति सितंबर माह में ही हो गयी थी।

### लैंड स्कैम के आरोपी की याचिका पर सुनवाई 6 को

रांची (आजाद सिपाही)। बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपी अफसर अली की डिस्चार्ज पिटीशन पर इडी कोर्ट में सुनवाई 6 मार्च को होगी। अफसर अली के खिलाफ मामले में आरोप पत्र दाखिल हो गया है और जांच पूरी हो गयी है। वह 14 अप्रैल 2023 से न्यायिक हिरासत में जेल में है। अब उस पर आरोप गठन की प्रक्रिया होनी है, जिसे देखते हुए उसकी ओर से डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की गयी। बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना की कब्जेवाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में इडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान, मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

### संतोष कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव: 48 का सलेक्शन



रांची (आजाद सिपाही)। संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के प्लेसमेंट सेल की ओर से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन महाविद्यालय प्रांगण में किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में टेंडर हार्ट, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, ग्रीनलैंड स्कूल, डीएवी नागेश्वर, विकास चिल्ड्रेन एकेडमी, कौलेश्वर इंटर कॉलेज, सेंट लॉरेंस, आरके एकेडमी, महात्मा गांधी स्मारक मध्य सह उच्च विद्यालय, संतोष नर्सरी, स्नेहकुल पब्लिक हाइ स्कूल, हेलो किड्स, बिशप वेस्टकोट गर्ल्स स्कूल पूर्णिया, डीपीएस हजारीबाग की उपस्थिति रही। आमंत्रित विद्यालय द्वारा कुल 48 विद्यार्थियों को चयनित करते हुए डेमो क्लास के लिए बुलाया गया। संस्थान की निदेशक डॉ रश्मि ने चयनित विद्यार्थियों के अग्रिम भविष्य की शुभकामना दी।

**सीआइएल इंटर कंपनी चेस टूर्नामेंट संपन्न**

# डब्ल्यूसीएल के स्वामीनाथन ने जीता खिताब

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सीएमपीडीआइ के रबींद्र भवन में तीन दिवसीय कोल इंडिया अंतर कंपनी चेस टूर्नामेंट का समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। निदेशक तकनीकी शंकर नागाचारी, अजय कुमार, सतीश झा, वरीय सलाहकार एके राणा, क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। डब्ल्यूसीएल के एन स्वामीनाथन ने टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। श्री स्वामीनाथन ने 7 अंकों में 6.5 अंक प्राप्त किया। अंतरराष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त एसइसीएल के प्रमोद बेहरा ने 6 अंक प्राप्त कर उप विजेता रहे। तृतीय स्थान एसइसीएल के बी शंकर ने टाइब्रेक पर सीएमपीडीआइ के चंद्रशेखर सबले को चौथे स्थान पर छोड़ा। 5वें से आठवें स्थान पर एससीसीएल के देव कुमार, एसइसीएल के महेंद्र मारी, सीएमपीडीआइ के संतोष कुमार चौधरी, डब्ल्यूसीएल के रजा मोहम्मद क्रमशः रहे। नौवें स्थान पर सीसीएल के विष्णु कुमार महतो और दसवां अशोक कुमार को प्राप्त हुआ। मौके पर टीम कोच नीरज कुमार मिश्र, आर्बिटर असित वरण चौधरी, हिमांशु विकास चक्रवर्ती, सुचेता चक्रवर्ती की देखरेख में मैच संपन्न हुआ।

### हत्यारे राहुल लाल को उम्रकैद की सजा

रांची (आजाद सिपाही)। हत्या मामले के दोषी राहुल लाल को अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनायी है। साथ ही उस पर 15 हजार का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर उसे दो साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। बता दें कि अभियुक्त राहुल पंडरा ओपी क्षेत्र के फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी है। उस पर पंडरा ओपी के विद्यानगर निवासी कमल कुमार की गोली मारकर हत्या करने का आरोप था। हत्या की इस घटना को 4 मई 2021 को अंजाम दिया गया था। घटना स्थल से पुलिस ने पिस्टल, कारतूस और चाकू बरामद किया था। इस घटना को लेकर मृतक के भाई ने गोंदा थाना में पांच मई 2021 को प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW




## बजट सत्र : मोदी पर सत्ता पक्ष गरम, विदेशी महिला से दुष्कर्म पर विपक्ष गरमाया

# विधानसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष का हंगामा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के आखिरी दिन सदन की कार्यवाही 11 बजकर 9 मिनट पर शुरू हुई। कार्यवाही शुरू होते ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों का हंगामा शुरू हो गया। हंगामे के बीच विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धनबाद आये थे। वहां वे पंचायत स्तर के नेता की तरह झारखंडवासियों को गाली देकर चले गये। इस पर सदन में चर्चा होना चाहिए। इसके बाद कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी और उमाशंकर अकेला बेल में आ गये। बीजेपी के भी विधायक बेल में आ गये और हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे के कारण स्पीकर रविंद्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इसके पहले भाजपा विधायक अमित मंडल ने हंसडीहा में विदेशी महिला के साथ घटी दुष्कर्म की घटना को उठाया। कहा कि इस मामले की लीपापोती में लोकल थाना और एसपी लगे हैं। संसदीय कार्य मंत्री एसपी की बर्खास्तगी और मामले की जांच कराने की पहल करें। यह गंभीर मामला है। इसी बीच प्रदीप यादव ने फिर पीएम मोदी द्वारा शुक्रवार को दिये गये भाषण को अशोभनीय बताया। भाजपा को माफी मांगनी चाहिए।

### स्मार्ट मीटर का मुद्दा उठा

बजट सत्र में शनिवार को भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने राज्य में लग रहे स्मार्ट मीटर का मुद्दा उठाया। विधायक की ओर से मुख्य रूप से स्मार्ट मीटर लगाये जाने के दौरान तार की खरीदारी और उपभोक्ताओं पर पड़ने वाले बोझ पर बल दिया गया। इस दौरान विभाग की ओर से जानकारी दी गयी कि नया स्मार्ट मीटर लगाने के लिए उपभोक्ताओं को निजी खर्च से तार नहीं देना है। इस संबंध में बिजली वितरण निगम की ओर से समय समय पर कैंप और समाचार पत्रों में विज्ञापन और खबर के माध्यम से लोगों को जानकारी दी गयी है। रांची में अब तक एक लाख 96 हजार स्मार्ट मीटर लगाये गये हैं।

### एचइसी का मुद्दा उठा

विधानसभा में सरकारी संकल्प के दौरान खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने एचइसी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि एचइसी कर्मियों को 20 माह से वेतन नहीं मिल रहा है। एचइसी की बदहाली के लिए केंद्र और भाजपा सरकार जिम्मेवार है। प्रभारी मंत्री डॉ रामेश्वर ने कहा कि इसमें सरकार कुछ नहीं कर सकती है। कंपनी को ही खाली और बिना इस्तेमाल होने वाली जमीन को वापस करना चाहिए। विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से राज्य सरकार से पांकी को अनुमंडल बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि पलामू जिला के मनातू, तरहसी और पांकी प्रखंड को मिलाकर पांकी को अनुमंडल का दर्जा देने के संबंध में सरकार को पहले से ही आवेदन मिला हुआ है।



### अंतिम दिन कई विधेयक पास

इंटरनेशनल विश्वविद्यालय विधेयक प्रवर समिति को
विधानसभा के बजट सत्र के सातवें और अंतिम दिन शनिवार को भोजनावकाश के बाद झारखंड जमाकर्ताओं के हितों का संरक्षण वित्तीय स्थापनाओं में अधिनियम 2011 सदन में पेश किया गया। यह विधयेक सदन से पास हो गया। इसके बाद इंटरनेशनल विश्वविद्यालय विधेयक 2024 सदन में पेश किया गया। यह विधेयक सदन से पास नहीं हुआ। विधायक विनोद सिंह और लंबोदर महतो की मांग पर इस विधेयक को प्रवर समिति के पास भेज दिया गया। झारखंड माल और सेवा कर संशोधन विधेयक 2024 सदन में पेश किया गया, जो सदन से पास हो गया। इसके बाद झारखंड लोक कार्य संविदा विवाद माध्यस्थम न्यायाधिकरण विधेयक 2024 सदन में पेश किया गया। यह भी सदन से पास हो गया।

### ऐतिहासिक विधेयक का कानून नहीं बनना विचारणीय : रबींद्रनाथ महतो



रांची। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि बजट सत्र पिछले चार वर्षों में हमारी उपलब्धियों को बताने के साथ-साथ विधान सभा के शेष बचे समय में निर्धारित कार्यों को भी प्रस्तुत करता है। वित्त मंत्री के द्वारा लंबी जनभागीदारी के उपरांत बजट की तैयारी की गयी। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए एक लाख अठाइस हजार नौ सौ करोड़ का बजट विधान सभा में प्रस्तुत किया गया, जो कि गत वर्ष से 10 प्रतिशत से अधिक है। प्रसन्नता हुई कि सरकार ने 2030 तक झारखंड को 10 ट्रिलियन रुपये की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। सरकार की योजनाएं समावेशी विकास के उसी मूलमंत्र से पिरोयी गयी हैं। इस सत्र में स्वीकृत अल्पसूचित प्रश्नों की संख्या 146, तारांकित प्रश्नों की 177 है। विभागों से 299 प्रश्नों के उत्तर प्राप्त हुए। शेष 24 प्रश्नों के उत्तर विभाग में लंबित हैं। ऑनलाइन प्रश्नोत्तर सूचना प्रणाली के माध्यम से 73.46 प्रतिशत उत्तर प्राप्त हुए हैं। चार वर्षों के दौरान हर संभव प्रयास किया कि अध्यक्षीय पीठ की गरिमा अक्षुण्ण रखी जाये। ऐतिहासिक विधेयक भी पारित कराये गये, परंतु कुछेक ऐसे महत्वपूर्ण विधेयक अभी तक कानून का रूप नहीं ले पाये हैं। यह एक विचारणीय विषय है। पंचम झारखंड विधान सभा को आगे इतिहास ऐसे भी याद रखेगा कि चुनी हुई सरकार को विधानसभा में स्पष्ट बहुमत के बावजूद तीन-तीन बार विश्वासमत हासिल करना पड़ा या शायद इसलिए भी कि एक पूर्व मुख्यमंत्री को बजट सत्र जैसे महत्वपूर्ण सत्र में भाग लेने से वंचित कर दिया गया, जो संसदीय इतिहास में एक विरल उदाहरण है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### लंबोदर महतो ने कहा, पारा शिक्षकों की तरह हो अनुबंधकर्मियों की सेवा



रांची (आजाद सिपाही)। गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने जेएसएलपीएस कर्मी, आंगनबाड़ी सेविकाएं, सहायिका, पोषण सखियां, जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया, मनरेगाकर्मी समेत अन्य अनुबंधकर्मियों की सेवा पारा शिक्षक की तरह करने की मांग की। उन्होंने यह मांग सदन में बजट सत्र के दौरान शून्य काल में की। उन्होंने कहा कि ये कर्मी बहुत कम मानदेय पर विगत कई वर्षों से सेवा दे रहे हैं। इसको देखते हुए इन कर्मियों की सेवा पारा शिक्षक की तरह किया जाना उचित होगा।

### सरहुल महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय




रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय कार्यालय में सरहुल पूजा महोत्सव को धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक की गयी। अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने की। सर्वसम्मति से सरहुल पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। 10 अप्रैल को उपवास-केकड़ा मछली पकड़ना, 11 अप्रैल को उपवास, केकड़ा मछली पकड़ना और सरना घड़ा में पानी रखा जायेगा। 12 अप्रैल को फुलखोंसी कार्यक्रम होगा। फूलचंद तिर्की ने कहा कि सरहुल पूजा महोत्सव को बिहार की तर्ज पर राजकीय पर्व घोषित किया जाये। पूर्व अध्यक्ष अजय लिंडा, महासचिव संजय तिर्की, प्रमोद एक्का, पंचम तिर्की, विमल कच्छप, राजू उरांव, बुधराम उरांव, विनोद कच्छप, अजीत लकड़ा, सत्यनारायण लकड़ा, बाना मुंडा, जयराम किस्पोट्टा और अन्य शामिल थे।

### इ-कॉमर्स नीति तुरंत घोषित करने की मांग

रांची (आजाद सिपाही)। छोटे व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए झारखंड कंज्यूमर प्रोडक्ट डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन ने वित्त मंत्रालय को पत्राचार कर इ-कॉमर्स नीति तुरंत घोषित करने की मांग की। जेसीपीडीए के अध्यक्ष संजय अखौरी ने कहा कि इज ऑफ डूइंग के प्रोत्साहन के लिए वन नेशन-वन टैक्स के अनुरूप व्यापार के लिए सिंगल लाइसेंस की आवश्यकता है। इससे व्यापारियों को एक व्यापार के लिए लगनेवाले अनेकों लाइसेंस की बाध्यता से राहत मिलेगी। यह भी कहा गया कि छोटे व्यापारियों के कर अनुपालन को आसान बनाने के लिए जीएसटी कानून को और अधिक सरल किया जाना चाहिए। कहा कि योजना के अनुरूप ट्रेडर्स को एमएसएमइ की योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, इसका समीक्षा आवश्यक है। जेसीपीडीए द्वारा भेजे गये पत्र में प्रत्येक राज्य की राजधानी में स्पेशल ट्रेड जोन स्थापित करने, डिजिटल भुगतान संवर्धन बोर्ड का गठन, डिजिटल भुगतान के लिए क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर बैंक शुल्क में सब्सिडी देने का भी सुझाव दिया गया।

### ओबीसी समुदाय से भेदभाव क्यों: ओबीसी मोर्चा




रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि ओबीसी समुदाय के साथ भेदभाव किया जाता है। वह शनिवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे। कहा कि आरक्षण को लेकर जब राज्य सरकार प्रस्ताव बढ़ाती है, तो राजभवन आड़े आ जा रहा है। देश और राज्यों में ओबीसी को जनसंख्या के अनुपात में 52 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग करता हूं। 1931 की जनगणना के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर 52 प्रतिशत आबादी वाले ओबीसी समुदाय को आरक्षण सिर्फ 27 परसेंट ही क्यों। ओबीसी की आबादी के अनुसार 52 प्रतिशत क्यों नहीं। प्रधानमंत्री से मांग करता हूं कि जब सभी वर्गों का जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण प्राप्त हो गया, तो ओबीसी को जनसंख्या का अनुपात में आरक्षण की व्यवस्था अविलंब मिले। प्रेस वार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, संतोष गुप्ता, विष्णु कुमार, संजय वर्मा, डॉ भगत शुभम विश्वकर्मा उपस्थित थे।

### ट्रेनों में टिकट बुकिंग को लेकर 'जंग'

रांची (आजाद सिपाही)। अगर आप होली का त्योहार अपनों के साथ मनाना चाहते हैं, तो जल्द करा लें ट्रेन की टिकट की बुकिंग, कहीं देर न हो जाये। हालांकि त्योहार में अभी 20 दिन से ज्यादा का समय है, लेकिन अभी भी ट्रेनों में टिकट बुकिंग की जंग है। इस कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस बार होली 25 मार्च को है। वहीं 24 मार्च को होलिका दहन है। वहीं, रेलवे की बुकिंग भी तेजी से की जा रही है। यात्री अलग-अलग जगह जाने के लिए टिकटों की बुकिंग कर रहे हैं। वहीं रांची से दिल्ली, लखनऊ समेत अन्य राज्यों के लिए कुछ ट्रेनों की लंबी वेटिंग लिस्ट देखी जा रही है, जिसमें कुछ ट्रेनों में 20 मार्च से ही वेटिंग लिस्ट देखी जा रही है, जबकि होली के बाद वापसी के लिए भी ट्रेनों की लंबी वेटिंग है। इस दौरान दिल्ली से रांची जानेवाली सभी ट्रेनों इसमें नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, नयी दिल्ली गरीब रथ, आनंदविहार एक्सप्रेस समेत अन्य ट्रेनों में सीटों की उपलब्धता 35 से 149 तक है, जबकि 27 मार्च से रांची से दिल्ली जानेवाली राजधानी एक्सप्रेस में 40 वेटिंग लिस्ट है। जम्मू तवी संबलपुर एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में 129 वेटिंग है। इसी ट्रेन के 3 टियर में 52 और 2 टियर में 16 वेटिंग है। बाकी दो ट्रेनों की भी हालत कुछ ऐसी ही है।

## रांची सदर अस्पताल ने हासिल की उपलब्धि

# अत्याधुनिक टेप विधि से हर्निया का सफल ऑपरेशन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सदर अस्पताल के सर्जरी विभाग ने एक नयी उपलब्धि हासिल की है। सदर अस्पताल में पहली बार टेप विधि से इंगुइनल हर्निया का ऑपरेशन किया गया। कोकर के रहनेवाले जय किशुन यादव 46 साल का आपरेशन निःशुल्क हुआ है। सदर के लेप्रोस्कोपीक सर्जन डॉ अजीत कुमार ने शनिवार को बताया कि इस विधि में बिना पेट के अंदर गये हुए पेट की दीवार की परतों के बीच जगह बना कर हर्निया की थैली को छुड़ा कर उसे काट कर बांध दिया जाता है। फिर प्रोलिन जाली बिछा दी जाती है। यह पूरी प्रक्रिया तीन अत्यंत छोटे छेदों के जरिये की गयी।

उन्होंने बताया कि यह एक बहुत ही अत्याधुनिक लैप्रोस्कोपिक सर्जरी मानी जाती है। इस आपरेशन को करने के लिए हाइ स्किल की जरूरत होती है। आम तौर पर निजी और कारपोरेट अस्पतालों में संपन्न मरीज ही इसे करवाते हैं। आपरेशन करनेवाली टीम में लेप्रोस्कोपीक सर्जन डॉक्टर अजीत कुमार, निश्चेतक डॉ दीपक, डॉ विकास वल्लभ और ओटी स्टाफ सरिता, शशि, लखन, सुशील, मुकेश, पूनम सहित अन्य शामिल थे।

# मोहराबादी में इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर शुरू

**सांसद संजय सेठ और डॉ महुआ माजी ने किया उद्घाटन, 11 मार्च तक चलेगा ट्रेड फेयर**

**झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स और जीएस मार्केटिंग ने लगाया फेयर**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मोहराबादी मैदान में अंतरराष्ट्रीय स्तर के इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का उद्घाटन शनिवार को लोकसभा सांसद संजय सेठ और राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर श्री सेठ ने कहा कि रांची में ट्रेड फेयर होने से कारोबार बढ़ता है। इसका ज्यादा लाभ व्यापारियों के साथ स्थानीय लोगों को भी होता है। ट्रेड फेयर कई नये उत्पादों को देखने और समझने का एक माध्यम है।

श्री सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कहते हैं कि झारखंड और बंगाल में सबसे अधिक मेला लगता है। मेला के लगने से राज्य का आर्थिक विकास होता है। सांसद डॉ महुआ माजी ने कहा कि ट्रेड फेयर में बाहर के देशों के उत्पाद देखने को मिल रहा है। रांचीवासी अब विदेशी वस्तुएं भी खरीद सकते हैं। जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स के चिद्रुप शाह ने बताया कि यह ट्रेड फेयर बीटूसी और बीटूबी के लिए बेहतर मंच है। झारखंड चेंबर, बंगाल चेंबर और जीएस मार्केटिंग के संयुक्त तत्वावधान में पिछले दस वर्षों से लगाये जा रहे ट्रेड फेयर को रांचीवासियों ने खूब सराहा है। टर्की के लैंप, थाईलैंड के एक्सेसरीज, बांग्लादेश की साडी, इरान की हनी और सैफ्रौन समेत अन्य वस्तुएं इस ट्रेड फेयर के मुख्य आकर्षण हैं। ट्रेड फेयर में झारखंड सरकार के उद्योग, श्रम और टूरिज्म विभाग द्वारा स्टॉल्स में भी लगाया गया है। इस अवसर पर चेंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि हमारे द्वारा किया जा रहा यह प्रयास केवल ट्रेड फेयर नहीं वरन राज्य के विकास में गति देने का प्रयास है। ट्रेड फेयर में प्रत्येक दिन गणमान्य अतिथियों को आमंत्रित किया जायेगा। आगंतुकों के मनोरंजन के लिए ऑर्केस्ट्रा की भी व्यवस्था है।

### फेयर में लगे हैं 375 स्टॉल्स

झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स और जीएस मार्केटिंग एसोसिएट्स के तत्वावधान में आयोजित ट्रेड फेयर 11 मार्च तक चलेगा। आगंतुकों के लिए सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक फेयर खुला रहेगा। फेयर में लगभग 375 स्टॉल्स लगाये जा रहे हैं। फेयर में थाईलैंड, इरान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, टर्की, घाना, मलेशिया समेत अन्य कुल 12 देश और 20 राज्यों के स्टॉल्स लगाये जा रहे हैं। इस अवसर पर चेंबर के उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, महासचिव परेश गट्टानी, संयुक्त सचिव अमित शर्मा, शैलेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, संजय अखौरी, पूर्व अध्यक्ष ललित केडिया, विकास सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# श्री श्याम मित्र मंडल का श्याम भंडारा




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से शनिवार को मंदिर में श्याम भंडारा संपन्न हुआ। प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया और उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में यजमान श्री परिवार के गीता देवी, संतोष सरावगी, सुनील सरावगी, श्वाति अनुराधा ने मंदिर में विराजमान खाटूनरेश, शिव परिवार, बजरंगबली, लड्डू गोपाल, शालीग्राम जी को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया गया। इसके बाद गणेश जी के जयकारों के साथ मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में प्रसाद का वितरण किया गया। भंडारे में लिट्टी, आलू चोखा, दाल, धनिया चटनी और केसरिया जलेबी का प्रसाद 3500 से ज्यादा भक्तों के बीच वितरित हुआ। इस अवसर पर विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढानढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, अनिल नारनोली, पूर्व सांसद अजय मारू, संतोष सरावगी, राजीव मित्तल, सुनील सरावगी, वेद भूषण जैन, पप्पू अभिषेक सरावगी, कौशल चौधरी, रतन शर्मा सहित अन्य स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

# आज से बारिश के साथ वज्रपात संभव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में रविवार से मौसम का मिजाज बदलने वाला है। 3 और 4 मार्च को कई जगहों पर बारिश के साथ वज्रपात की संभावना है। मौसम विभाग की मानें तो 3 मार्च को राज्य के पश्चिमी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवाओं के साथ वज्रपात होने की संभावना है। इस दौरान गढ़वा, पलामू और लातेहार जिलों में कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी हो सकती है। वहीं 4 मार्च को राज्य के पश्चिमी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवाओं के साथ वज्रपात की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे दो से तीन डिग्री की वृद्धि हो सकती है। इसके बाद अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान भी बढ़ सकता है।

## पत्रकार सुधीर चौधरी को पुलिस ने भेजा नोटिस

**रांची।** पत्रकार सुधीर चौधरी को रांची पुलिस ने नोटिस भेजा है। रांची के एसटी-एससी थाना में दर्ज मामले को लेकर सुधीर चौधरी को नोटिस भेजा गया है। राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ से जुड़े युवाओं ने बीते 7 फरवरी को सुधीर चौधरी के खिलाफ एससी-एसटी थाना में आवेदन दिया था। राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ ने सुधीर चौधरी पर आदिवासियों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप लगाया था। अनुसूचित जनजाति एट्रोसिटी एक्ट 1889 के तहत मामला दर्ज कराया गया है। आवेदन में कहा गया है कि सुधीर चौधरी की टिप्पणी से आदिवासी समाज आहत है।

## आस्था : 301 निशान धारकों ने प्रभु श्री श्याम और हनुमान जी का निशान धारण किया

# पूजा करने के बाद श्री श्याम निशान शोभायात्रा निकाली





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम परिवार की ओर से पूजा अर्चना के साथ श्री श्याम निशान शोभा यात्रा की शुरुआत शनिवार को की गयी। इसमें 301 निशान धारकों ने प्रभु श्री श्याम और हनुमान जी का निशान धारण किया।

शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रंग-बिरंगे फूलों से सुसज्जित रथ पर विराजमान प्रभु श्री श्याम की झांकी, राधा कृष्ण, राम लखन जानकी, हनुमान जी की जीवंत झांकी प्रस्तुत की गयी। अध्यक्ष श्रवण जालान के नेतृत्व में पूजन किया गया। महामंत्री मंटू जालान, कमल जलन बनकट, विनय भाटिया, महेश सेन, जयदीप राज, अमित चौधरी, प्रकाश दालानिया, मनोज अग्रवाल, पवन शर्मा मौजूद थे।


## AFFIDAVIT

**In the court of Sri Praveen Kumar Executive Magistrate Bermo at Tenughat.**

As per Affidavit Ref. No. - 1106, Dated 01.03.2024 I, TULSI KUMAR S / O Late Niranjan Mahto, aged about 25 years, resident of Village - Tiscopi, P.S. - Chatrochatti, District - Bokaro ( Jharkhand ) do hereby solemnly affirm and declare as follows :1 . That, my Nationality is Indian .2 That, my name mention in Bank Passbook of Gomia Branch written as Tulsi Kumar Mahto and in my Educational Certificate, Aadhaar Card and PAN Card my name is written as Tulsi Kumar .3 . That, both the names pertain to me and same person that is Tulsi Kumar .That, this affidavit to submit before the Bank authority . That, the contents made above are true and correct, if found false, I shall be punishable under law .

# न्यायिक भूल सुधार

सुप्रीम कोर्ट ने हाइकोर्टों और निचली अदालतों के स्टे ऑर्डर्स अपने आप रद्द होने से जुड़ा अपना ही एक फैसला गुरुवार को पलट दिया। पिछला फैसला 2018 में सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यों की पीठ ने दिया था, जिसे अब पांच सदस्यों की पीठ ने अमान्य घोषित कर दिया। सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला अपने तात्कालिक परिणामों के लिहाज से ही नहीं, इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि इसमें न्यायपालिका की कार्यप्रणाली और न्यायिक सिद्धांतों से जुड़े अहम दिशानिर्देश रेखांकित हुए हैं, जो भविष्य में संविधान पीठों के लिए फैसले करना आसान बना सकते हैं। असल में 2018 में बहुचर्चित एशियन रिसरफेसिंग केस में दिये गये फैसले की वजह से कई सारे मामलों में दिक्कत हो रही थी। अंतरिम स्थगन आदेश छह महीने में अपने आप रद्द होने का मतलब यह था कि संबंधित पक्षों को छह महीने के अंदर फिर से अदालत जाकर उस आदेश का नवीकरण कराना होता था। हर पक्षकार इस स्थिति में नहीं होता। उस फैसले से कई सारे सैद्धांतिक सवाल भी जुड़े थे, जिन पर सीजेआइ चंद्रचूड़ की अगुआई वाली पांच सदस्यों की पीठ ने ध्यान दिया। ताजा फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि संविधान पीठों को केस डिसाइड करने की समय सीमा निर्धारित करने से जहां तक हो सके बचना चाहिए, क्योंकि जमीनी हकीकत संबंधित अदालतों को ही पता होती है। यह बात भी गौर करने की है कि न्यायिक संरचना में

**सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला न सिर्फ देश की न्यायिक व्यवस्था की कार्यप्रणाली में आयी एक तात्कालिक बाधा को दूर करता है, बल्कि इंसाफ करने की प्रक्रिया में निहित जटिलताओं के बीच भी न्याय तक पहुंचने की अदालतों की यात्रा को कुछ हद तक आसान बनाता है।**

ऊपर होने के बावजूद सुप्रीम कोर्ट की अपनी कार्य सीमाएं हैं। हाइकोर्ट का अपना कार्यक्षेत्र होता है। उन्हें सुप्रीम कोर्ट के अधीनस्थ के तौर पर नहीं देखा जा सकता। 2018 के फैसले से अगर जाने-अनजाने इस तरह का कोई संकेत गया था, तो उसे भी पांच सदस्यों की पीठ ने अपने ताजा फैसले में दुरुस्त कर दिया। जैसा कि जस्टिस पंकज मित्तल ने अपने अलग, लेकिन सहमति वाले फैसले में लिखा है कि कभी-कभी न्याय करने की इच्छा होते हुए भी आखिरकार अन्याय की नौबत आ जाती है। उनका आशय एशियन रिसरफेसिंग केस से था। मगर यह उल्लेख इस तथ्य को रेखांकित करता है कि जजों को फैसला करते हुए तकनीकी पहलुओं के बजाय ज्यादा ध्यान इस पर रखने की जरूरत है कि उस प्रक्रिया में किसी भी पक्ष के प्राकृतिक न्याय का उल्लंघन न हो जाये। कुल मिलाकर देखा जाये तो सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला न सिर्फ देश की न्यायिक व्यवस्था की कार्यप्रणाली में आयी एक तात्कालिक बाधा को दूर करता है, बल्कि इंसाफ करने की प्रक्रिया में निहित जटिलताओं के बीच भी न्याय तक पहुंचने की अदालतों की यात्रा को कुछ हद तक आसान बनाता है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**असल में होता यह है कि जब कोई व्यक्ति अपनी ओर से पूरी मेहनत करने के बावजूद अपने काम में सफल नहीं होता, दूसरों को लगातार उन्नति करते देखकर अपने को यह समझने लगता है कि मैं किसी काम का नहीं हूं और मुझसे कुछ नहीं होगा तो वह निराशा के भंवर में डूबने उतरने लगता है। वह हीन-भावना से ग्रस्त होने लगता है और बिना किसी कारण के हर समय तनाव में रहने लगता है।**

# हीन-भावना, तनाव और मानसिक आघात का परिणाम मृत्यु न हो

**पूरन चंद सरीन**

अक्सर ऐसे व्यक्ति हमारे आसपास मिल जाएंगे जो वैसे तो ठीक-ठाक दिखायी देंगे लेकिन जैसे ही उनसे बात की तो लगता है कि बहकी बातें कर रहे हैं, चेहरे पर मुस्कान का तो नामो-निशान नहीं पर किसी गहरी निराशा और अवसाद में डूबे नजर आते हैं। बातों में उदासी और शरीर में कमजोरी दिखायी देती है। कुछ देर चलने या बात करने में सांस उखड़ने लगती है और बैठने की जगह तलाशने लगते हैं। आम तौर से हम सलाह दे देते हैं कि डाक्टर से दवा ले लीजिए और हां पूरा चैक अप करा लीजिए, कहीं कोई भयंकर बीमारी अंदर ही अंदर न पल रही हो। हमने तो अपनी तरफ से यह कहकर अपना कर्तव्य निभा दिया, लेकिन इस बात पर ध्यान नहीं दिया कि इसे शरीर की जगह मन का रोग भी हो सकता है।

**दवाई से बेहतर काऊंसलिंग :** असल में होता यह है कि जब कोई व्यक्ति अपनी ओर से पूरी मेहनत करने के बावजूद अपने काम में सफल नहीं होता, दूसरों को लगातार उन्नति करते देखकर अपने को यह समझने लगता है कि मैं किसी काम का नहीं हूं और मुझसे कुछ नहीं होगा तो वह निराशा के भंवर में डूबने उतरने लगता है। वह हीन-भावना से ग्रस्त होने लगता है और बिना किसी कारण के हर समय तनाव में रहने लगता है।

**टैक्नोलॉजी के युग में और जब रोबोट तथा आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस का दौर हो तो शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, मन का भी स्वस्थ रहना आवश्यक है।**

यह उसकी आदत-सी बन जाती है। उसकी इस अवस्था का किसी अन्य को न तो अंदाजा होता है और न ही इस तरफ ध्यान जाता है कि इस व्यक्ति को शारीरिक नहीं एक तरह की मानसिक बीमारी है जिसका इलाज सामान्य डॉक्टर के पास नहीं बल्कि स्वयं अपने पास है या ऐसे डॉक्टर के पास जो मनोचिकित्सक हो। आज के दौड़ भाग वाले जीवन में और एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में



ऐसे लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, विशेषकर युवा वर्ग में, जो अपने लक्ष्य के प्रति जरा सा भी चूक जाने के कारण निराशा और हताशा के समुद्र में गोते खाते रहते हैं और इसके लिए अपने को और अपने परिवार तथा अपनी परिस्थितियों को जिम्मेदार मानकर कुंठाग्रस्त जीवन जीने लगते हैं।

इसके अतिरिक्त एक और कारण होता है जो आम तौर से अनदेखा कर दिया जाता है। यह है बचपन में अर्थात 8-10 या 12 वर्ष की आयु में कुछ ऐसा हो जाए जो बच्चे की समझ में न आए जैसे कि छेडखानी, पिटाई, चोट लगना, अपनी या दूसरे की लापरवाही से घायल हो जाना। अब बालक का मन जो अभी विकसित हो रहा है, इस तरह की घटना का विश्लेषण करने में असमर्थ रहता है तो उस पर एक प्रकार का दबाव बनने लगता है जो हो सकता है कि जीवन भर बना रहे।

**डाक्टर अमिताभ घोष :** मुंबई के अंधेरी इलाके में लोखंडवाला में अपना क्लिनिक चला रहे डॉक्टर अमिताभ घोष से पिछले दिनों इस बारे में विस्तार से बात हुई। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस प्रकार के मनोरोगी की चिकित्सा नहीं की गई तो जीवन में कभी भी बरसों पहले घटी कोई घटना अचानक से मन में जीवित हो सकती है और किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है जो जानलेवा भी हो सकती है। उनका कहना है कि ऐसे व्यक्ति की अवहेलना नहीं की जानी चाहिए, न ही उस पर दोष लगाना चाहिए बल्कि काऊंसलिंग थैरेपी से उसकी चिकित्सा होनी जरूरी है। इसके लिए किसी दवाई से ज्यादा उसके साथ बातचीत कर उसके मन में जो बरसों पहले की घटना जड़ जमाकर बैठी है, उसे बाहर निकालना होता है।

ऐसा भी होता है कि मनोरोग से पीड़ित व्यक्ति मदिरा या ड्रग्स अथवा कोई अन्य नशीला पदार्थ लेने लगे ताकि अपने साथ हुई घटना को भूल सके। इससे उसकी स्थिति सुधरने के स्थान पर खराब भी हो सकती है। यह एक जबरदस्त आघात या ट्रामा का कारण भी बन सकता है। बचपन में हुआ दुर्व्यवहार या किसी दर्दनाक घटना को अपने सामने होते हुए देखना अथवा बड़े होकर जैसे कि फौज में युद्ध के समय होने वाली मारकाट देखकर विचलित हो जाना या फिर दंगों में फंस जाना और हादसा हो जाना, प्राकृतिक आपदा जैसे भूकंप, भू स्खलन, नदियों, पर्वतीय क्षेत्रों में पहाड़ या शिला खंड टूट कर गिरने जैसे कुछ कारण हैं जो अगर किसी के मन पर गलत छाप छोड़ दें तो व्यक्ति का जीवन बिखर सकता है और जीना अभिशाप बन जाता है।

ऐसा भी होता है कि कुछ घटनाएं तो वास्तविक होती हैं लेकिन कुछ काल्पनिक भी हो सकती हैं और अपने मन से बना ली जाती हैं। अब सोच की तो कोई सीमा नहीं होती इसलिए कुछ भी सोचा जा सकता है। यह सब दिमाग के एक कोने में भंडार की तरह जमा होता रहता है। अब दिमाग को तो पता नहीं कि क्या असली घटना है और क्या केवल काल्पनिक है लेकिन भंडारण होता रहता है। यह एक तरह से हमारी भावनाओं का संकलन है जो कभी जीवन में वैसी ही घटना होने से ट्रिगर यानी आंदोलित हो सकता है।

मान लीजिए कभी लाल रंग की किसी चीज से कोई हादसा हुआ हो तो वह उम्र के किसी भी दौर में दोबारा होने या दिखाई देने पर दिमाग में उभर सकता है और व्यक्ति उसकी चपेट में आ सकता है और किसी गंभीर स्थिति का शिकार बन सकता है। इसमें उसकी मृत्यु भी हो सकती है। जब हम किसी बात को अपने मन में बहुत बढ़ा-चढ़ा कर यानी उसको अपनी कल्पना से कोई भी आकार देने लगते हैं तो वह दिमाग में अंकित होता जाता है और चाहे सामने कुछ न हो लेकिन व्यक्ति को वह दिखाई देने लगता है जो किसी भीषण दुर्घटना का कारण भी बन जाता है।

अब जो चिकित्सक है, उसका काम यह हो जाता है कि वह उस व्यक्ति का उपचार करने के लिए जीवन की उन घटनाओं का विवरण लेता है जो मन के भंडार में जमा हैं। वह अपनी थैरेपी से व्यक्ति के दिमाग में एक तरह से जो कचरा या गंदगी जाने-अनजाने जमा हो गई है, उसे निकालकर उसे मानसिक रूप से स्वस्थ बनाने का काम करता है। उसका तनाव या डिप्रैशन, हीन-भावना और कुंठा है, उसे साफ करता है और इस तरह के व्यायाम कराता है जिनसे दोबारा यह सब दिमाग में न भर सके और व्यक्ति अपने को बुरी भावनाओं या कल्पना से मुक्त रख सके।

आवश्यक यह है कि जब भी स्वयं को यह लगे कि मन में कुछ अजीब-सी उथल-पुथल हो रही है, कुछ न होते हुए भी एहसास हो रहा हो कि मेरे साथ गलत होने वाला है तो समझ लें कि यह एक बीमारी के लक्षण हैं जिसकी चिकित्सा होनी चाहिए। इसी प्रकार अपने परिवार या मित्रों के साथ कोई ऐसी बात का अनुभव करें कि कुछ तो है जो सामान्य नहीं है तो उसका निदान कराना जरूरी है। ऐसे व्यक्ति को उसके हाल पर छोड़ने की बजाय उसकी मदद करनी आवश्यक है ताकि वह अपनी कल्पनाओं से बाहर निकल कर वास्तविकता को समझ सके।

आधुनिक युग में मानसिक समस्याओं से उबरने के लिए अनेक चिकित्सा पद्धतियां हैं, जो मनोरोगों से राहत दिला सकती हैं। उन्हें न अपना कर बीमारी को बढ़ावा देना है। उसमें यौगिक इंद्रियां, मन को केंद्रित करने के लिए ध्यान लगाना और अनेक प्रकार के व्यायाम आते हैं जो विशेषज्ञ की निगरानी में होने चाहिएं। टैक्नोलॉजी के युग में और जब रोबोट तथा आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस का दौर हो तो शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, मन का भी स्वस्थ रहना आवश्यक है।

## जमशेदपुर की खबरें

### राज्यपाल से अमर प्रीत सिंह काले ने की शिष्टाचार मुलाकात



**जमशेदपुर।** कोल्हान महिला विश्व विद्यालय के कार्यक्रम में शामिल होने झारखंड के राज्यपाल सी.पी राधाकृष्णन शहर पहुंचे। शनिवार को बिस्टुपुर परिसदन में भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता ने शिष्टाचार मुलाकात की। मौके पर उन्होंने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त की। वही रांची जाकर मिलने की इच्छा जताई, जिस पर महामहिम राज्यपाल ने सहमति दी।श्री काले ने कहा नमन शहीदों के सपनों के एक शिष्टमण्डल के साथ महामहिम से रांची में मुलाकात करेंगे। राष्ट्रभक्ति व शहीदों के स्मरण में बीते 9 वर्षों से 23 मार्च को शहीद दिवस पर शहर में होने वाले अनोखी भव्य अखंड तिरंगा यात्रा सह शहीद सम्मान यात्रा से अवगत कराते हुए महामहिम को आमंत्रण पत्र सोपेंगे।

### चार फ्लैट में चोरी, जांच में जुटी पुलिस



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** बीते रात सरायकेला खरसावां जिले के आरआईटी थाना अंतर्गत अर्थ एनक्लेव सोसाइटी के बंद पड़े चार फ्लैट में चोरी की घटना प्रकास में आया है। अपराधियों ने सभी फ्लैट के ताला तोड़ाकर लाखो की नगद व गहना पर हाथ साफ कर फरार होने का अनुमान लगाया जारहा है। स्थानीय लोगो के अनुसार चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। सोसाइटी के लोगो ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर आदित्यपुर और आरआईटी प्रभारी दलबल के साथ पहुंच कर जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कुछ फ्लैट के मालिक रिश्तेदारों के शादी समारोह में गए। वही कुछ शहर से बाहर रहते हैं। घटना के बाद सोसायटी के लोगो मे आक्रोश देखा गया। उन्होंने बिल्डर के सिक्योरिटी सिस्टम पर सवाल उठाया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### अगली कृषि क्रांति में पारिस्थितिकी संतुलन का ध्यान: अर्जुन

**रांची(आजाद सिपाही)।** केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि देश में दूसरी हरित क्रांति संबंधी वैज्ञानिक प्रयासों में पारिस्थितिकी संतुलन और मिट्टी के टिकाऊ स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखा जायेगा। श्री मुंडा शनिवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची में आयोजित तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेला का उद्घाटन करते हुए अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। कहा कि भारतीय जीवन पद्धति और भारतीय मिट्टी में बहुत ताकत है। इस ताकत और यहां की मिट्टी में उपलब्ध पोषक तत्वों को बचाये रखने के लिए सजगता के साथ अगली कृषि क्रांति के लिए सबको काम करना होगा। पहली



हरित क्रांति के फायदे मिले, किंतु हम यह ध्यान नहीं रख पाये कि रसायनिक उर्वरकों के ज्यादा प्रयोग से मिट्टी को कितना नुकसान हुआ और आने वाली पीढ़ी के लिए हम मिट्टी को उसके प्राकृतिक स्वरूप में संरक्षित रख पाये या नहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने झारखंड को पूरा सम्मान देने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत बिरसा भगवान की जन्मस्थली और उलिहातू से की। जंगल, पहाड़, पठार में रहनेवाले देश के 75 प्रिमिटिव ट्राइब्स के संरक्षण के लिए 24000 करोड़ की योजना जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान की शुरुआत झारखंड से की। झारखंड के सभी 32 हजार गांवों के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड बने, इसमें बिरसा कृषि विश्वविद्यालय को अग्रणी भूमिका निभानी है। सांसद संजय सेठ ने कहा कि बीएयू के 40 किलोमीटर रेडियस में सब्जी और फल उत्पादन का बड़ा क्षेत्र है, जहां से पड़ोसी राज्यों के अलावा मुंबई और कर्नाटक तक उत्पाद जाते हैं। बागवानी के क्षेत्र में यहां की संभावनाओं का समुचित उपयोग होना चाहिए।

**इनकी रही मौजूदगी**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ हिमांशु पाठक, विधायक समरी लाल, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हा, निदेशक डॉ सुजय रक्षित समेत अन्य ने विचार रखे।

**पांच किसान को किया गया सम्मानित**

नवोन्मेषी कृषि के लिए पांच प्रगतिशील किसानों संगीता देवी, शिवनाथ कुशवाहा, मैनेजर हांसदा, मेरिटा हेंब्रम, रवि कुमार महतो को सम्मानित भी किया गया।

### झामुमो को न्यायालय पर पूर्ण भरोसा : जिला उपाध्यक्ष

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** झामुमो केंद्रीय समिति के निर्देश पर झांरखण्ड के सभी जिले में झामुमो का न्याय यात्रा जारी है। झामुमो ने झारखडं के युवा आदिवासी पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को जमीन घोटाले के आरोप में जेल भेजने के मामले को एक सोची समझी साजिस बताया। उधर पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला झाटीझरना पंचायत के सुदूर गांवों से न्याय यात्रा के तहत मोटरसाइकिल रैली निकाला गया। शनिवार को झामुमो जिला उपाध्यक्ष बाघराय मार्डी और घाटशिला प्रखण्ड कमिटी अध्यक्ष वकील हेम्ब्रम के नेतृत्व में न्याय यात्रा में सैकड़ो ग्रामीण शामिल होकर पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। ग्रामीणों ने प्रत्येक दिन नियमित रूप से नेता व कार्यकर्ताओं संग विरोध प्रदर्शन कर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल से रिहा करने की मांग की। इतना ही नही झामुमो नेताओ ने न्याय यात्रा के माध्यम से ग्रामीणों के बीच पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बीते 4 साल की



कार्यकाल का जमकर सरहाना की। वही पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा झांरखण्ड की एक एक जरूरतमंद लोगों के लिए किए गए उपलब्धियां को उजागर करते नजर आए।मौके पर मौजुत झामुमो समर्थकों ने हेमंत सोरेन जिंदाबाद का नारा लगाते हुए झाड़ा लेकर पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर सभा मे तब्दील हो गया। मौके पर उपाध्यक्ष बाघराय मार्डी ने कहा झांरखण्ड के एक आदिवासी नेता राज्य की राजनीति में जनता के सुख दूख में सोचने वाले गरीबो की भला करने वाले पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को आज जमीन घोटाले के नाम पर जेल में बंद कर दिया गया। जबकि उन्होंने बार बार कहते रहे उस जमीन से उनका कोई लेना देना नही है। इसके बावजूत उन्हें न्याय नही मिला। लेकिन झामुमो इससे डरने वाले नही है। चुनाव में जनता ही सर्वपरि है। झारखंड की जनता पुनः झामुमो को सरकार बनाने के लिए बहुमत में लाने का काम करेगी। वही घाटशिला प्रखण्ड कमिटी अध्यक्ष वकील हेम्ब्रम ने कहा आज झांरखण्ड के नेता हेमंत सोरेन को जेल में बंद कर देने से झारखंड के सभी जिले में न्याय यात्रा निकाली जारही है। उन्होंने नुक्कड़ सभा मे जनता के बीच पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के द्वारा आम जनता के लिए किए गए सरानीय कार्य का जमकर प्रशंसा की।उन्होंने कहा झांरखण्ड बने 23 साल बीत गया। जहा हेमंत सोरेन ही झांरखण्ड राज्य के पहला मुख्यमंत्री है जिन्होंने गांव से सरकार चलाने की शुरूआत की थी। झारखंड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर के माध्यम से जिले डीसी सहित सभी पदाधिकारी ने जरूरतमंद लोगों के लिए ऑन द स्पॉट समाधान निकलने का काम किया। इससे पूर्व ग्रामीण कभी जिले के वरीय पदाधिकारी को नजदीक से समाधान करते नही देखा था। उन्होंने कहा आज पूर्व मुख्यमंत्री के कार्य का ग्रामीण क्षेत्र में जमकर प्रशंसा की जारही है। शिविर के माध्यम से झांरखण्ड के एक एक गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया था। जो आज राज्य के सीएम चंपई सोरेन ने पूर्व सीएम के द्वारा किए गए कार्य को तेजी से आगे बढ़ा रहे है। उन्होंने कहा झामुमो को न्यायालय पर पूर्ण भरोसा है। ऐसे दुनिया कहती है सच्चाई का कभी हार नहीं होती। जल्द ही पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को न्याय मिलेगी झामुमो उमीद के साथ आस लगाये बैठे है। इस अवसर पर घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के झामुम नेता व कार्यकर्ता सहित सैकड़ो ग्रामीण रहे।

### लोकसभा चुनाव को लेकर हुई समीक्षा

**रांची(आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार शनिवार को समाहरणालय में लोकसभा आम चुनाव की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में राज्य में चार मार्च से सोशल मीडिया अभियान के संचालन के संबंध में चर्चा की गयी। अभियान का प्रारंभ संपूर्ण राज्य में सभी मतदान केंद्रों पर किया जायेगा। किसी भी चुनाव में मतदान करने के लिए मतदाता का नाम संबंधित मतदान केंद्र की मतदाता सूची में निबंधित होना अनिवार्य है। विगत चुनावों में कहीं कहीं से ऐसे मामले प्रकाश में आते हैं कि कोई मतदाता अपना फोटो मतदाता पहचान पत्र लेकर मतदान करने जाते हैं, लेकिन मतदाता सूची में संबंधित मतदाता का नाम निबंधित नहीं होने के कारण मतदान करने से वंचित रह जाते हैं। आगामी लोकसभा आम चुनाव में ऐसी एक भी घटना न हो, इसके लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। इसे लेकर अधिकारियों ने कई निर्देश पदाधिकारियों को दिये। बैठक में अनुभाजन पदाधिकारी जेम्स सुरीन, अपर समाहर्ता सुदर्शन मुर्मू, भूमि सुधार उप. समाहर्ता मुकेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, त्रिभुवन सिंह और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### राज्यसभा की दो सीटों के लिए अधिसूचना कल

**रांची(आजाद सिपाही)।** राज्य से राज्यसभा की दो सीटों पर चुनाव की तैयारी पूरी की जा रही है। इसके लिए चुनाव आयोग 4 मार्च को अधिसूचना जारी करेगा। इसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जायेगी, जो 11 मार्च तक चलेगी। 12 मार्च को स्क्रूटनी होगी और 14 मार्च तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। नतीजे 21 मार्च को मतदान के दिन देर शाम घोषित किये जायेंगे। इस चुनाव के लिए पर्यवेक्षक बने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि अधिसूचना जारी होते ही विधानसभा सचिव के समक्ष नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। राज्यसभा की जिन दो सीटों पर चुनाव होना है, उन पर कांग्रेस और भाजपा का कब्जा है। कांग्रेस के धीरज प्रसाद साहू और भाजपा के समीर उरांव का कार्यकाल इस साल तीन मई को खत्म हो रहा है। अभी तक उम्मीदवारों के नाम की घोषणा नहीं की गयी है।

### आर्सेलर मित्तल की सारंडा में खनन पट्टा के लिए दायर याचिका खारिज

रांची(आजाद सिपाही )। दिल्ली हाइकोर्ट ने झारखंड के सारंडा वन में खनन पट्टे के लिए दायर आर्सेलर मित्तल इंडिया की याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि आर्सेलर मित्तल को मई 2022 में वन मंजूरी देने से भी मदद नहीं मिलेगी, क्योंकि यह 2015 के तहत खनन पट्टा देने की नीलामी प्रणाली में छूट का लाभ उठाने के लिए 11 जनवरी 2017 की कट ऑफ तारीख के बाद थी। दिल्ली हाइकोर्ट ने हाल ही में आर्सेलर मित्तल इंडिया द्वारा झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम में सारंडा जंगल आरक्षित वन में 500 एकड़ में लौह अयस्क और मैंगनीज अयस्क खनन शुरू करने के लिए खनन पट्टा देने से इनकार को चुनौती देनेवाली याचिका खारिज कर दी।

**खनन के किसी भी अधिकार का दावा नहीं**

दिल्ली हाइकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस मनमोहन और न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की पीठ ने कहा कि आर्सेलर मित्तल इंडिया केवल 2008 में अपने पक्ष में जारी किये गये आशय पत्र के आधार पर खनन के किसी भी अधिकार का दावा नहीं कर सकता है, जब उसे समय के भीतर अनिवार्य पर्यावरण और वन मंजूरी नहीं दी गयी थी। हाइकोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि केवल केंद्र सरकार और झारखंड सरकार द्वारा वन या पर्यावरण मंजूरी आवेदनों को संशोधित करने में कथित देरी के कारण स्टील दिग्गज को कोई अधिकार नहीं मिलेगा।

## दुख की घड़ी में ढांढ़स बंधाया



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर पंचायत के मुखिया प्रत्याशी गीता देवी पति संजय भुईया ने बाईक दुर्घटना में मृत एस कुमार भुईया ( झगराहा) और अजय भुईया (होन्हेकला) के परिवार जनों को श्राद्ध कार्य के लिए सहयोग प्रदान किया और दुख की घड़ी में ढाढ़स बंधाया। बताते चले कि एक सप्ताह पूर्व होन्हेकला के अजय भुईया एवं झगराहा निवासी एस कुमार भुईया जो गढ़वा से मजदूरी कर के मोटरसाइकिल से रंका घर लौट रहे थे। जैसे ही एन एच 343 लोटो के पास पहुंचे पीछे से किसी वाहन ने धक्का मार दिया और घटना स्थल पर ही अजय भुईया की मौत हो गयी, वहीं एस कुमार भुईया की मौत इलाज के क्रम में रिम्स रांची में हो गयी। इस मौके पर झामुमो के कन्हाई यादव, श्याम लाल यादव डीलर, मनोज यादव, सुरेंद्र यादव , मृतक एस भुईया के पिता सरहू भुईया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# मोदी सरकार की योजनाओं से गरीब जनता को लाभ मिल रहा

**भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा संवाद कार्यक्रम का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा संवाद कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यालय गढ़वा में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर और वंदे मातरम गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नशरुद्दीन अंसारी ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि लड्डू खान ने कहा कि मोदी सरकार ने देश में ऐतिहासिक विकास किया है भाजपा ही अल्पसंख्यक समाज का विकास कर रहा है। आजादी से लेकर अबतक दुसरे दलों के लोग अल्पसंख्यक समुदाय का इस्तेमाल किया। झामुमो कांग्रेस के लोग अपने फायदे के लिए अल्पसंख्यक समुदाय का इस्तेमाल करते हैं लेकिन अब अल्पसंख्यक समुदाय जग गया है। अल्पसंख्यक समुदाय भाजपा के साथ खड़ा है आनेवाले लोकसभा विधानसभा चुनाव में अल्पसंख्यक समुदाय भाजपा के साथ पुरी तनमयता के साथ रहेगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि मोदी सरकार ने सबका साथ सबका विकास का नारा दिया है उसी के तहत हर समुदाय के लिए काम कर रहा है। भाजपा सरकार ही विकास कर सकती है बाकी झामुमो कांग्रेस सिर्फ अपनी झोली भरने में लगे रहते हैं। वर्तमान में सत्तासीन झामुमो सरकार झारखंड में लुट का तांडव कर रही है। वहीं गरीब जनता त्राहि-त्राहि कर रही है मोदी सरकार की योजनाओं से गरीब जनता को लाभ मिल रहा है उसमें भी झामुमो सरकार लुट मचा रही है।

भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने कहा कि झामुमो सरकार में बैठे मंत्री विधायक सिर्फ अपनी झोली भरने में लगे हुए हैं झामुमो सरकार में गढ़वा पुरी तरह से बर्बाद हो चुका है विकास के नाम पर मंत्री सिर्फ ढकोसला करने में लगे हुए हैं लेकिन जनता सच्चाई जान चुकी है आनेवाले दिनों में ऐसे भ्रष्ट मंत्री विधायक को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए जनता तैयार है। अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नशरुद्दीन अंसारी ने कहा कि महागठबंधन के नेताओं ने वोट बैंक के लिए अल्पसंख्यक समुदाय का फायदा उठाया है लेकिन अल्पसंख्यक समुदाय का विकास नहीं हुआ। अब अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भाजपा के साथ खड़े हैं भाजपा ही एक मात्र ऐसा पार्टी है जो सबका साथ सबका विकास कर रही है आनेवाले लोकसभा विधानसभा चुनाव में अल्पसंख्यक समुदाय का बच्चा बच्चा भाजपा के साथ खड़ा रहेगा।

कार्यक्रम को भाजपा नेता ओमप्रकाश तिवारी भाजपा जिला महामंत्री विकास स्वदेशी ने भी संबोधित किया। मौके पर जिला महामंत्री अंसाद बाबु खुर्शीद आलम हाजी गुलजार सब्बा नवाजिश मंतव अंसारी शमीम अंसारी लाल मोहम्मद रिजवी अंसारी मोरसलीम अंसारी सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अबुआ आवास देने का आग्रह

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने भवनाथपुर बीडीओ नंद जी राम को पत्र लिखकर दो असहाय महिला को अबुआ आवास देने का आग्रह किया है। दिये आवेदन में कहा गया है कि पंडरिया पंचायत के सरैया निवासी सह वार्ड सदस्य राजकुमारी देवी तथा दुसरा आवेदन कंचन कुंअर के द्वारा मुझे आवेदन दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि राजकुमारी देवी का आवास की पहली सुची में 17 नंबर पर नाम था लेकिन दूसरी सुची में 82 नंबर पर कर दिया गया तथा तीसरा सुची में इसका नाम ही हटा दिया गया है।

## नशे में धुत पति ने पत्नी को बेरहमी से पीटकर किया घायल, मायके में मौत



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। जानाकारी के अनुसार बीते शुक्रवार को चितरी गांव निवासी जगु रजवार पिता स्व कलपु रजवार ने अपनी पत्नी संगीता रजवार से आपसी विवाद में पत्नी को बेहरमी से पिट कर घायल कर दिया। जिसके बाद घायल पत्नी को छोड़ कर पति फरार हो गया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर विशुनपुरा पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर घायल महिला की इलाज के लिए बंशीधर नगर अनुमंडल अस्पताल ले गया। उसके बाद घायल महिला की परिजन (मायके) को जानकारी दी गयी। महिला के मायके भावनाथपुर थाना क्षेत्र के महुआधाम केरवा गांव में है। उसके बाद महिला के परिजन शुक्रवार को ही बंशीधर अनुमंडल अस्पताल आ गये, इलाज-रत बेटी संगीता की स्थिति में सुधार होने के बाद उसको लेकर मायके के महुआधाम केरवा ले गये, जहां जाने के क्रम रास्ते मे ही संगीता की मौत हो गयी। मौत के बाद भावनाथपुर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर ओपी के मदद से मृतिका की शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। मृतिका की मां करैली देवी ने बताया कि बंशीधर नगर अस्पताल में पति के मारपीट से घायल अपनी बेटी संगीता के इलाज के बाद केरवा अपने घर ले जाने लगे, जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी थी। उन्होंने अपने दामाद जगु रजवार पर दूसरे के साथ अवैध संबंध होने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि अबैध संबंध का विरोध करने पर हमारी बेटी संगीता के साथ हमेशा मारपीट करता था, हमारी बेटी को चुपचाप रहने का दबाब बनाता रहता था। वहीं विशुनपुरा पुलिस आरोपी पति जगु रजवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया है।

## पलामू से वीडी राम को प्रत्याशी बनाये जाने पर भाजपाइयों में हर्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र से भाजपा के तीसरी बार विष्णु दयाल राम को प्रत्याशी बनाये जाने पर भाजपाइयों ने श्री बंशीधर नगर में मिठाई बाट कर खुशी व्यक्त किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता, क्षेत्र की जनता, तहे दिल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा और बाबूलाल मरांडी को धन्यवाद देता है। और विष्णु दयाल राम जी को जीत की अग्रिम बधाई देता है। उन्होंने बताया कि पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीडी राम ने पलामू का कायाकल्प कर दिया है विकास के कोई ऐसा पैमाना नहीं है जिसमें बीडी राम ने पलामू को ऊंची मुकाम हासिल करवाया है। इस क्षेत्र के लोगों का दिल से यह मांग था कि बीडी राम को पुनः एक बार मौका दिया जाये, ताकि बचे हुए क्षेत्र का विकास अगले 5 वर्षों में कर पलामू को पिछड़ा से अग्रणी क्षेत्र में पहुंचाने का कार्य किया जा सके। उन्होंने कहा कि आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरा भारत विकास पद पर दौड़ पड़ा है। ऐसे में पलामू से बीडी राम के कुशल नेतृत्व में पलामू के कोने-कोने में विकास पहुंचा है। उन्होंने आगामी चुनाव में पलामू से रिकार्ड मतों से बीड़ी राम को जिताकर लोकसभा में भेजने की अपील की है। मौके पर अलख नाथ पांडेय, लक्ष्मण राम, मंडल अध्यक्ष शहरी कुमार कनिष्क, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विकास पांडे, ओम प्रकाश गुप्ता, विभूतिभूषण चौबे, अशोक सेठ, लाला, अविनाश, संजय कसेरा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## डंडई में ग्रामीणों की लगातार शिकायत के बाद भी नहीं बदला गया ट्रांसफार्मर, विभाग मौन

डंडई (आजाद सिपाही)। प्रखंड के रारो गांव के पथलाही टोला में जलकर खराब पड़े ट्रांसफार्मर की ग्रामीणों के द्वारा लगातार बदले जाने की मांग के बाद भी बिजली विभाग मौन साधी हुई है। टोल के ग्रामीण देवेंद्र यादव, बबलू यादव, रामाधार यादव, विनय यादव, राजनाथ यादव, मनी यादव बंशी यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि दस दिन पूर्व बिजली विभाग के एसडीओ के द्वारा दो दिनों के अंदर जलकर खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलने की बात बोला गया था। लेकिन आज तक खराब पड़े ट्रांसफार्मर को नहीं बदला गया। **पक्ष में:** मामले में बिजली विभाग के एसडीओ धीरेंद्र कुमार ने बताया कि जलकर खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बिजली विभाग के कनीय अभियंता से जांच पड़ताल करा कर अभिलंब ट्रांसफार्मर बदला जायेगा।

## टीडीएम प्लस टू विद्यालय के शिक्षक और शिक्षाकर्मियों ने पुतला दहन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह झारखंड सरकार टीडीएम प्लस टू विद्यालय के शिक्षक और शिक्षाकर्मी ने पुतला दहन किया। मौके पर उपस्थित शिक्षकों ने बताया कि प्रतिवर्ष सितंबर अक्टूबर तक अनुदान का प्रपत्र भारत जाता रहा है, परंतु इस बार विभागीय लापरवाही कारण अभी तक अनुदान प्रपत्र कॉलेज के द्वारा भरा नहीं जा पाया है। जिसके कारण सभी के बीच असमंजस की स्थिति है। उन्होंने बताया कि हम लोग क्षेत्र में गरीब दूरदराज क्षेत्रो में निर्धन छात्र-छात्राओं को शिक्षा हेतु दिन-रात मेहनत करते हैं और उनको उच्च शिक्षा प्राप्त करने में अपना योगदान देते हैं। हमारे पूर्व से कई मांगे हैं, हम सबों को भी समान वेतन दिया जाये, विभिन्न सुविधायें दिया जाये, परंतु दुर्भाग्य की बात है कि वर्तमान में अभी तक अनुदान भरने का कोई दिशा निर्देश हम सब को नहीं मिला है जिसके कारण सभी विद्यालयों का अनुदान का प्रपत्र अभी तक नहीं भरा गया है, जिससे शिक्षकों और शिक्षा कर्मियों के बीच दुबिधा की स्थिति है। हम सब अपने भविष्य को लेकर चिंतित है। ही हम वैसे ही हम सबों की मलीहारत बहुत ही खराब है वैसे में अनुदान प्रपत्र भरने को लेट होने से हम सब बहुत निराशा है। उसी के आक्रोश में आज हम सभी ने शिक्षा सचिव का पुतला दहन किया है और उनसे मांग किया है कि जल्द से जल्द अनुदान प्रपत्र भरने के का निर्देश स्पष्ट रूप से निर्देशित किया जाये। जल्द मांग नहीं माने जाने पर हम लोग आंदोलन करने को विवश होंगे। मौके पर वरुण कुमार पांडे, उमेश सिंह, विवेक गुप्ता, कमलेश, अमरेश यादव, राजीव रंजन, रजनीश, आशीष सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पाचाडूमर में श्री रुद्र महायज्ञ और शिव प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के साथ महायज्ञ शुरू

केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पाचाडूमर स्थित शक्ति स्वरूपा मां शायरी भगवती मंदिर परिसर में श्री रुद्र महायज्ञ और शिव प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के साथ महायज्ञ शनिवार से शुरू हुआ। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, समाजसेवी पंकज सिहं, सुरेंद्र प्रसाद, मुखिया श्याम सुंदर बैठा सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे। सुबह से ही शक्ति स्वरूपा मां शायरी भगवती मंदिर परिसर से प्रारंभ शोभा यात्रा बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ निकाली गयी। यह महायज्ञ 02 फरवरी से 8 फरवरी के बीच श्री रुद्र महायज्ञ और शिव प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ और प्रसिद्ध कथावाचक श्री श्री 1008 श्री महंत रामेश्वर दास जी महाराज के द्वारा श्री भागवत कथा का रसपान कराया जायेगा। इस मौके पर आयोजन अध्यक्ष गुडन पासवान, सचिव संतोष कमलापुरी, कोषाध्यक्ष नंदू प्रसाद, संरक्षक रविंद्र पासवान सहित हजारों संख्या में लोग उपस्थित थे।

## एआइएमआइएम का 66वां स्थापना दिवस मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएम आईएम) का 66वां स्थापना दिवस मनाया गया। जिला कार्यालय में आयोजित उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन केक काटकर किया गया। इस अवसर पर एआईएमआईएम पार्टी के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधानसभा प्रभारी डॉ एमएन खान ने कहा कि पार्टी से लोग लगातार जुड़ रहे हैं। लोक सभा और विधान सभा चुनाव में अभी सीटों पर एआईएमआईएम कामयाबी हासिल करेगी। उन्होंने कहा की एआईएमआईएम गरीब, शोषित और वंचितों की पार्टी है। पार्टी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। हमें सिर्फ पार्टी की विचारधाराओं को जन-जन तक पहुंचाना है। डॉक्टर एमएन खान ने कहा कि वर्तमान झारखंड की सरकार और मंत्री जो बड़े-बड़े वादे कर आपका वोट लेकर गए। इसका आपके बीच भरपाई नहीं हो सका। आप सब भली भांति जानते हैं कि झारखंड सरकार किसानों के जमीन हाल सर्वे में हुई गड़बड़ी का सुधार करने की बात, वृद्धा पेंशन व विधवा पेंशन के तहत दो हजार पांच सौ रुपये प्रति माह देने और पढ़ें लिखे बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने की बात की थी। प्रधानमंत्री आवास योजना में केन्द्र सरकार के अलावा झारखंड सरकार द्वारा राशि दिए जाने की बात की गई थी। लेकिन राज्य सरकार एक भी वादा पूरा नहीं कर सका। सब वादा ही बनकर रह गया। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता अब्दुल रहमान अंसारी, जिला सचिव रमजान, जिला कोषाध्यक्ष इफ्तिखार अहमद खान, अंसारी युवा के जिला अध्यक्ष मोजाहिम अंसारी, रंका प्रखंड अध्यक्ष इबरान अंसारी, मेराल प्रखंड अध्यक्ष फारुख अंसारी, युवा के मेराल प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद अली उर्फ लाला भाई, आदि उपस्थित थे। स्थापना दिवस के अवसर पर कई लोगों ने एआईएमआईएम की सदस्यता ग्रहण की।


### उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला।
(समाज कल्याण शाखा)

*Email-* awc3.monitoring@gmail.com

अतिअल्पकालिन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गुमला जिले के रूर्बन मिशन कल्स्टर करौंदी में 04 आंगनबाड़ी केन्द्रों का श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजनान्तार्गत Integrated Cluster Action Plan (ICAP) in Critical Gap Fund (CGF) हेतु Devlopment of Model ICDS Centers बनाया जाना है। उक्त के निमित अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी को सूचीबद्ध जिला समाज कल्याण कार्यालय, गुमला द्वारा किया जाएगा। मॉडल बनाने के निमित आवश्यक कार्य/सामग्री सूची एवं आंगनबाड़ी केन्द्र की सूची संलग्न।

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी अपनी निविदा का आवेदन बन्द लिफाफा में जिला समाज कल्याण कार्यालय, गुमला में दिनांक 09.03.2024 को पूर्वाहन 11:30 बजे तक हाथों–हाथ जमा कर सकते हैं। उक्त निविदा विकास भवन सभागार में दिनांक 09.03.2024 को 3:00 बजे अपराह्न में खोला जाएगा।

नोटः– उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट gumla.nic.in पर देखा जा सकता हैं।

PR 321331 Women, Child Development & Social Security(23-24)D

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,गुमला।



### कार्यालयः जिला कृषि पदाधिकारी खूँटी
#### किसान भाईयों के लिये आम सूचना

खूँटी जिला के किसान भाईयों को सुचित किया जाता है कि दिनांक 04–05 मार्च 2024 दिन सोमवार एवं मंगलवार को कचहरी मैदान, खूँटी में दो दिवसीय कृषि मेला–सह–किसान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में खेती में उपयोग किये जा रहे नई तकनीक, तरह–तरह के कृषि यंत्र, सिंचाई के नये–नये तरीके, मछली पालन के नये तरीके, फलों एवं सब्जियों की उन्नत खेती, मवेशियों के उचित रख–रखाव के तरीके, संकर नस्ल के गायों की उचित देख–रेख, दूध उत्पादन में वृद्धि, लाह की उन्नत खेती, रेशम पालन, मुर्गी पालन, सुअर पालन, बकरी पालन इत्यादि के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

अतः आप सभी से निवेदन है कि मेले में अपने उत्पाद (फल – केला 1 दर्जन, अमरूद– 5 अद्द, नीबू 05 अद्द, पपीता 01 अद्द, कटहल 01 अद्द, एवं सब्जी– गाजर 05 अद्द, मटर 25 अद्द, फूल गोभी 02 अद्द, पतागोभी 02 अद्द, ब्रोकली 02 अद्द, सलजम 05 अद्द, मूली 05 अद्द, मिर्च 25 अद्द, बैगन 05 अद्द, टमाटर 05 अद्द, सेम 10 अद्द, पालक पता 01 गुच्छा, धनिया पता 01 गुच्छा, कददू 01 अद्द, कोंहड़ा 01 अद्द, आलू 05 अद्द, प्याज 05 अद्द, ओल 01 अद्द, शारू 01 अद्द, अदरक 02 गुच्छा इन सभी के अलावे आपके पास जो भी कृषि उत्पाद है उसे) आप मेले में प्रदर्शनी हेतु ला सकते हैं। सर्वश्रेष्ठ उत्पादों को पुरस्कृत किया जायेगा।

PR.NO.321288 Agriculture(23-24):D

जिला कृषि पदाधिकारी, खूँटी।



### कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा
Phone Number:- 06526-222064 email-id: zplohardaga@gmail.com

#### ई–निविदा, अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा संख्या – 16/2023–24 दिनांक 01.03.2024

| क्र0/ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | कैरो | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, नगजुआ का भवन निर्माण | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 08 (आठ माह) |
| 2 | पेषरार | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, चापरोंग का भवन निर्माण | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 08 (आठ माह) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | 05.03.2024 |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय | :– | 12.03.2024/01:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि व समय | :– | 13.03.2024/01:00 बजे अपराह्न में |
| 5 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |
| 6 | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं। संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।

2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

PR 321228 Lohardaga(23-24)#D

उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लोहरदगा



### कार्यालय नगर पंचायत, बासुकीनाथ
#### बंदोवस्ती सूचना संख्या 13/2023–24
(अतिअल्पकालीन)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, बासुकिनाथ अंतर्गत निम्नलिखित आयश्रोतों की बन्दोवस्ती खुले डाक द्वारा दिनांक 09.03.2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न में नगर पंचायत कार्यालय, बासुकिनाथ में किया जायेगा। निर्धारित तिथि को डाक नहीं होने की स्थिति में अगली तिथि दिनांक 11.03.2024 निर्धारित किया जाता है। समय एवं स्थान पूर्ववत रहेगा। अधिक जानकारी के लिये अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

| क्र. | बन्दोवस्ती का नाम | निर्धारित क्षेत्र | बंदोबस्ती हेतु Base Price | डाक बोलने के पूर्व 10 प्रतिशत सुरक्षित जमा राशि(बैक ड्राफ्ट के रूप में) | बंदोबस्ती अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बासुकिनाथ गुदडीहाट एवं फुटकर वसुली बंदोबस्ती | सैरात प्लॉट संख्या–434 सैरात प्लॉट संख्या–518 सैरात प्लॉट संख्या–520 तथा समस्त सरकारी प्लॉट एवं फूटपाथ पर लगने वाले दुकान (कार पड़ाव, बस पडाव रहित) से वसुली कार्य। | Rs. 2116000/- | Rs.211600/- | माह अप्रेल 2024 से माह मार्च 2025 तक (शिवरात्री मेला 2025 को छोडकर तथा श्रावणी मेला/माह 2024 को छोडकर) |
| 2 | होर्डिंग शुल्क बंदोबस्ती | सम्पूर्ण नगर पंचायत, बासुकिनाथ | Rs. 570000/- | Rs. 57000/- | माह अप्रेल 2024 से माह मार्च 2025 तक |
| 3 | जरमुंडी हाट वसुली बंदोबस्ती | मौजा–जरमुंडी | Rs. 341000/- | Rs. 34100/- | माह अप्रेल 2024 से माह मार्च 2025 तक |

नोट :– बंदोबस्ती की शर्तें कार्यालय सूचना पट पर किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

PR.NO.321215 District(23-24):D

प्रशासक नगर पंचायत, बासुकीनाथ



### झारखण्ड सरकार
### वन प्रमण्डल पदाधिकारी का कार्यालय, कोडरमा वन प्रमण्डल
#### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा वन प्रमण्डल के अंतर्गत निम्नांकित अंतिम रूप से राज्यसात वाहनों को "जहां है, जिस स्थिति में है" के आधार पर बिक्री हेतु नीलामी खुली डाक द्वारा की जायेगी। डाक वक्ता जिस वाहन का बोली लगाने के लिए इच्छुक है उस वाहन के अधिकतम बोली राशि एक बंद लिफाफा में लिखकर दिनांक 11.03.2024 को 02:00 बजे अपराह्न तक प्रमण्डलीय कार्यालय में प्राप्त की जायेगी तथा निविदा उसी दिन प्रमण्डलीय कार्यालय में निविदादाता या उनके प्रतिनिधि के समक्ष 02:30 बजे अपराह्न में खोली जायेगी, जिस निविदादाता क्रमांकित राशि अधिक होगी उस राशि पर बोली लगायी जायेगी। किसी भी व्यक्ति को यह आपत्ति हो कि निविदा सूचना में उल्लेखित वाहन संबधी सुनवाई किसी न्यायालय में विचाराधीन है तो, वे संबंधित मामले में अपना दावा स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से साक्ष्य हेतु दस्तावेज के साथ कार्यालय अवधि में कोडरमा वन प्रमण्डल कार्यालय में दिनांक 11.03.2024 को 12:00 बजे मध्याह्न तक समर्पित कर सकते हैं, अन्यथा यह समझा जाएगा कि उल्लेखित राज्यसात वाहनों की निविदा द्वारा बिक्री करने पर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति नहीं है। नीलामी रद्द करने एवं किसी भी डाक बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा फार्म एवं निविदा संबंधी नियम एवं शर्तो से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रमण्डलीय कार्यालय सूचना पट्ट या कार्यालय से कार्यालय अवधि में प्राप्त कर सकते हैं।

**वाहनों की सूची जिसके लिए निविदा सूचना आमंत्रित है :**

| क्र0 सं0 | वाहन का प्रकार | अधिहरण वाद संख्या | निबंधन संख्या | वाहन का स्थान (वर्तमान मे जहाँ रखा गया है।) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | टाटा मैजिक | 25/2017 | JH-12B-7031 | गझण्डी प्रक्षेत्र |
| 2 | 06 चक्का ट्रक | 11/2017 | JH-12B-0437 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 3 | ट्रक एल0पी0 | 17/2017 | HR-64-8752 | कोडरमा प्रक्षेत्र |
| 4 | एचएमटी ट्रैक्टर टेलर सहित | 20/17 | Without no. | डोमचाँच प्रक्षेत्र (बरियारडीह) |
| 5 | बारह चक्का ट्रक | 12/14 | JH02AB-1744 | चंदवारा थाना काण्ड सं0 – 53/14 |
| 6 | कमाण्डर जीप | 20/2016 | JH-02A-0755 | कोडरमा प्रक्षेत्र |
| 7 | शक्तिमान ट्रक | 11/2018 | Without no. | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 8 | शक्तिमान ट्रक | 10/2018 | Without no. | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 9 | पुराना नीले रंग का पावर ट्रक ट्रैक्टर कम्प्रेशर सहित | 24/2018 | Without no. | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 10 | हीरो मोटर साईकिल | 32/2017 | JH-11K-3163 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| क्र0 सं0 | वाहन का प्रकार | अधिहरण वाद संख्या | निबंधन संख्या | वाहन का स्थान (वर्तमान मे जहाँ रखा गया है।) |
| 11 | टी0भी0एस0 मोटर साईकिल | 06/2018 | JH-02N-0184 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 12 | टाटा 407 ट्रक | 12/2018 | BR-12A-1921 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 13 | 407 ट्रक | 08/2018 | BR-13G-3672 | कोडरमा प्रक्षेत्र |
| 14 | 407 ट्रक | 64/2018 | Engine No. 497TC0KYZ930525 | कोडरमा प्रक्षेत्र |
| 15 | ब्लू रंग का 407 ट्रक | 25/2018 | BR-17G-6230 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 16 | पुराना स्कूटर | 06/2015 | Without no. | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 17 | बोलेरो पिकअप भान | 08/2015 | JH-12D-4744 | कोडरमा प्रक्षेत्र |
| 18 | पिकअप भान | 15/2016 | JH-11J-1802 | सतगावाँ प्रक्षेत्र |
| 19 | हंक मोटर साईकिल | 09/2015 | JH-12D-6488 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 20 | टेम्पो ओटो | 21/2016 | Jh-12B-1780 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 21 | नीले रंग का टाटा 407 मिनी ट्रक | 62/2018 | BR17-9536 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 22 | एल0पी0 ट्रक | 39/2018 | JH-02C-2529 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 23 | पिकअप वैन | 53/2018 | Jh-11D-3581 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 24 | दो शक्तिमान ट्रक | 13/2018 14/2018 | Without no. | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 25 | हरा रंग का जोनडियर ट्रैक्टर सहित | 46/2018 | Without no. | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 26 | शक्तिमान ट्रक | 02/2017 | WB-03A-4364 | कोडरमा प्रक्षेत्र |
| 27 | पिकअप वैन | 08/2017 | Jh-02X-9861 | कोडरमा प्रक्षेत्र |
| 28 | ट्रक | 15/2017 | Jh-12C-3346 | गझण्डी प्रक्षेत्र |
| 29 | जोनडियर ट्रैक्टर | 04/2017 | Without no. | गझण्डी प्रक्षेत्र |
| 30 | बोलेरो पिकअप वैन | 32/2020 | JH-12C-3159 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |

PR.NO.321243 Forest, Environment and Climate Changes(23-24):D

वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल।

## आज ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के किचटो चिरैयांटाड़ ईमली पेड़ के समक्ष आज 12:30 बजे से लोकल विस्थापित ट्रक ऑनर एसोसिएशन की एक आवश्यक बैठक रखी गयी है। इसकी जानकारी देते हुए ट्रक ऑनर एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि इस बैठक में भाड़ा से संबंधित बातों पर चर्चा की जायेगी, साथ ही आगे को लेकर रणनीति बनायी जायेगी। इस बैठक मे पिपरवार क्षेत्र के सभी ट्रक ऑनरो से उपस्थित होने की अपील की गयी है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# हुरदा पंचायत को प्रखंड बनाने की मांग उठायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** भाजपा विधायक कोचे मुंडा ने विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन शनिवार को तोरपा विधानसभा क्षेत्र के बानो प्रखंड की हुरदा पंचायत को प्रखंड का दर्जा देने की मांग की। विधानसभा के गैर सरकारी संकल्प के तहत कोचे मुंडा ने सरकार से जानना चाहा कि क्या विधानसभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि सिमडेगा जिले के बानो प्रखंड की छह पंचायतों हुरदा, गेनमेर,



फोटो कोचे मुंडा

रायकेरा, बिनतुका, जामताई और डुमरिया को मिलाकर हुरदा को प्रखंड का दर्जा दिया जाये। उन्होंने कहा कि लोकहित में हुरदा को प्रखंड का दर्जा देने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और लोगों की परेशानियां भी कम होगी। इस पर सरकार की ओर से बताया गया कि प्रखंड सृजन के लिए कम से कम 18 पंचायतों का होना चाहिए और वहां की जनसंख्या एक लाख 25 हजार होनी चाहिए। वर्तमान में वहा की जनसंख्या 28566 है। इसलिए हुरदा पंचायत प्रखंड की अहर्ता को पूरा नहीं करती।

# डॉ सामुएल अमन ने एक लाख लोगों का मोतियाबिंद ऑपरेशन कर बनाया कीर्तिमान

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी के अनगड़ा स्थित एसजीवीएस अस्पताल के युवा नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सामुएल अमन टोप्पो ने अब तक एक लाख नेत्र रोगियों की आंखों का ऑपरेशन कर अपने क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया। डॉ सामुएल ने शुक्रवार को दयानदं नेत्रालय में एक मरीज की आंख का ऑपरेशन कर अपना एक लाख का आंकड़ा छुआ। एसजीवीएस के संचालक डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि डॉ सामुएल ने रिम्स रांची से ऑप्थोलोमॉजी के बाद मदुरै से



डॉ सामुएल

एक की डिग्री और फेलोशिप प्राप्त की। डॉ सिंह ने बताया कि पहली बार डॉ सामुएल से उनकी मुलाकात 2012 में मदुरै के अरविंद अस्पताल में हुई थी। उस समय अस्पताल के निदेशक डॉ तुलसी राज ने डॉ सामुएल को सौंपते हुए कहा था कि यह लड़का दयानंद नेत्रालय की पूंजी है। उसके बाद से डॉ सामुएल एकलौते आदिवासी नेत्र सर्जन हैं, जिन्होंने एसजीवीएस अस्पताल खूंटी और सिमडेगा जिले में 25 हजार और अन्य जिलो में 75 हजार ऑपरेशन किये गये।

इसके अलावा बिहार आई बैंक, और मदुरै में भी हजारों ऑपरेशन किये हैं। डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि डॉ सामुएल ने डॉ अर्जन दास ग्रोवर, डॉ राज मोहन, डॉ दीपक मरियानुस लकड़ा और डॉ सामुएल द्वारा खूंटी, सिमडेगा और चाईबास में 1987 से प्रधानमंत्री नेत्र जयोति अभियान के तहत अब तक एक लाख 37 हजार मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन किया जा चुका है। पद्मभूषण कड़िया मुंडा, डॉ राजमोहन, राजेंदर आर्य और कई गणमान्य लोगो ने डॉ सामुएल को बधाई दी और गरीबों की सेवा के लिए उनका आभार प्रकट किया।

## कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक



खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक एसीसी मैदान में हुयी। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सलामत अंसारी ने किया। मौके पर उपस्थित अब्दुल्ला अंसारी ने संगठन को पंचायत से लेकर गांव स्तर तक मजबूत करने पर बल दिया। कहा कि सभी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव के तैयारी में जुट जाय।कहा कि पार्टी के नीति और सिद्धांत को सभी लोगों को बताये। इस मौके पर सुल्तान अंसारी, जहीर अंसारी, मोहमद इदरीस, आशिक रिजवी, चमन तुरी आदि अन्य लोग शामिल थे।

## आदर्श उच्च विद्यालय के शिक्षक हड़ताल पर रहे




मैक्लुस्कीगंज(आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य वित रहित संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर आदर्श उच्च विद्यालय मैकलुस्कीगंज के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी एक दिवसीय शैक्षणिक हड़ताल पर रहे। विद्यालय के शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारी गेट के सामने हड़ताल पर बैठ गये। जिसके के कारण विद्यालय में पठन पाठन का कार्य बाधित रहा। जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य आदित्य प्रसाद साहु ने बताया कि वर्ष 2023 - 2024 की अनुदान की राशि लैप्स होने के कगार पर पहुंच गया है। माध्यमिक शिक्षा विभाग गठित कमेटी की अनुशंसा के 13 माह गुजर जाने के बाद भी अनुदान की राशि में 75% तक वृद्धि करने का फाईल 13 महीने से विधि विभाग एवं वित्त विभाग का सहमति नहीं मिल पाया है। जिसको लेकर झारखंड के सभी इंटरमीडिएट कॉलेज, उच्च विद्यालय, संस्कृत विद्यालय एवं मदरसा विद्यालय के सभी, प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी हड़ताल पर रहे। हमारी मांगे बिहार की तर्ज पर अनुदानित विद्यालयों के शिक्षकों व शिक्षकेतर कर्मचारियों को राज्य कर्मी का दर्जा देने एवं अनुदान की राशि लैप्स न हो इस पर त्वरित कार्रवाई की जाए अन्यथा वित्तरहित शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के समक्ष भूखमरी की समस्या उत्पन्न हो जायेगी। जिससे मोर्चा को आगे भी आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव लखन प्रसाद साहु, गोपाल प्रसाद, जयप्रकाश यादव, सुधीर पांडे, एडवर्ड मरांडी, निर्मल कुजूर, राधा कुमारी, मनोहर महतो, मनोज कुमार दुबे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पिपरवार के नये थाना प्रभारी का हुआ स्वागत



थाना प्रभारी का स्वागत करते जनप्रतिनिधि।

पिपरवार (आजाद सिपाही)। पिपरवार थाना के नये थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा का शनिवार को स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने स्वागत किया। जानकारी के अनुसार सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी जितेंद्र कुमार राम और बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी के नेतृत्व में कई लोगों ने फूलों का गुलदस्ता देकर नये थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा का स्वागत किया। इस दौरान स्थानीय कई समस्याओं पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। जन प्रतिनिधियों ने पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र की समस्या से थाना प्रभारी को अवगत कराया। इस दौरान थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने थाना क्षेत्र मे विधि व्यवस्था बहाल करने और आम जनता के साथ बेहतर तालमेल बनाकर काम करने का भरोसा दिया। उन्होंने जन प्रतिनिधियो एंव आम जनता से भी पुलिस को सहयोग करने और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। इस मौके पर मुखिया रीना देवी, जितेंद्र कुमार, दिनेश महतो, देवनाथ महतो, अविनाश कुमार, दिलीप मुंडा सहित कई लोग मौजूद थे।

## 15 दिन में 100 एकड़ भूमि पर लगे अफीम के पौधों को नष्ट किया गया



बुंडू (आजाद सिपाही)। पूरे बुंडू अनुमंडल क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती को लेकर अनुमंडल पुलिस के द्वारा 15 दिनों में कुल 100 एकड़ भूमि पर लगे हुए अफीम को नष्ट किया गया। इस अवसर पर बुंडू डीएसपी रतीभान सिंह ने कहा की ग्रामीण अवैध अफीम खेती से दूर रहे ये एक बहुत ही नशीला पदार्थ है जो आने वाले पीढ़ियों को नशे का आदि बना देगी और समाज पूर्ण रूप से तहस-नस हो जोयगी।

# भाजपा एक पार्टी एक राष्ट्र का नारा देकर लोकतंत्र को समाप्त करने की साजिश कर रही : सीपीआइ-एम

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** आज हमारा देश चौतरफा संकटों से घिरा हुआ है। मोदी सरकार की जनविरोधी और पूंजीपति परस्त नीतियों के कारण देश के किसान, मजदूर, छात्र, नौजवान, महिला और छोटे व्यापारियों समेत सभी तबके अपने जीवन जीविका पर हो रहे हमलों से त्रस्त हैं। झारखंड जैसे राज्य में तो स्थिति और विकट है, एक ओर राज्य में विस्थापन और पलायन की समस्या बढती ही जा रही है, दुसरी ओर यहां विभाजनकारी ताकतें मेहनतकशों की एकता को तोड़ने की भी साजिश कर रही हैं। यह बात आज सीपीआइ (एम) की तमाड़ विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कही।






उन्होंने कहा कि आज भाजपा एक पार्टी एक राष्ट् का नारा देकर देश में लोकतंत्र को ही समाप्त करने की साजिश कर रही है। इस साजिश के तहत ही भाजपा विपक्ष के नेताओं को ईडी, आईटी और सीबीआई का दुरुपयोग कर परेशान कर रही है। जिला सचिव सुखनाथ लोहरा ने कहा कि अभी कुछ ही दिनों में लोकसभा के चुनाव होगें, हमारी पार्टी पुरा जोर लगायेगी की इस चुनाव में झारखंड के सभी 14 संसदीय सीटों पर भारतीय जनता पार्टी की हार सुनिश्चित की जाये। पार्टी के राज्य कमिटी सदस्य और तमाड़ विधानसभा के इंचार्ज सुरेश मुंडा ने कहा कि तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के पिछड़ेपन का सबसे बड़ा कारण है, यहां के निर्वाचित जन प्रतिनिधियों की जनता के प्रति उदासीनता, लेकिन लाल झंडा और सीपीआई (एम) हमेशा यहां की जनता के ज्वलंत मुद्दों पर आंदोलन के मैदान में रही है और हमारे प्रयासों से जनता को कुछ राहत दिलाने में सफलता भी मिली है। अभी हमने तय किया है कि वन अधिकार कानून के तहत वन भूमि पर बसे रैयतों और किसानों को व्यक्तिगत और सामुदायिक पट्टा दिलाये जाने के लिए तुरंत एक सर्वे कर और उसकी एक सूची बना कर अंचलों में जमा करायेंगे। आज के कार्यकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता यदु गोपाल मुंडा ने की। सम्मेलन को अन्य लोगों के अलावा तमाड़ और बुंडू लोकल कमिटी के सचिव क्रमशः जहरु लाल मुंडा, मंगल सिंह मुंडा और खूंटी के जिला सचिव गनेश मुंडा, पार्टी की पंचपरगना कमिटी के संयोजक रामधन मछुआ, मो. मनीर और रीता स्वांशी समेत पार्टी के अन्य नेताओं ने संबोधित किया।

# लोगों की हंसती-खेलती जिंदगी पर मौत का ब्रेक लगा रहे हैं सडकों पर बेतरतीब बने स्पीड ब्रेकर

### खूंटी और तोरपा के बीच 28 किमी में बनाये गये हैं 28 ठोकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़कों पर गति अवरोधकों जिन्हें आम तौर पर ठोकर कहा जाता है का निर्माण कराया जाता है, लेकिन ये गति अवरोधक ही दुर्घटनाओं का सबब बन जाये, तो इसे क्या कहा जाये। सड़कों पर बेतरतीब ढंग से बनाये गये स्पीड ब्रेकर लोगों की हंसती खेलती जिंदगी में मौत का ब्रेक लग रहे हैं।

खूंटी जिले में ऐसी कई सड़कें हैं, जहां भारी संख्या में बेतरतीब ढंग से ठोकरों का निर्माण करा दिया गया है, जो आये दिन दुर्घटनाओं का कारण बनते जा रहे हैं। उदाहरण के लिए हम खूंटी-तोरपा रोड को ही लें। खूंटी और तोरपा के बीच की दूरी 28 किलोमीटर है और इतनी दूरी में 28 सें अधिक ठोकर बना दिये गये हैं। इसके कारण आये दिन लोग इसका शिकार होकर मौत के मुंह में समा रहे हैं। कुछ दिन पहले ही तोरपा के दो शिक्षक निर्णय सिंधु बेंहरा और मुस्कु बड़ाईक इन बेतरतीब स्पीड के कारण अपनी जान गंवा चुके हैं। तोरपा और खूंटी के बीच 28 किलोमीटर में 28 से अधिक अधिक ठोकर बनाये जाने का औचित्य लोगों की समझ से परे है। तोरपा से खूंटी के बीच ठोकरों की गणना करें तो कुजंला गांव के पास दो और मुंडा कुंजला गांव के पास दो ठोकर बनाये गये हैं। इसी प्रकार रिलायंस पेट्रोल पंप के पास दो, बनई नदी के दोनों छोर पर दो, बिचना गांव के पास दो, अंगराबारी में तीन, डोडमा में तीन, चुरगी पेट्रोल पंप के पास एक, दियांकेल गांव के पास एक, तोरपा रेफरल अस्पताल के पास एक, देवी मंडप के पास एक, नगर भवन के पास एक, स्टेट बैंक के पास एक, पोस्ट ऑफिस के पास एक, तोरपा थाना के पास एक, प्रखंड कार्यालय के पास एक, कर्रा रोड के पास दो और तोरपा पेट्रोल पंप के पास दो ठोकरों का निर्माण कराया गया है।

### मानकों का पालन नहीं किया गया: संतोष जयसवाल

सड़कों पर बने गति अवरोधकों के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं के संबंध में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य संतोष जयसवाल कहते हैं कि ठोकरों के निर्माण में मानकों का पालन नहीं किया गया। इसके कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं। तोरपा क व्यवसायी रोशन जयसवाल कहते हैं कि जहां स्पीड ब्रेकर बनाये जाते हैं, वहां रंबल स्ट्रीप सहित कई तरह के संकेत दिये जाने का प्रावधान है, पर इस ओर प्रशासन का ध्यान नहीं है। रामाशीष महतो कहते हैं कि मानक के अनुरूप गति अवरोधकों का निर्माण हो, तो काफी हद तक दर्घटनाओं पर रोक सकती है। खूंटी के समाजसेवी अनूप साहू कहते हैं कि कुछ क्षेत्रों में लोग सड़क निर्माण कें दौरान जबरन अपने घरों के पास स्पीड ब्रेकर बनवा लेते हैं। कहीं-कहीं तो लोग सड़क पर ईंट-पत्थर रखकर बिना तय मानक के ठोकर बना लेते है। इसके कारण वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

### यह है नियम

भारतीय सड़क कांग्रेस (आइआरसी) के अनुसार, आदर्श स्पीड ब्रेकर की ऊंचाई दस सेंटीमीटर, पैरा बॉलिक लंबाई 3.7 मीटर होनी चाहिए। चालकों को सचेत करने के लिए स्पीड ब्रेकर आने से 40 मीटर पहले चेतावनी बोर्ड लगा होना चाहिए, ताकि गति नियंत्रित हो सके। स्पीड ब्रेकर पर सफेद और काले पेंट से पट्टियां बनायी जानी चाहिए, ताकि रात को भी चालकों को ठोकर आसानी से दिख जाये। इस संबंध में राय जानने के लिए सड़क सुरक्षा पदाधिकारी के माबाइल से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# आइ एम वैरिफाइड वोटर अभियान कल से



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में शनिवार को का मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियो के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने बताया कि आई एम वैरिफाइड वोटर अभियान का शुभारंभ चार मार्च से किया जायेगा। यह अभियान तीन सप्ताह तक चलेगा। उन्होने कहा कि यह अभियान शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में पूर्वाह्न 10 बजे से चलाया जायेगा। मतदाता स्वयं अपने मतदान केंद्र में जाकर अपना नाम मतदान केंद्र में उपलब्ध मतदाता सूची में दर्ज है अथवा नहीं, इसकी जांच कर सकेंगे। यदि मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं है या अन्य त्रुटि हो, तो प्रपत्र 6 और 8 संबंधित बीएलओ को समर्पित करेंगे। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में नाम निर्देशन संबंधी सभी दिशा निदेर्शों की चर्चा करते हुए डीसी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से इस अभियान का प्रचार-प्रसार करने की अपील की। उक्त स्ट्रांग रूम मतदान की तिथि को प्रातः पांच बजे राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला जायेगा।

**कार्यक्रम का उद्देश्य मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है :** बैठक के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपायुक्त ने बताया कि आईएम वैरिफाइड वोटर अभियान का उद्देश खूंटी जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक कर मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीएम अनिकेत सचान और जिला जन सपर्क पदाधिकारी सैयद राशिद अख्तर भी मौजूद थे।

### मतदान के प्रति जागरूक करना हमारी नैतिक जिम्मेवारी : निदेशक




**खूंटी।** स्वीप कोषांग के तत्वावधान में शनिवार को मतदाता जागरुकता अभियान के तहत खूंटी के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकाली गयी। हाथों में मतदाता जागरुकता संबंधी तख्तियों के साथ रैली में शामिल विद्यार्थियों का दल बिरसा कॉलेज खूंटी के हॉकी मैदान पहुंचा, जहां रैली का समापन हुआ। मौके पर निदेशक आइटीडीए द्वारा मतदाता प्रतिज्ञा की शपथ दिलायी गयी और गब्बारे उड़ाकर हस्ताक्षर अभियान का आगाज किया गया। मौके पर निदेशक आइटीडी ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव का महत्व सर्वोपरि है। इस अवसर पर स्वीप कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सयैद राशिद अख्तर, जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिरसा कॉलेज की प्राचार्या सहित शिक्षा विभाग के जिला अतिरिक्त कार्यक्रम पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## तपकारा गोलीकांड के बलिदानियों को दी गयी श्रद्धांजलि



खूंटी(आजाद सिपाही)। झारखंड पार्टी के द्वारा दो मार्च 1946 ई को तपकारा गोलीकांड में मारे गये झारखंड आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। खूंटी के जोजोटोली बस्ती में शनिवार को बलिदानियों की याद में किये गये पत्थलगड़ी स्थल की साफ सफाई कर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे झारखंड पार्टी के जिला महासचिव योगेश वर्मा ने कहा कि झारखंडियों की अस्मिता, धर्म, संस्कृति और जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योच्छावर करने वाले बलिदानियों का सपना आज भी अधूरा है। उनके अधूरे सपने को पूरा करने के लिए झारखंड पार्टी संघर्ष करेगी। उन्होंने आंदोलनकारी और बलिदानियों को चिह्नित कर उनके स्वजनों को सरकारी सुविधा प्रदान करने की मांग की। बताया गया कि झारखंड पार्टी के संस्थापक मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के नेतृत्व वाली आदिवासी महासभा के कार्यक्रम में हुए इस गोलीकांड में बलिदान हुए पांच बलिदानियों को खूंटी के जोजोटोली में ही दफनाया गया था। बलिदानियों में दियांकेल गांव के संतोष टोपनो, उड़ीकेल गांव के सुखराम कोंगाड़ी, सारिदकेल गांव के जोहन कुजूर, मुरहू के मनसुख मुंडू और ओंडरा गांव के जोहन सांगा शामिल थे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में जेम्स टोपनो, पौलुस नाग, पतरस नाग, सुशील, आनंद मसीह मुंडू, कृष्णा मांझी, निराली मुंडू, सिलवंती मानकी, अनामिका आदि शामिल हैं।

## आजसू बुद्धिजीवी मंच की बैठक आयोजित

बुंडू (आजाद सिपाही)। आजसू बुद्धिजीवी मंच के बुंडू प्रखंड कमिटी के द्वारा कुशवाहा भवन बुंडू में संगठन पुर्नगठन हेतु शनिवार को एक आवश्यक बैठक किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा ने संगठन को मजबूत करने की पहल हर सदस्यों को झारखंड का सर्वांगीण विकास हेतु सबको एकजुट होकर संगठित बनाने पर जोर दिया। केंद्रीय महासचिव डॉ मुकुंद चंद्र मेहता ने कहा, पार्टी सुप्रीमों का सोच है बुद्धिजीवियों के सहयोग से झारखंड का नवनिर्माण संभव है। बैठक में सर्व समिति से बुंडू प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष देवनाथ कुशवाहा, उपाध्यक्ष कार्यकारी अध्यक्ष शशि भूषण सिंह मुंडा, सचिव धनंजय महतो, उपाध्यक्ष चितरंजन सेठ, बहला पाहन, धनेश्वर महतो, संगठन सचिव डॉ जागेश्वर अहीर प्रवक्ता विश्वनाथ प्रसाद, कोषाध्यक्ष कृष्ण चंद्र महतो के अलावा कार्यकारिणी 11 सदस्य चुने गये। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता शिव शंकर महतो, भयभंजन प्रसाद, आलम अंसारी, मनोरंजन महतो, प्रदीप कुमार महतो, मनोरंजन, लोबिन महतो, मोहर राम महतो, बसंत नारायण, गणेश चंद्र, रविंद्र नाथ महतो आदि मौजूद थे।

## चुनाव को लेकर कई थाना के पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया

इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शनिवार को आयोजित शिविर में आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर कई थाना के पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक सिल्ली के डीएसपी रनविजय सिंह ने चुनाव के दौरान पुलिस बलों की सुरक्षित तैनाती, असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर, दैनिक खर्च, चुनाव आयोग के निर्देश को सभी राजनितिक दलों को सही तरीके से अनुपाल कराने, उग्रवाद क्षेत्रों में सुरक्षित चुनाव कराने, अवैध हथियार, शराब, नगदी सहित कई मुद्दों का प्रशिक्षण विस्तार पूर्वक दिया। प्रशिक्षण में मांडर थाना के राहूल कुमार, चान्हों के विनीत कुमार, बुडमू रामजी कुमार, खलारी सीआई विजय कुमार सिंह, मैक्कलूसिगंज गोविंद कुमार, बेड़ो प्रशिक्षु डीएसपी विनीत कुमार के अलावा इटकी प्रशिक्षु डीएसपी दशरू बान सिंह के अलावे कई पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## मानव उत्थान सेवा समिति ने पुरानीराय में खिचड़ी प्रसाद का किया वितरण



पिपरवार (आजाद सिपाही)। कोयलांचल क्षेत्र के झारखण्डी शिव मन्दिर पुरानी राय मे शनिवार को मानव उत्थान सेवा समिति के द्वारा खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम में समिति के अलावा काफी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। इस संबंध मे समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रत्येक शनिवार को समिति के द्वारा भजन कीर्तन और खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया जाता है। जिसमें सबसे पूर्व झारखंडी शिव मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता है, जिसके बाद सभी लोगों के बीच खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया जाता है। इस मौके पर शिवलाल महतो, गणेश राम, धनेश्वर महतो, गुलाबचंद प्रसाद, अशोक साव, कुमारी सोनाली राज, कुलेश्वर लोहार, पुनीता देवी, कालिंदी, सोनी देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## पारित हो लापुंग में डिग्री कॉलेज की स्थापना का प्रस्ताव : शिल्पी



**रांची (आजाद सिपाही)।** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि रांची के सुदूरवर्ती लापुंग प्रखंड में डिग्री कॉलेज की स्थापना की जरूरत है, ताकि उच्च शिक्षा के लिये छात्र-छात्राओं को लंबी दूरी तय कर राजधानी रांची न जाना पड़े। शनिवार को विधानसभा में अपने गैर सरकारी संकल्प में विधायक ने कहा कि रांची से लापुंग की दूरी लगभग 60 किलोमीटर है और वहां डिग्री कॉलेज ना होने से वर्तमान समय में लापुंग के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिये रांची जाना पड़ता है। ऐसी परिस्थिति में अनेक कठिनाइयों के कारण कई छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाते। अपने गैर सरकारी संकल्प में उन्होंने सदन से लापुंग प्रखण्ड में डिग्री कॉलेज का स्थापना का प्रस्ताव पारित करने की मांग की। कहा कि इससे न केवल रांची के लापुंग प्रखण्ड के 11 पंचायतों बल्कि आसपास के खूंटी और गुमला जिला के कर्रा, गोविंदपुर, भरनो और कामडारा की छात्र-छात्राएं भी सीधे लाभावित होंगे। गैर सरकारी संकल्प के तहत श्रीमती तिर्की द्वारा उठाये गये मुद्दे का जवाब देते हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि झारखण्ड सरकार की वर्तमान योजना के अनुसार प्रत्येक वैसे प्रखण्ड में डिग्री कॉलेज की स्थापना का प्रस्ताव है जहां अभी डिग्री कॉलेज नहीं है। उन्होंने कहा कि मांडर प्रखण्ड में बेड़ो में करमचंद भगत महाविद्यालय एवं मांडर में मांडर कॉलेज है। हालांकि उन्होंने इस बात पर सहमति जतायी कि लापुंग से किसी भी डिग्री कॉलेज की दूरी बहुत ज्यादा है और इससे छात्र-छात्राओं को परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि अगले वित्तीय वर्ष में सरकार इससे संबंधित प्रस्ताव लायेगी। इस पर विधायक ने सरकार से आग्रह किया कि वह इसी वित्तीय वर्ष में इस डिग्री कॉलेज का स्थापना के संदर्भ में अपना प्रस्ताव लाये साथ ही तत्काल में कम से कम डिग्री कॉलेज की स्थापना के लिये सर्वे शुरू करे। हालांकि मंत्री द्वारा दिये गये आश्वासन के बाद उन्होंने अपना प्रस्ताव वापस ले लिया।

## मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वाइबीएन विश्वविद्यालय के एनएसएस शाखा ने मेरा पहला वोट देश के लिए कार्यक्रम के तहत मतदाता शपथ और मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया। जिसकी शुरूआत वाइबीएन यूनिवर्सिटी कवाली कैंपस से हुई। शनिवार को वाइबीएन यूनिवर्सिटी के एनएसएस कमेटी ने कवाली गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। सबसे पहले एनएसएस स्वयंसेवकों को एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक कौशल किशोर ने दुबारा मतदाता प्रतिज्ञा दिलायी। इसके बाद बीएड प्राचार्य डॉ कैलाश नाथ ने अपने संबोधन में कहा कि बहुप्रतीक्षित और 'अत्यधिक खबरों में' लोकसभा चुनाव आ गए है। यह हम सभी के लिए अपना वोट डालने और अपनी ताकत दिखाने का एक और अवसर है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि भारत के प्रत्येक वयस्क/प्रमुख निवासी को अपने निर्वाचन क्षेत्र में मतदान अवश्य करना चाहिए। फार्मेसी प्राचार्य डॉ आशीष सरकार ने कहा कि मेरा मानना है कि मतदान प्रत्येक प्रमुख व्यक्ति का अधिकार है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और लोकसभा चुनाव आम तौर पर 5 साल में एक बार होता है। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से डॉक्टर सुमन कुमारी एवं सुरुचि गुप्ता का अहम योगदान रहा।

## समीर उरांव को लोहरदगा लोकसभा के चुनाव में टिकट मिलने पर दी बधाई



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** भाजपा एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व राज्यसभा सदस्य समीर उरांव को लोहरदगा लोकसभा के चुनाव में टिकट मिलने पर मांडर की पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, भाजपा नेता भोगेन सोरेन, रामनारायण भगत, राजीव रंजन अधिकारी, नीरज कुजूर, भीखा उरांव, आलोक मिश्रा, सुखदेव कच्छप, बलराम सिंह, राजेश साहू, आनंद साहू, कुमुद वर्मा, तेजू दास, प्रकाश साहू, चंद्र किशोर उरांव, जतरू उरांव, संदीप साहू, कीनू पहान, विजय साहू, महावीर साहू, विदेंश्वर राम, विनोद गोप, लाखन देव उरांव, अरुण प्रसाद गुप्ता, आदित्य ताम्रकार आदि ने बधाई दी है।

## जेएसएलपीएस से जोड़ कर महिला मंडल, समिति व एसएचजी ग्रुप को और मजबूत करने की जरूरत



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न गांव में महिलाओं की ओर से विभिन्न जन समस्याओं को लेकर शनिवार को बैठक की गई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत भी शामिल हुए। इस दौरान महिलाओं की ओर से कई तरह की समस्याओं से डॉ परमेश्वर को अवगत कराया गया। मुख्य समस्याओं में महिलाओ को योजनाओं से वंचित करना शामिल था। इस पर डॉ परमेश्वर भगत ने बैठक में उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि उनके क्षेत्र में अमूल चूल परिवर्तन की जरूरत है। पिछले कई सालों से ग्रामीणों एवं समाज की उत्थान के लिए कोई ठोस काम नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए। नशा जैसी बुरी आदतों से लोगों को बचाया व एक स्वच्छ समाज का निर्माण किया जाए।

## लालगंज में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आज से

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लालगंज में पीपलेश्वर शिव मंदिर बाबा धाम का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ रविवार से होगा। जिसमें विधायक शिल्पी नेहा तिर्की,पूर्व विधायक बंधु तिर्की, समाज सेवी किशोर साहू, पूर्व सैनिक इंटर नेशनल सैनिक स्कूल के निदेशक नारायण साहू आदि शामिल होंगें।

### दहशत : संचालक को काम बंद रखने और संगठन से बात करने की चेतावनी

# उग्रवादियों ने सांगा स्टोन डिपॉजिट क्रेशर में पांच वाहनों में लगायी आग

**क्रेशर में कार्यरत छह मजदूरों से छीना उनका मोबाइल फोन**

**उग्रवादी कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान के नाम पर दी जा रही धमकी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिठोरिया।** थाना क्षेत्र के सांगा गांव में फिर एक बार रांची पुलिस को चुनौती देते हुए उग्रवादियों ने स्टोन डिपॉजिट क्रेशर में खड़े तीन हाइवा, एक लोडर और एक डीजे को आग के हवाले कर दिया, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। घटना शुक्रवार की रात 11.40 बजे की बताई जा रही है। क्रेशर में कार्यरत मजदूरों ने बताया कि सूत्रों की मानें तो चार-पांच की संख्या में नकाबपोश हथियारबंद उग्रवादी स्टोन डिपॉजिट क्रेशर पहुंचे मजदूरों को काम रोकने को कहा। इसके बाद वहां मौजूद लोगों के मोबाइल फोन छीन लिए और उसे बंद कर दिया। इसके बाद चालकों को उतार कर वहां खड़े हाइवा, लोडर और डीजे में पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दिया। उद्रवादियों ने कहा कि हम लोग कृष्ण यादव उर्फ सुल्तान के आदमी हैं। मालिक को कह देना कि यहां पर काम ना करें। घटना को अंजाम देने के बाद मजदूरों से छिने गए फोन लेकर चलते बने। उधर, संचालक वारिस अंसारी ने बताया कि रात को सूचना मिलने पर वे लोग क्रेशर पहुंचे। देखा कि तीन हाईवा, एक लोडर और एक डीजे जलकर खाख हो चुकी थी। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस-प्रशासन को दी गई। क्रेशर संचालक वारिश अंसारी ने बताया कि 28 फरवरी को क्रेशर के स्टाफ रामचंद्र के मोबाइल फोन पर उग्रवादी कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान के नाम पर धमकी भरा फोन आया था। उसने कहा था कि मालिक को बोल देना यहां पर काम बंद कर दे और संगठन से बात करें। हालांकि तब उन लोगों ने पिथोरिया पुलिस को इसकी सूचना दी थी। इससे पहले भी साल 2023 के जनवरी महीने में कृष्ण यादव के नाम से कुछ उग्रवादी क्रेशर में घुसकर स्टाफ के साथ मारपीट करते हुए अपने लेटर पैड पर पांच लाख रुपये के लेबी की मांग को लेकर पर्चा दिया था। उधर, घटना के बाद से वे लोग दहशत में है। आगजनी से करीब दो करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। उधर, खबर पाकर डीआइजी अनूप बिरथरे और ट्रैफिक एसपी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जांच करते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए कनीय पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया है।



घटना की सूचना पाकर जांच करने पहुंचे पुलिस के आला अधिकारी।

# रातू के आस्थापुरम में दिनदहाड़े नकद सहित सात लाख के आभूषण लेकर चंपत हुए चोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र स्थित आस्थपुरम में चोरों ने बंद मकान के दरवाजा का ताला तोड़कर वहां से नगदी सहित करीब सात लाख रुपये के आभूषण चोरी कर चंपत हो गए। इस बाबत पीड़ित सबींद्र नारायण मल्लिक ने रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। उधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच कते हुए चोरो की पहचान करने में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक भुक्तभोगी सबींद्र नारायण मल्लिक शुक्रवार की दोपहर दो बजे घर में लाता लगाकर अपने भाई से मिलने गये थे। इसी का लाभ उठाकर चोरों ने उनके घर पर लगे ताले को तोड़कर अंदर प्रवेश किया औरआलमारी के लॉकर में रखे सोने का हार, मंगलसूत्र, अंगूठी, झुमका, टीका, हसुली, नथिया, चेन, सोने का टॉप, बिंदी, चांदी का पायल और दो हजार रुपये नगद लेकर चलते बने, जिसकी कीमत करीब सात लाख रुपये बताई जा रही है। पीड़ित ने बताया कि शाम पांच बजे जब वह घर आकर देखा तो दरवाजा में लगा ताला टूटा था। घर के एक कमरे में अलमारी, बॉक्स पलंग व ट्रंक टूटे थे। अलमीरा में रखे सारा सामान और कपड़ा बिखरा था।

# पक्की नाली निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रखंड प्रमुख दीपा उरांव और उपप्रमुख जयपाल हजाम ने शनिवार को चतरा के भंडार टोली में 15वें वित आयोग मद से बनने वाले 285 फीट पक्की नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। नाली का निर्माण भंडार टोली स्थित हनुमान मंदिर से अजय हजाम के घर तक कराया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख दीपा उरांव ने कहा कि नाली निर्माण होने से ग्रामीणों को काफी सुविधा होगी। वहीं उपप्रमुख ने कहा कि नाली नहीं रहने से बारिश के दिनों में मंदिर सहित घरों के आसपास जलजमाव और गंदगी फैल जाती थी। अब नाली बन जाने से यह समस्या दूर हो जाएगी। मौके पर ग्रामप्रधान किस्टो कुजूर, पूर्व पंसस सुलोचना देवी, उपमुखिया रमेश मुंडा, वार्ड सदस्य कौशल्या देवी, प्रतिनिधि रब्बानी राज, राजू भगत, सुरेंद्र कच्छप, राजू महतो, धनेश्वर महतो, सावित्री देवी, मुकेश प्रमाणिक, लुंदेर देवी, पानो देवी, सीता देवी, छोटू महतो, साधू शंकर महतो, रोमा देवी, संदीप कच्छप, प्रकाश महतो आदि उपस्थित थे।



# बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी से लोग परेशान : कांग्रेस



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी को लेकर कांग्रेस नेत्री लवग लता निराला ने केंद्र सरकार की जमकर आलोचना की। शनिवार को **आजाद सिपाही** से बात करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा जिस महंगाई को मुद्दा बनाकर सत्ता में आई थी। आज उसी महंगाई ने आम लोगों की कमर तोड़ दी है। कहने को उज्ज्वला योजना के तहत गरीबों को गैस कनेक्शन दिया गया है। महंगाई की वजह से गरीब गैस का सिलेंडर नहीं ले पाते है। लाल कार्ड के नाम पर मुफ्त राशन को जनता बनाएगी कैसे। कहा कि प्रति व्यक्ति आय सलाना एक लाख रुपये से कम है। एक तरफ सरकार सुविधा देने की बात करती है और दूसरी तरफ महंगाई की मार से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त है। मौजूदा सरकार के इस दोहरी नीति को जनता समझ रही है। खासकर महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि लोकसभा चुनाव में महिलाएं मोदी सरकार को उपयुक्त जवाब देगी।

### अधिकारियों से शिकायत के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई : सोहन पाहन

# सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के प्रतिवाद में भू-माफियाओं के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रखंड के चतरा मौजा में सरकारी भूमि की अवैध खरीद-फरोख्त करने वाले कथित भू माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर शनिवार को सैकड़ो ग्रामीणों ने प्रखंड मुख्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। चतरा के पूर्व मुखिया सोहन पाहन एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुमित महतो के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी हाथों में तख्तियां लिए सरकारी भूमि खाता नंबर 226, प्लॉट नंबर 1632 कूल रकबा 1.11 एकड़ पर कब्जा कर अवैध ढंग से बिक्री कर दिए जाने और इसमें लिप्त भू माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों की शिकायत है कि उक्त सरकारी भूखंड को बचाने के लिए पूर्व में सीओ, डीसी, एसी, सीएम, एसएसपी, ग्रामीण एसपी आदि अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा गया था। पर आजतक कोई कारवाई नहीं हुई। उल्टे जमीन बचाने की कोशिश करने वाले जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों पर ही टाटीसिलवे थाना द्वारा परिशांति भंग करने का आरोप लगाते हुए धारा-107 के तहत मामला दर्ज कर दिया गया। बाद में ग्रामीणों ने सीओ राजू कमल को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें उक्त खाता प्लॉट में पूनः सरकारी बोर्ड लगाने, चतरा मौजा में सरकारी भूमि की अवैध खरीद-फरोख्त पर पूर्ण पाबंदी लगाने, भू माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई करने और उक्त सरकारी जमीन को ग्रामीण हाट के लिए आवंटित करने की मांगे शामिल है। वहीं, प्रर्दशन करने वालों राष्ट्रीय नारी शक्ति महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष आरती बेहरा, मुखिया डोली मुंडा, संजय महली, सुमन महतो, पार्वती देवी, राममोहन महली, सुकूल महतो, सुरेश महतो, मंजू देवी, रीना देवी, प्रमिला देवी, सुजीत उरांव सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।



प्रखंड मुख्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण।

## जमीन विवाद को लेकर आपस में भिड़े दो पक्ष, 5 लोग घायल

**रातू थाने में आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के भोंडा में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच आपस में भिड़ंत हो गई। हरवे हथियार से लैस एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया, जिसमें कई लोग घायल हो गये। घायलों में इशाक अंसारी, वसीम अंसारी, कुलसुम खातून, साजदा खतून, यास्मीन खातून व जहेदा खातून शामिल है। इशाक अंसारी के सिर में गंभीर चोट आई है। उसका इलाज रांची के रिम्स अस्पताल में चल रहा है। उधर, मामले को लेकर भुक्तभोगी मजीद आलम ने अपने ही चचेरे भाइयों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। उसने इल्यास अंसारी, चचेरा भाई अब्दुल राजिक, अब्दुल खालिक, यूसुफ, जबिना खातून, जबिना खातून, बड़ी मां मुनेरा खातून व चचेरे भांजे अल्तमस अंसारी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है।

### अंजुमन कमेटी में फैसले के दौरान हुई मारपीट

जमीन विवाद को सुलझाने के लिए 29 फरवरी को सदर सेकेट्री के मौजूदगी में दोनों परिवार के लोग आपस मे बैठक कर रहे थे। इसी उपरन्त किसी बात पर कहासुनी के बाद एक पक्ष के लोगो ने दूसरे पक्ष के लोगो पर लाठी डंडा व हरवे हथियार से लैस होकर हमला कर दिया। पुलिस आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की फिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## 11वां महारूद्र यज्ञ एवं महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर कलशयात्रा आज



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत राजाउलातू उनीडीह स्थित शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ पर होने वाले 11वें महारुद्र यज्ञ एवं महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर रविवार को भव्य कलशयात्रा निकाली जाएगी। शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ ट्रस्ट के अध्यक्ष दयानंद राय ने बताया कि कलशयात्रा सुबह 9 बजे शुरू होगी। जिसमें आसपास के दो हजार महिलाएं शामिल होंगी। जो डोरंडा मार्ग स्थित स्वर्णरेखा नदी से जल लेकर 16 किलोमीटर की पदयात्रा कर शिवलोक धाम यज्ञ स्थल पहुंचेगी। कलशयात्रा के बाद पंचांग पूजन, यज्ञ मंडप प्रवेश, वेदी पूजन, देव आह्वान, अरणी मंथन द्वारा अग्नि प्रज्वलन पूजा काशी विश्वनाथ से आए प्रकांड विद्वानों द्वारा की जाएगी। सोमवार को वेदी पूजन, आहुति प्रदान, महारुद्र यज्ञ, 5 मार्च को विशाल पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव और वेदी पूजन, 6-7 मार्च को महारुद्र यज्ञ की पूर्णाहूति व 8 मार्च को महाशिव रात्रि उत्सव मनाया जाएगा।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टुटीहारा राजकीयकृत मध्य विद्यालय और राजकीयकृत उत्क्रमित हुआंगघातु मध्य विधालय में शनिवार को एक दिवसीय निःशुल्क फिजियोथैरेपी चिकित्सा शिविर का आयोजन वाइबीएन विश्वविद्यालय के अंतर्गत मां कलावती हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के फिजियोथैरेपी विभाग ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में डॉ पप्पू कुमार ने रोगियों की जांच कर दवाएं लिखी। उसके बाद मां कलावती हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर द्वारा दवाओं को निःशुल्क वितरण किया गया। शुक्रवार और शनिवार को कुल मिलाकर 223 विद्यार्थियों की जांच डॉ पप्पू कुमार और वहां मौजूद मेडिकल टीम डॉ टीपी सिंह, डॉ पप्पू कुमार, मां कलावती हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के सुनील यादव (प्रशासक) और सहायक कर्मचारी ने द्वारा किया गया।

## हरहंजी में विद्यालय प्रबंध समिति का संपन्न हुआ चुनाव, भीम गोप चुने गये अध्यक्ष

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हरहंजी गांव स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में शनिवार को विद्यालय प्रबंध समिति का चुनाव शांति पूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें भीम गोप को प्रबंध समिति का अध्यक्ष चुना गया। जबकि सुनीता तिग्गा को उपाध्यक्ष, पूनम देवी को रसोईया व शिवनारायण गोप को सदस्य चुना गया है। बतातें चलें कि गुरुवार को बीइओ ने ग्रामीणों व शिक्षकों के साथ बैठक करके शनिवार को प्रबंधन समिति और रसोईयां का चयन करने का निर्देश दिया था। मौके पर मनबोध सिंह, श्रीराम महतो, केशव गोप, निर्मल सिंह, सुमंती देवी, मंजू व पूनम आदि थे।

## प्रखंड परिसर में दो कार्यालय का उद्घाटन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित मुखिया संघ के कार्यालय का उद्घाटन बीडीओ संग्राम मुर्मू और विभिन्न पंचायत के मुखिया ने संयुक्त रूप से किया। वहीं, झारखंड विकलांग संघर्ष समिति के कार्यालय का उद्घाटन बीडीओ संग्राम मुर्मू ने विधिवत रूप से किया। विकलांग संघर्ष समिति के अध्यक्ष लालू उरांव और सचिव के रूप में अशोक महतो को चुना गया। समिति के कोषाध्यक्ष सुनीता कुजूर को बनाया गया है। इस मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष रामेश उरांव, सचिव सुशांति भगत, कोषाध्यक्ष नीरज कुजूर, मीडिया प्रभारी जतुरु उरांव, मुखिया लक्ष्मी कोया, कुंवारी खलखो, राखी भगत आदि मौजूद थे।

## डीएवी स्कूल में नेत्र जांच शिविर संपन्न

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में रांची के भगवान महावीर आई अस्पताल के सौजन्य से दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का शनिवार को समापन हुआ। दूसरे दिन नेत्र चिकित्सक जूही कुमारी के नेतृत्व में नेत्र चिकित्सक ममता कुमारी और दुबराज महतो ने 87 लोगों के आंखों की जांच की। जिसमें 8 लोगों में मोतियाबिंद की शिकायत निकली। जबकि पहले दिन सात लोगों का मोतियाबिंद निकला था। जिनका ऑपरेशन रांची के भगवान महावीर आई अस्पताल में निःशुल्क किया जाएगा।

## निगम की ओर से शुरू करायी गयी तालाब की सफाई, अरुणा शंकर ने की सहयोग की अपील

# अंबेडकर पार्क को सुरक्षित और स्वच्छ रखना आम नागरिकों की जिम्मेदारी

- कहा- यह पार्क शहर के दिल की तरह है

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने बताया कि उनके कार्यकाल का ब्लैक स्पॉट शहर के बीचोबीच स्थित अंबेडकर पार्क बड़ा तालाब जहां से प्रतिदिन शहरवासियों के साथ ही कई गण्यमान्य लोग सर्किट हाउस आते-जाते है उसकी स्थिति खराब देख दुख हुआ। कई बार पूर्व एवं वर्तमान नगर आयुक्त से उसकी स्थिति को संज्ञान में लाई पर तालाब सफाई करने वाला व्यक्ति नहीं मिलने के कारण यह काम नहीं किया जा सका। अब निगम द्वारा सिटी मैनेजर सतीश जी की देखरेख में तालाब की सफाई शुरू करा दी गई। कहा कि यह सही है कि काम पहले शुरू हो जाता है, लेकिन तालाब सफाई करने वाले हमारे जिले में नहीं मिल पा रहे थे। फिर उन्होंने अपने प्रयास से कोलकाता से विशेषज्ञ व्यक्ति बुलाकर निगम को दिया, जिसने काम करना शुरू किया है। प्रथम महापौर ने कहा कि इस पार्क का गार्डन भी सुसज्जित करवाई जा रही है। लाइट्स भी बनेंगे। शौचालय भी चालू होंगे और करोड़ों रुपये के लगे झरने भी प्रतिदिन चलाने का प्रयास किया जा रहा है। मैं नगर आयुक्त से अनुरोध करूंगी कि वहां के कैंटीन को भी चालू करें। मैं सारे कामों पर निगम के साथ खुद भी नजर रख रही हूं। सारे काम होने के बाद मेरी टीम जिस तरह से चौक चौराहा, गांधी उद्यान, मरीन ड्राइव, महात्मा गांधी मार्ग के लगे पौधों एवं लाइट की निःशुल्क देखरेख कर रहे वैसे ही अंबेडकर पार्क का भी मैं अपनी निगरानी में निजी खर्चे से देखरेख करूंगी। क्योंकि यह शहर के बीचो-बीच शहर का दिल है। मैं अंबेडकर पार्क में योगा करने एवं टहलने वाले सभी भाई बंधुओ से अनुरोध करूंगी यह पार्क आपका है। इसे साफ, स्वच्छ, सुंदर, सुरक्षित बनाए रखने में निगम की मदद करें। यह पार्क नहीं शहर का दिल है।



प्रथम महापौर अरुणा शंकर।



तालाब की साफ-सफाई करते निगम के कर्मचारी।

**सोना व्यवसायी विजय प्रसाद सोनी का निधन, चेंबर ने जताया दुख**

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू चेंबर के एक्जीक्यूटिव सदस्य सह झारखंड चेंबर के सदस्य राकेश सोनी के पिता विजय प्रसाद सोनी का विगत 25 फरवरी को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर सहित अन्य ने दुख जताया है।


**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग।**
**(सामान्य शाखा)**

**—: प्रेस विज्ञप्ति :—**

एतद् द्वारा हजारीबाग जिला अंतर्गत निबंधित/अनुज्ञप्तिधारी मुद्रांक विक्रेताओं द्वारा अनुज्ञप्ति नवीकरण हेतु आवेदन जिला सामान्य शाखा में समर्पित किया गया है। ऐसी संभावना हो सकता है कि कुछ अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा अभी तक नवीकरण हेतु आवेदन समर्पित नहीं किया गया है।

ऐसे सभी अनुज्ञप्तिधारियों को एक बार मौका देने एवं नवीकरण के पूर्व, पूर्व में उपलब्ध कराये गए मुद्रांक से संबंधित बिक्री पंजी को कार्यालय में विधिवत् जमा कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

अतः एतद् द्वारा सभी अनुज्ञप्तिधारियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन प्रकाशन के 10 दिनों के अंतर्गत यदि आपके द्वारा आवेदन नहीं किया गया है तो विधिवत् नवीकरण हेतु आवेदन सामान्य शाखा, हजारीबाग में समर्पित करें तथा यदि आपके द्वारा गत वर्ष/वर्षो का मुद्रांक विक्रय पंजी कार्यालय में जमा नहीं किया गया है तो ससमय जमा कर देंगे। ताकि अनुज्ञप्ति नवीकरण ससमय किया जा सकें। इस संबंध में किसी प्रकार के विलंब की जवाबदेही आपकी होगी।

ह0—
उप समाहर्त्ता प्रभारी, सामान्य शाखा, हजारीबाग — अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग। — उपायुक्त, हजारीबाग।

PR 321170 (District) 23-24 (D)


# निवर्तमान आयुक्त के कार्यकाल के अनुभव से सभी को सीखने की जरूरत

## निवर्तमान आइजी का व्यवहार पदाधिकारियों को करता रहेगा प्रेरित

- सेवानिवृत्ति पर निवर्तमान आयुक्त एवं स्थानांतरण पर आईजी को दी गयी विदाई
- जिला प्रशासन ने सर्किट हाउस सभागार में आयोजित किया समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सेवानिवृत्ति पर निवर्तमान आयुक्त दशरथ चंद्र दास और स्थानांतरण पर पलामू प्रक्षेत्र के आईजी राजकुमार लकड़ा को विदाई दी गई। जिला प्रशासन की ओर से शुक्रवार की शाम सर्किट हाउस में समारोह आयोजित की गई थी। जिसमें पलामू के डीसी शशि रंजन भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि निवर्तमान आयुक्त ने अपनी सेवा काल में लंबी यात्रा तय की है। उनके कार्यकाल के अनुभव से सीखने की आवश्यकता है। इनकी बातों से हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन मिलता है। कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद नया जीवन खुशहाल होगा। आयुक्त का सेवाकल स्वर्णिम रहा है। इसके अलावा पलामू प्रक्षेत्र के आईजी राजकुमार लकड़ा के स्थानांतरण पर उन्हें शुभकामनाएं दी। कहा कि इनका मार्गदर्शन अब भी मिलता रहेगा। वहीं, गढ़वा डीसी शेखर जमुआर ने युवा पदाधिकारियों को निवर्तमान आयुक्त एवं निवर्तमान आईजी के कार्यों से प्रेरणा लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि काम के बदौलत पदाधिकारी अपनी पहचान बनाते हुए सभी के लिए अमिट छाप छोड़ी है। आयुक्त के पद पर रहते हुए सेवानिवृत्ति होना गर्व की बात है। उन्होंने निवर्तमान आयुक्त की नई शुरूआत की बधाई दी। साथ ही पलामू प्रक्षेत्र के आईजी के कार्यों की तारीफ करते हुए खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि निवर्तमान आईजी ने अपने सरल स्वभाव से लोगों का ध्यान आकर्षित किया। यह हम सब पदाधिकारियों को हमेशा के लिए प्रेरित करता रहेगा। जबकि पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि पलामू प्रक्षेत्र के आईजी के सकारात्मक सोच, सरल व्यवहार, इमानदारी पूर्वक काम करने की चाहत और पदाधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए काम लेने की बात काफी प्रेरित करती है। आइजी सर से पुलिस प्रशासन को बहुत कुछ सीखने को मिला। उम्मीद है कि आगे भी मार्गदर्शन मिलता रहेगा। उन्होंने निवर्तमान आयुक्त के कार्यकाल से प्रेरणा लेने की बातें कही। जबकि गढ़वा के पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेयू ने निवर्तमान आयुक्त की सेवानिवृत्ति एवं पलामू प्रक्षेत्र के आईजी के स्थानांतरण पर उनके द्वारा प्राप्त मार्गदर्शन एवं अनुभवों को साझा किया। कहा कि पदाधिकारी अपने कार्य अनुभव के बदौलत जो ख्याति प्राप्त की है, उससे हम सभी साथियों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। दूसरी ओर, पलामू प्रक्षेत्र के निवर्तमान आईजी राजकुमार लकड़ा ने अपने विदाई समारोह में निवर्तमान प्रमंडलीय आयुक्त के कार्यों पर प्रकाश डाला। कहा कि आयुक्त के पद के साथ ही अन्य पदों पर कार्यरत रहकर दशरथ चंद्र दास ने अपने कार्य कुशलता से पहचान बनाई है। सरकारी सेवाकाल में 33 वर्ष पूरा कर सेवानिवृत हुए। जिस सादगी के साथ अपने सहयोगियों को दिशा- निर्देश दिया, सेवानिवृत्ति के बाद भी परिवार एवं समाज के उत्थान के लिए कार्य करते रहेंगे। वहीं, दशरथ चंद्र दास ने पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को तनाव मुक्त रहने की सलाह दी। उन्होंने नैतिकता और करुणा के सिद्धांत का पालन करने एवं इमानदारी के साथ कर्तव्य निर्वहन से तनाव नहीं आने की बातें कही। कार्यक्रम का संचालन जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर पलामू के वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, डीडीसी रवि आनंद, हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, पलामू व्याघ्र परियोजना के उप निदेशक प्रजेश कांत जेना, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी ने विचार व्यक्त किए। मौके पर गढ़वा के अपर समाहर्ता मतियस विजय टोप्पो, सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह, नजारत उपसमाहर्ता विक्रम आनंद, श्रम अधीक्षक इतवारी महतो, कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू, प्रभारी जिला कृषि पदाधिकारी विवेक विरूपा, चंद्र शेखर कुणाल आदि उपस्थित थे।



# अकांक्षी प्रखंड होने के बावजूद ब्लॉक में नहीं है पदाधिकारी



- पांच सूत्री मांगों को लेकर 15 मार्च के शुरू किया जायेगा धरना-प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** शहर के सब्जी मंडी स्थित आवास पर समाजसेवी सह भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने शनिवार को अपने सहयोगियों के साथ प्रेस वार्ता कर कहा कि हरिहरगंज अकांक्षी ब्लॉक होने के बाद भी पदाधिकारी विहीन है। सीओ, बीडीओ, इओ, सीडीपीओ और विद्युत कनिय अभियंता की पद सिर्फ प्रभार में चल रहा है। उन्होंने सरकार को ध्यानकृष्ट कराते हुए कहा कि पलामू जिले के हरिहरगंज पिछड़ा ब्लॉक घोषित है। इसके बावजूद यहां स्थायी रूप से अधिकारियों की पोस्टिंग न होना सौतेला व्यवहार को दर्शाता है। आकांक्षी ब्लॉक को विकसित करने के लिए स्थायी रूप से पदाधिकारियों का होना जरूरी है। छात्र-छात्राओं को आय, स्थानीय, जाति सहित कई दस्तावेज बनने में समस्या उत्पन्न हो रही है। वहीं नगर पंचायत में साफ सफाई की समस्या, पानी की समस्या, बिजली सहित अन्य समस्याओं का निदान नहीं हो रहा है। स्थायी रूप से पदाधिकारियों के नहीं होने से जनता बिचौलियों के दोहन और शोषण का शिकार हो रहे हैं। साथ ही नगर पंचायत में बिना सुविधाओं के होल्डिंग टैक्स के अलावे विलंब शुल्क लेने का विरोध किया है। इसका विरोध करते हुए 15 मार्च को पांच सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय**
**पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।**

**लापताः आवश्यक सूचना**



**गुमशुदा तबरेज आलम उर्फ अफसर खान उम्र–33 वर्ष**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सह पत्नी यासमीन प्रवीण के द्वारा अपने पति **तबरेज आलम उर्फ अफसर खान के गुमशुदगी** के संबंध में संबंधित थाना गोलमुरी को लिखित आवेदन दिये हैं। आवेदन में इनके द्वारा बताया गया कि इनके पति **तबरेज आलम उर्फ अफसर खान उम्र–33 वर्ष, पे0–मो0 इसाक खान, सा0–म0नं0–48 ख्वाजा कॉलोनी, थाना–गोलमुरी, जिला–पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर** दिनांक–18.02.2024 की रात्री से गुमशुदा हैं। परिवारजनों के द्वारा अपने स्तर से काफी खोजबीन किया परन्तु कुछ पता नहीं चल सका। **गुमशुदा का हुलिया निम्न प्रकार है :–कद–05 फीट 04 इंच, रंग–गोरा, शारीरिक बनावट–सामान्य, पहनावा–काला चेकदार शर्ट एवं जींस।**

अतः आप सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त हुलिये के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त होती है तो इसकी सूचना वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में निम्नांकित फोन नम्बर पर सूचित करें।

वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर : 0657–2431006
पुलिस अधीक्षक नगर, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर : 9471190203
पुलिस उपाधीक्षक, नगर : 9431706483
थाना प्रभारी, गोलमुरी : 9431706494

वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।

PR 321262 (Police) 23-24 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़**

**ई0 प्रोक्योरमेन्ट अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

निविदा सं० :- RMG/SR-26/2023-24 — Date :- 02.03.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 04.03.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| 2 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 11.03.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| 3 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 11.03.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 12.03.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़। |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम | ई0 अनिल प्रसाद गुप्ता कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 | 06553-223193 |
| 8 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0 | 0651-2480345 |

| क्र सं | कार्य का नाम | ग्रुप/ संख्या | नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वित्तीय वर्ष 2023–24 में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़ के अधीन ग्रामीण क्षेत्रों में 125 x 115mm के औसत 60 मीटर गहरे ड्रिल्ड नलकूपों का पुर्नस्थापन (S/R) का कार्य टर्न की आधार पर। | RMG/ SR-01 | 27 | 22.64972 | 45500.00 | 5000/- | 50 Days |
| 2 | | RMG/ SR-02 | 26 | 21.81085 | 43700.00 | 5000/- | 50 Days |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
1. परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि घट बढ़ सकती है।
2. पथ निर्माण विभाग झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2146(S) दिनांक 09.09.2020 एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड रॉची के पत्रांक 2133 रॉची दिनांक 28.09.2020 में निहित प्रावधान लागू रहेगा
3. बेवसाइड पर अपलोड की जाने वाली सभी कागजात स्वच्छ एवं पठनीय प्रति अपलोड करेंगे ताकि पढा जा सके। स्वच्छ एवं पठनीय प्रति अपलोड नही किये जाने पर निविदा अमान्य कर दी जायेगी।

नोटः–. विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट – http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल,रामगढ़

PR 321291 Drinking Water and Sanitation(23-24).D


## बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक भ्रमण जरूरी : शाशिकेश




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के लक्ष्मी शिशु वाटिका स्कूल के छात्र-छात्राओं को सासाराम के ताराचंडी, शेरशाह सूरी, पायलट बाबा, श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा, नेहरू पार्क का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के निदेशक शशिकेश कश्यप ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चों ने खुले जगह में घूम कर दृश्य और ऐतिहासिक चीजों को देखा व अलग अनुभव प्राप्त किया। कहा कि छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाने से उन्हें वहां की गतिविधियों के बारे में सीखने का अवसर मिलता है। शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों में शिक्षा के प्रति सही दृष्टिकोण विकसित होता है। शैक्षणिक भ्रमण से बच्चे जो सीखते है वह किताबों से नहीं सिख सकते।

# देवरी ओपी पुलिस ने नष्ट किया 11 क्विंटल जावा महुआ

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र में देशी शराब माफियाओं के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान देवरी सोन नदी स्थित डीलापर में 11 क्विंटल जावा महुआ को विनष्ट किया गया। ओपी प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सोन नदी के तटवर्ती क्षेत्र डीलापर में अवैध शराब भट्ठी संचालित की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद छापामारी कर करीब 11 क्विंटल जावा महुआ व अवैध शराब भट्ठी को ध्वस्त कर दिया दिया गया है।

# हरिहरगंज की कई पंचायतों में पिछले 50 वर्षों से विकास की गति अवरुद्ध

प्रसिद्ध कुमार

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले के हरिहरगंज प्रखंड के कई इलाकों में सड़क निर्माण नहीं होने का खामियाजा यहां के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। यहां पिछले 50 वर्षों से विकास की गति अवरूद्ध हो गई है। ढकचा, सरसोत, खड़गपुर और कुलहिया पंचायत सुदूरवर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों का दुखद मंदिर है, जो मुख्य सड़क के अभाव में रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य के अधिकारों से वंचित रहे हैं। सड़क का निर्माण हुआ भी तो संवेदकों द्वारा अनियमितता के कारण दो साल में ही सड़के गड्ढे में तब्दील हो गये। ढकचा, सरसोत और कुलहिया पंचायत क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीण अगर किसी भी गंभीर बीमारी से ग्रसित हो जाते हैं तो उबड़ खाबड़ सड़क से जाने को मजबूर होते हैं।



### सुदूरवर्ती क्षेत्र के ग्रामीण हताश

पलामू जिले का हरिहरगंज प्रखंड बिहार राज्य की सीमा उत्तर और पूरब दिशा से घिरा हुआ है। अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र भी है। बता दें कि एनएच 98 फोरलेन से सरसोत पंचायत होते बिहार के गया जिले को जोड़ते हुए ढकचा पंचायत गया जिला को पुनः जोड़ता है। इस सड़क से सैकड़ो छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है। पैदल पांव चलने वालों की भी संख्या काफी अधिक है. इस बीच पत्थरा में पुलिस पीकेट भी बना है। यहां के ग्रामीणों की उम्मीद थी कि पुलिस पीकेट बनने से क्षेत्र का विकास होगा और हर सुविधाएं मिलेंगी। पर क्षेत्र से निर्वाचित हुए सांसद और विधायकों ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

### विधायक सड़क के लिए प्रयासरत

हालांकि हरिहरगंज-हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह एनएच 98 से सरसोत होते ढकचा तक के लिए पीडब्ल्यूडी सड़क निर्माण के लिए प्रयासरत हैं। वे विधानसभा में भी इस मुद्दो को उठा चुके हैं। आरोप लगाया कि सरकार की अनदेखी के कारण सड़क नहीं बन पा रही है। यही हाल खड़गपुर, कुलहिया और कटैया पंचायत क्षेत्र का भी हैं। जहां विगत 50 वर्षों से सड़क का निर्माण नहीं हुआ है।


**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
**एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड**

**अल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (3rd Call)**

**PR No. - 314097 — dated 22.12.2023**

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- 358/2023-24 — दिनांक :- 01.03.2024

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-JAM-07/2023-24 | कुण्डहित | 1 | चौधरीडीह मोड़ से मुड़ाबेरिया आदिवासी टोला भाया सिकन्दरपुर, छोलाबेरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 8.000 कि०मी०) | 1479.239 | चौदह करोड़ उनासी लाख तेईस हजार नौ सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | फतेहपुर | 2 | बमनबांधी से बन्दरनाचा भाया दुम्मा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 4.018 कि०मी०) | | | |
| | | कुण्डहित | 3 | कुण्डहित से सराकी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –3.900 कि०मी०) | | | |
| | | करमाटांड़ | 4 | कैरो–करमाटॉड़ मिषन पी०डब्ल्यू०डी० मुख्य सड़क से तेलकियारी भाया चरघरा, धुर्वाडीह, जोरोपहाड़ी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –6.300 कि०मी०) | | | |
| | | करमाटांड़ | 5 | कजरा मोड़ से मोहनपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –4.000 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथिः–05.03.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 12.03.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–13.03.2024 .अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची।

PR 321264 (Rural Work Department) 23-24 (D)

## धनबाद की नयी डीसी माधवी मिश्रा ने पदभार संभाला, कहा

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर रहेगा विशेष फोकस

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने शनिवार को धनबाद के 53वें डीसी के रूप में समाहरणालय स्थित डीसी कार्यालय कक्ष में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान डीसी वरूण रंजन ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद सभी औपचारिकताएं पूरी कर डीसी माधवी मिश्रा ने पदभार संभाला और निवर्तमान डीसी ने उन्हें शुभकामनाएं दी। वहीं, पदभार ग्रहण करने के बाद माधवी मिश्रा ने कहा कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराना जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता होगी। चुनाव की तैयारियों पर जिला प्रशासन का पूरा फोकस रहेगा। कहा कि अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन, आयुष्मान भारत योजना सहित राज्य और केंद्र सरकारों की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की तीव्र गति से प्रगति करेंगे। डीसी ने जिला प्रशासन के पदाधिकारियों एवं जनता से सहयोग की अपील की। कहा कि इससे विभिन्न जनकल्याणकारी योजना का कार्य सुचारू रूप से संपन्न किया जा सकेगा। वहीं निवर्तमान डीसी वरुण रंजन ने कहा कि उनका कार्यकाल संतोषपूर्वक रहा। सरकार की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर पहुंचने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि पुलिस, प्रशासन और जनता के सहयोग से कई बड़े पर्व-त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया। अपने कार्यकाल के दौरान सबके सहयोग से धनबाद में कई काम किए। मीडिया सहित अन्य माध्यमों से कई समस्याओं की जानकारियां मिलती रही। उसके समाधान की दिशा में कई कारगर कदम भी उठाए। धनबाद में डीसी के रूप में काम करने का अनुभव बहुत अच्छा रहा। इसके बाद डीसी माधवी मिश्रा ने सभी पदाधिकारियों के साथ औपचारिक मुलाकात की और उनका परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर डीडीसी सादात अनवर, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला आदि मौजूद थे।



डीसी माधवी मिश्रा को बुके देकर बधाई देते निवर्तमान डीसी वरुण रंजन।

# गिरिडीह में लॉटरी का टिकट बेचते तीन आरोपित गिरफ्तार





आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** लॉटरी का टिकट बेटे जाने की पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बगोदर सरिया के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धनंजय कुमार राम के नेतृत्व में थाना प्रभारी बगोदर पुअनि सुख सागर सिंह चौधरी, सअनि संजय कुमार की अगुवाई में सशस्त्र बल के जवानों ने छापामारी अभियान चलाकर तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान गोविंदपुर के लाल बाजार निवासी मो गुफरान (33), अप्पू सोरान (38) और पंकज रवानी (29) के रूप में की गई है। तीनों को बगोदर बस स्टैंड पर बाइक से लॉटरी बेचते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। उनके पास से कुल 1200 टिकट भी बरामद किए गए हैं, जिसकी कीमत एक लाख रुपये है। साथ ही लॉटरी से कमाये पांच हजार रुपये भी जब्त किए गए हैं।

# लोन दिलाने के नाम पर ठगी, 4 गिरफ्तार



पकड़े गए आरोपितों की जानकारी देते पुलिस के आला अधिकारी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** चास थाना क्षेत्र स्थित शांति नगर में पुलिस ने छापामारी कर लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से कई अन्य सामग्री भी जब्त की गई है। चास अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रवीन कुमार ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि एक मार्च को पुलिस अधीक्षक के माध्यम से सूचना मिली थी कि चास थानांतर्गत शांति नगर स्थित किराये के एक मकान में बाहर से आये कुछ व्यक्तियों द्वारा फर्जी पहचान पत्र एवं दस्तावेज तैयार कर लोगों के साथ लोन दिलाने के नाम पर ठगी की जा रही है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शांतिनगर स्थित नयन कुमार के मकान में किराये पर रहने वाले अविनाश कुमार के कमरे में छापामारी की गई। जहां रवि कुमार सहनी नामक युवक भी मौजूद था। दोनों को पकड़ कर कमरे की तलाशी ली गई तो लोन दिलाने से संबंधित कई दस्तावेज बरामद हुए। इसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी निशानदेही पर उनके दो साथियों राहुल सिंह और गोलु कुमार को चंद्रा टॉकीज के पास से गिरफ्तार किया गया। प्रवीन ने बताया कि घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध छापामारी जारी है। जल्द ही उनको भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस मौके पर चास थाना प्रभारी खुर्शीद आलम आदि मौजूद थे।

# झरिया में युवक की हत्या, झाड़ियों में मिला शव

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार।** झरिया थाना क्षेत्र में 30 वर्षीय एक युवक की हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान मो अहमद अंसारी के रूप में हुई है। वह भालगढ़ तारा बागान का रहने वाला है। उसका शव घर से थोड़ी दूर झाड़ियां से बरामद हुआ। मृतक की गर्दन पर कटे का निशान है। उधर, घटना की सूचना पाकर सैकड़ों लोग मौके पर पहुंच गए। मृतक के तीन भाइ व दो बहनें है। जबकि मृतक के दो बच्चे भी हैं। इधर, खबर पाकर परिवार के सदस्य भी पहुंच गए। मृतक की बहन नसरीन खातून का आरोप है कि शराब विक्रेता संतोष ने उसके भाई की हत्या करवाई है। मृतक 10 दिन पहले जयपुर से आया था। जयपुर में चूड़ी का काम करता था। बताया कि शनिवार को 500 रुपये लेकर घर से निकला था। कहा था कि जल्द ही घर लौट आएगा पर नहीं आया। अपराह्न तीन बजे सूचना मिला की शव घर से थोड़ी दूरी झाड़ियां में फेंका हुआ है। वहीं, मृतक के घर वाले पुलिस को शव पोस्टमार्टम के लिए देने को तैयार नहीं थे। मृतक के परिवारों का कहना है कि जब तक हत्या के आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया जाता, तब तक शव नहीं उठाने दिया जाएगा। पीड़ित परिजनों ने एसएसपी, डीएसपी और सीओ से हत्यारे के आरोपी को गिरफ्तार कर न्याय की गुहार लगाई है। वहीं, झरिया थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार ने पीड़ित परिजनों व आक्रोशित लोगों को काफी समझाने का प्रयास किया। पर आकर्षित लोगों ने शव उठाने नहीं दिया। माहौल खराब होता देख झरिया पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस बल बुलवाया और पीड़ित परिजनों का समझने का प्रयास किया मगर वे लोग नहीं माने और शव देर शाम तक पडा रहा। इधर समाचार लिखे जाने तक माहौल जस का तस था।

# जिप अध्यक्ष ने गोमिया में किया कई योजनाओं का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**ललपनिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत साड़म पश्चिमी पंचायत के डैम किनारे 15वें वित्त आयोग के जिला परिषद अंतर्गत अनाबद्ध अनुदान योजना मद से छठ घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास बोकारो जिप अध्यक्ष सुनीता देवी एवं जिप सदस्य आकाशलाल सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के बोकारो जिला अध्यक्ष चितरंजन साव, पंसस चांदनी देवी, उपमुखिया पंकज जैन मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर जिप अध्यक्ष सुनीता देवी और जिप सदस्य ने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीणों की बहुत दिनों से मांग थी कि डैम किनारे छठ घाट का निर्माण किया जाय। क्योंकि छठ पूजा के समय श्रद्धालुओं की काफी भीड़ हो जाती है, जिससे छठव्रतियों को काफी परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की मांग आज पूरी होने जा रही है। मौके पर वार्ड सदस्य पंकज कुमार, अजित नारायण प्रसाद, बबिता देवी, लक्ष्मी देवी, सबिता देवी, मोहन नायक, सुधीर ठाकुर, संतोष हलधर आदि मौजूद थे।

## चिरकुंडा शहरी जलापूर्ति योजना के बकायेदारों व अवैध कनेक्शन लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** चिरकुंडा नगर परिषद की ओर से शहरी जलापूर्ति योजना के बकाएदार उपभोक्ताओं व अवैध कनेक्शन लिए लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस संबंध में विभाग के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप कुमार पासवान ने बताया कि विभिन्न वार्डों व मुख्य सड़क किनारे शहरी जलापूर्ति योजना के बकाएदार उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई को लेकर माइक से घोषणा भी करायी जा रही है। चेतावनी दी जा रही है कि जिन लोगों ने जलापूर्ति का अवैध कनेक्शन कर रखा है वे अतिशिघ्र कार्यालय में आकर वैद्य कनेक्शन करवा लें। अन्यथा पकड़े जाने पर विभागीय कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शहरी जलापूर्ति योजना के बकाएदार उपभोक्ता के घर-घर जाकर भी विभागीय कर्मी बकाए पैसे को जमा करने की लोगों से अपील कर रहे हैं। अगर एक सप्ताह के अंदर बकाए पैसे को कार्यालय में जमा नहीं करते हैं तो विभाग द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा।

## रक्तदान शिविर का आरोजन, 35 लोगों ने किया रक्तदान



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** द्वारकाधीश एशियाई जालान अस्पताल में रेड क्रॉस सोसायटी के तत्वाधान में पंख एक नई दिशा चैरिटेबले ट्रस्ट की ओर से शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पिंकी गुप्ता ने की। डॉक्टर मेजर चंदन, डॉक्टर वर्षा और पंख एक नई दिशा की अध्यक्ष पिंकी गुप्ता व उनकी टीम ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान 35 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में रेड क्रास सोसायटी के अलाउदीन, सुषमा प्रसाद, संगीता जयसवाल, गुंजन गोयल, नम्रता गुप्ता, सुधा गुप्ता, गायत्री गुप्ता, अन्नू, दीपाली सिंह, सीमा गुप्ता, रेखा गोयल, श्रद्धा साह, सुमन सिंह, शाशी शेखर गुप्ता, मनीष गुप्ता और विवेक श्रीवास्तव आदि का योगदान सराहनीय रहा।

# डॉ लंबोदर महतो ने विधानसभा में उठाया सड़क निर्माण व सुदृढ़ीकरण का मामला

आजाद सिपाही संवाददाता



विधायक डॉ लंबोदर महतो।

**गोमिया।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने शनिवार को गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से क्षेत्र के सड़कों के निर्माण और सुदृढ़ीकरण करने का मामला झारखंड विधानसभा में उठाया। विधायक ने गोमिया विधानसभा क्षेत्र के गझंडी से हुरलुंग भाया चतरोचट्टी पथ, ललपनिया से रजरप्पा भाया बडकी पुन्नू पथ, दभातू गोला से बिनोद बिहारी महतो चौक, खुदीबेड़ा भाया केदला - हिसिम पथ, तेनुघाट कैनाल नहर पथ तेनुघाट से खेतको भाया चलकरी पथ का निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण करने के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने की बात कही। इस पर राज्य सरकार के पथ निर्माण विभाग की ओर से बताया गया कि प्रश्नगत सभी पथ ग्रामीण कार्य विभाग के अधीनस्थ है। रोड नेटवर्क कनेक्टिविटी के मद्देनजर गुझंडी से हुरलंग भाया चतरोचट्टी पथ, ललपनिया से रजरप्पा भाया बडकी पुन्नू पथ के विकास हेतु डीपीआर का गठन किया गया है और सीआरआईएफ अंतर्गत स्वीकृति के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को प्रस्तावित किया गया है। वहां से स्वीकृति मिलते ही कार्यान्वयन की कार्रवाई की जा सकेगी। अग्रिम योजना के तहत तेनुघाट कैनाल नहर पर तेनुघाट से खेतको भाया चलकरी पथ से संबंधित एक परियोजना के लिए डीपीआर का गठन किया गया है। जल संसाधन विभाग की अनापत्ति और निधि की उपलब्धता के अनुसार योजना की आवश्यक स्वीकृति के उपरांत कार्यान्वयन कराया जा सकेगा। इसी तरह दभातु गोला से बिनोद बिहारी चौक, खुदीबेड़ा भाया केदला-हिसीम पथ एवं मकुली टुंगरी से रजरप्पा तक भाया तिरला -महुआटांड़-बडकी पुन्नू पथ ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन है। पथ की मरम्मती, निर्माण, उन्नयन संबंधित विभाग द्वारा नहीं किए जाने की स्थिति में उक्त विभाग की ओर से पथ निर्माण विभाग को पथ हस्तान्नांतरण के लिए अनुरोध एवं अनापत्ति प्रदान किए जाने के बाद नेटवर्क के दृष्टिपथ उपयोगिता, निधि की उपलब्धता के अनुसार प्रस्ताव पर आगामी वर्षों में विचार किया जा सकेगा।


**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना**

एतद् द्वारा मत्स्य स्पॉन उत्पादकों/आपूर्तिकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि जलाशयों/नदियों के छाड़न एवं निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को मेजरकार्प (रेहू, कतला, मृगल, कॉमन कार्प, सिलवर कार्प तथा ग्रास कार्प) का मत्स्य अण्डबीज (स्पॉन) की आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक 219 दिनांक 05.02.2024 के आलोक में इच्छुक मत्स्य स्पॉन उत्पादकों से स्पॉन आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक 09.03.2024 के मध्यान 12:00 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, हजारीबाग के कार्यालय में स्वीकार किया जाएगा। एवं उसी दिन अपराहन् 03:00 बजे निविदा समिति के समक्ष उप विकास आयुक्त, हजारीबाग के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। निविदा आमंत्रण हेतु आवश्यक शर्तें www.hazaribag.nic.in एवं जिला मत्स्य कार्यालय, हजारीबाग के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
PR 321176 Fish(23-24)#D मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची**

अति अल्पकालीन ई–निविदा (द्वितीय) आमंत्रण

**(1st call PR-317380 & 318914 Drinking water and sanitation(23-24)D)**

निविदा सं०:–30 of 2023–24 तिथि– 02.03.2024

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र की राशि (रू०) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Maintenance of House keeping ,gardening, Catering ,security , Water supply, Electricity, Inverter, Generator Set with fuel etc. Arrangement in VISWA ( Hostel building, Training Centre, dormitory building ), Near Jora pool kanke Road Ranchi Under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi - For 1 Year | 32,91,599.00 | 66,000.00 | 5,000.00 | 1 वर्ष |
| 2 | वेवसाईट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 04.03.2024 up to 11.30 A.M. | | | |
| 3 | ई–निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 11.03.2024 up to 03.30 P.M. | | | |
| 4 | ई–निविदा खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। | | | |
| 5 | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 12.03.2024 up to 4.00 P.M. | | | |
| 6 | ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। | | | |
| 7 | ई0 प्रोक्युरमेंट कार्यालय का सम्पर्क न0 | 9835068475 | | | |

नोट :–1. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है तद्नुरुप परिमाण विपत्र का मूल्य तथा अग्रधन की राशि बढ़ या घट सकती है।
2. परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर उस बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदाकार की होगी।
विस्तृत जानकारी के लिए website http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जल ही जीवन है।

कार्यपालक अभियन्ता,
PR 321207 Drinking Water and Sanitation(23-24).D पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,गोन्दा, राँची

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, सिमडेगा**

**सूचना**

जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, सिमडेगा द्वारा सूचित किया जाता है कि सेना भर्ती (अग्निवीर) के लिए दिनांक–04.03.2024 से 05.03.2024 तक पंजीयन कैम्प(Registration Camp) जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियरसेंटर, सिमडेगाकार्यालय में आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 18 अगस्त 2002 से 18 अगस्त 2006 तक के बीच के जन्में उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। पंजीयन हेतु निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्य है :–

1. ORIGINAL AADHAR CARD AND MATRICULATION CERTIFICATE
2. SCANING COPY OF SIGNATURE (SIZE BETWEEN 5 KB TO 10 KB)
3. SCANING COPY OF LATEST PASSPORT PHOTO (SIZE BETWEEN 5 KB TO 20 KB)
4. AADHAR LINK MOBILE NUMBER FOR RECEIVING OTP AND SMART PHONE
5. ACTIVE PERSONAL E-MAIL ID FOR FOR RECEIVING OTP
6. MARKSHEET OF QUALIFYING COURSE
7. ADRESS DETAILS
8. REGISTRATION FEES 250/- PAY THROUGH UPI, DABIT/CREDIT CARD & ENTERNET BANKING
9. PHOTOCOPY OF VOTER IDENTITY CARD/DRIVING LICENCE/PAN CARD (IF AVAILABLE)

नोट :–सेना भर्ती (अग्निवीर) मे पंजीयन (Registration) हेतु जानकारी के लिए संत जेवियर कॉलेज, सिमडेगा एवं गोस्सनर कॉलेज, सिमडेगा में सम्पर्क किया जा सकता है। विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, सिमडेगा अथवा 06525296081 पर सम्पर्क करें।

ह०/–
PR 321187 Labour Employment and Traning(23-24)#D जिला नियोजन पदाधिकारी, सिमडेगा

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जल पथ प्रमंडल सं०-2 हजारीबाग**
Email Id- eewwdchak2-cer-jhr@nic.in

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 06/2023–2024

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (INR) | Cost of BOQ (INR) | Completion period of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Cleaning and amenities extension of Barkatha Tourist Place Surajkund | 500000.00 | 10,000 | 1000 | 15 days |

1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। दिनांक 09.03.2024 को 10.00 बजे पूर्वाह्ण से 01.00 बजे अपराह्न तक
2. निविदा प्राप्ति का स्थान तिथि एवं समय :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। दिनांक 09.03.2024 को 02.00 बजे अपराह्न 04.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा खोलने का स्थान तिथि एवं समय :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। दिनांक 09.03.2024 को 04.30 बजे अपराह्न से अंतिम निविदा खुलने तक।
4. विज्ञापनदाता का पदनाम :– कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। 7903709450

**नोट :–** निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
PR.NO.321142 Water Resource(23-24):D जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 44 वर्ष 2023–24

पत्रांक :– 336/ गुमला, दिनांक :– 01/03/2024.

1. विभाग का नाम :– जल संसाधन (लघु सिंचाई) विभाग, झारखंड सरकार, रॉंची।
2. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र की विकी की तिथि :– 07.03.2024 को (10:00 बजे पूर्वाह्ण से 1:00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एंव समय :– 09.03.2024 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 09.03..2024 को 3:30 बजे अपराहन्
6. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला। (2) सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई अनुमंडल, गुमला
7. निविदा प्राप्ति एंव निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय परिसर, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।
8. परिमाण विपत्र का मूल्य :– राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट जों राष्ट्रीयकृत बैंक, गुमला में भुगतेय हो, मान्य होगा।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखंड | योजना मद का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि | निविदादाता की समुचित श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Dhobari Bandh Panchyat Jarda Block- P.A.E. Jari, Dist- Gumla | पी.अ.ए. जारी | डी.एम.एफ.टी | 2499649.00 | 25,000.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 2 | Reparing of School Building at St Residential High School Sakhuwapani Under Block- Bishunpur Dist- Gumla | विषुनपुर | डी.एम.एफ.टी | 24,99,942.00 | 25,000.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 3 | Construction of 01 Additional Class room with 2.10 M wide Verandah Balika Middle School Harup Dist- Gumla | विषुनपुर | डी.एम.एफ.टी | 10,30,102.00 | 20,700.00 | 2500.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |

**निविदा की शर्तें** :– 1. बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता से निर्गत हुआ हो तथा बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता अवधि निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह तक का हो, मान्य होगा।
2. निविदा में 10% न्युनतम दर से अधिक न्युनतम दर उद्धृत करने पर प्राक्कलित राशि का 20% अथवा 30% अतिरिक्त जमा राशि का डाकधर सावधी जमा पासबुक/बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
3. **जो निम्न है:–** 1. 10% से 20 प्रतिशत कम दर की राशि का 20% तक।
2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत राशि देय होगा।
10. निविदा से संबंधित सभी सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचनापट पर देखा जा सकता है।

E-mial ID – eemidgum@gmail.com.

कार्यपालक अभियंता,
PR 321136 Minor Irrigation (23-24)_D लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला

# अत्याचार, परिवारवाद और विश्वासघात का पर्याय बन गयी है टीएमसी : नरेंद्र मोदी

- कृष्णानगर की जनसभा से पीएम ने ममता सरकार पर बोला जोरदार हमला

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ममता सरकार व सत्तारूढ़ टीएमसी पर हमला तेज करते हुए उसे अत्याचार, परिवारवाद और विश्वासघात का पर्याय करार दिया और आरोप लगाया कि टीएमसी ने योजनाओं को घोटालों में बदलने में महारत हासिल कर ली है। लोकसभा चुनाव से पहले दो दिवसीय बंगाल दौरे के दूसरे दिन नदिया जिले के कृष्णानगर में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि यहां जिस तरह टीएमसी की सरकार चल रही है, उसने बंगाल को निराश कर दिया है। संदेशखाली में महिलाओं से अत्याचार की घटना का लगातार दूसरे दिन जिक्र करते हुए पीएम ने कहा कि क्षेत्र की परेशान माताएं और बहनें इंसाफ की गुहार लगाती रहीं लेकिन टीएमसी सरकार ने उनकी एक नहीं सुनी। राज्य सरकार तो चाहती ही नहीं थी कि संदेशखाली का गुनहगार (टीएमसी नेता शाहजहां शेख) कभी गिरफ्तार हो, लेकिन जब बंगाल की नारी शक्ति दुर्गा बन कर खड़ी हो गई और भाजपा के कार्यकर्ता उनके साथ खड़े हो गए, तब मजबूरन राज्य सरकार को झुकना पड़ा। मोदी ने कहा कि बंगाल में हालात ऐसे हैं कि यह पुलिस नहीं, बल्कि अपराधी तय करते हैं कि उन्हें कब सरेंडर करना है और कब गिरफ्तार होना है। उन्होंने राज्य सरकार पर संदेशखाली की पीड़ित बहनों को गुमराह करने का आरोप लगाया। पीएम ने कहा राज्य में अपराधी प्रशासन के निर्णयों पर अनुचित प्रभाव डालते हैं। 25 मिनट के भाषण में हालांकि पीएम ने एक बार भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके भतीजे सांसद अभिषेक बनर्जी का नाम नहीं लिया।



## बिहार में एक परिवार ने नौकरी के बदले युवाओं की जमीनें लीं : पीएम

**औरंगाबाद/ बेगूसराय।** पीएम नरेंद्र मोदी 18 महीने बाद फिर बिहार का दौरा किया। औरंगाबाद और बेगूसराय में सभा की। दोनों जगह पीएम मोदी के साथ सीएम नीतीश कुमार रहे। पीएम ने बिहार समेत देश की 1.62 लाख करोड़ से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इनमें बिहार की 27 हजार करोड़ की योजनाएं हैं। पीएम ने लालू परिवार का नाम लिये बिना कहा कि बिहार ने परिवारवाद का दंश झेला है। परिवारवाद प्रतिभा का सबसे बड़ा दुश्मन है। एक परिवार ने नौकरी के नाम पर युवाओं की जमीनों पर कब्जा किया है। वहीं, औरंगाबाद में कहा कि बिहार को पुराने दौर में नहीं जाने देंगे। एनडीए की बढ़ती ताकत से परिवारवादी डरे हुए हैं। इस दौरान नीतीश कुमार ने कहा कि मैं बीच में इधर-उधर हो गया है, लेकिन अब परमानेंटली यहां रहने आ गये हैं। मुझे विश्वास है कि 400 से ज्यादा सीटें लोकसभा में जीतेंगे। मुख्यमंत्री ने सभा में सबको खड़ा कराकर पीएम मोदी का स्वागत कराया। औरंगाबाद में मंच पर पीएम को सीएम नीतीश भी उन्हें माला पहना रहे थे, लेकिन मोदी ने उनका हाथ पकड़ कर अपने साथ माला के अंदर खड़ा किया।

**मां, माटी और मानुष सभी रो रहे हैं :** मोदी ने कहा कि बंगाल की जनता ने बहुत उम्मीदों के साथ टीएमसी को बार-बार इतना बड़ा जनादेश दिया, लेकिन पार्टी अत्याचार और विश्वासघात का दूसरा नाम बन गयी है। आज मां, माटी और मानुष सभी टीएमसी के कुशासन में रो रहे हैं। टीएमसी के लिए बंगाल का विकास नहीं बल्कि भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद प्राथमिकता है।

**टीएमसी का मतलब तू, मैं और करप्शन :** पीएम ने कहा कि टीएमसी का अर्थ बदल कर अब तू, मैं और करप्शन (भ्रष्टाचार) हो गया है। उन्होंने टीएमसी पर केंद्रीय योजनाओं को अपना बता कर इसका श्रेय लेने की कोशिश की भी आलोचना की। मोदी ने कहा कि टीएमसी ने बंगाल की छवि खराब कर दी है। वे केंद्रीय योजनाओं पर स्टीकर लगाते हैं और इसे अपना बता देते हैं। टीएमसी ने गरीबों का राशन तक चुरा लिया।

**टीएमसी ने स्कीम को स्कैम में बदला :** पीएम ने कहा कि टीएमसी ने स्कीम को स्कैम में बदल दिया। टीएमसी बंगाल को गरीब बनाये रखना चाहती है, ताकि उसकी राजनीति चलती रहे। उन्होंने मनरेगा में भ्रष्टाचार का भी जिक्र किया और कहा कि बंगाल में 25 लाख फर्जी जाब कार्ड पाये गये, जो पैदा नहीं हुआ था, उसका जाब कार्ड भी बना लिया और गरीबों का पैसा लूट लिया। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी के तोलाबाजों (वसूली करने वालों) का नियंत्रण है और वे राज्य को अनुचित रूप से प्रभावित करते हैं तथा केंद्रीय योजनाओं के कार्यान्वयन में बाधा डालते हैं।

**42 में से 42 सीटें जीताने का किया आह्वान :** पीएम ने कहा कि आगामी वर्षों में भाजपा देश और प्रदेश में निवेश एवं रोजगार के असंख्य अवसर पैदा करेगी। इसे सुनिश्चित करने के लिए आपको लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित कर अपना योगदान देना होगा। बंगाल की सभी 42 सीट पर कमल खिलना चाहिए।

**टीएमसी सरकार में पहले कमीशन फिर परमिशन :** पीएम ने कल्याणी एम्स का भी जिक्र किया और कहा कि हमने बंगाल को पहला एम्स देने की गारंटी दी थी। हाल में मैंने कल्याणी एम्स का लोकार्पण किया, लेकिन बंगाल सरकार को एम्स के बन जाने से भी दिक्कत है। वो कह रही है कि इसकी परमिशन क्यों नहीं ली। बंगाल में टीएमसी के लोगों को लूट एवं गुंडागर्दी की परमिशन है। कमीशन ना मिले तो टीएमसी हर चीज रोक देती है।

# बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर बस टर्मिनल का हुआ उद्घाटन

- मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इसका उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर बस स्टैंड का उद्घाटन मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने किया। करीब 211 करोड़ रुपये की लागत से बने इस बस स्टैंड में एयरपोर्ट जैसी आधुनिक सुविधाएं हैं। बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। यात्रियों के आवास और विश्राम क्षेत्रों से लेकर लिफ्टों, एस्केलेटरों, टिकट काउंटरों, एटीएम, कूरियर सेवाओं, पुलिस चौकियों, फूड कोर्ट, सामान स्कैनर, गलियारों, शौचालयों और विकलांगों के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान की गयी हैं। इतना ही नहीं, बस संचालन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेडियो फ्रीक्वेंसी पहचान पत्र अनिवार्य कर दिया गया है। इसके लिए ट्रायल भी चलाया जा चुका है। मिशन शक्ति कैफे, मिलेट शक्ति कैफे, फूड सेंटर टर्मिनल के अंदर स्थित हैं। इसके अलावा, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को समर्पित एक पुस्तकालय भी होगा। यहां संविधान प्रदर्शित किया जायेगा, ताकि युवाओं को देश के महापुरुषों के साथ-साथ संविधान पढ़ने का मौका मिल सके। 28 हजार वर्ग मीटर में बने इस बस टर्मिनल में 150 बस मार्गों से बसों को जोड़ने की व्यवस्था है।

# पाक जा रहे चीनी जहाज को मुंबई में रोका

- इसमें बैलिस्टिक मिसाइलों-हथियारों से जुड़ी मशीनरी मिली, जांच के बाद कार्गो जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तान जा रहे चीनी जहाज को मुंबई के न्हावा शेवा पोर्ट पर रोक दिया। एजेंसियों को जहाज में संदिग्ध सामान होने की आशंका थी, जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान अपने परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइलों के लिए कर सकता है। भारत के कस्टम अधिकारियों ने माल्टा के झंडे वाले एक मर्चेंट शिप सीएमए सीजीएम एटिला को 23 जनवरी को रोका था। हालांकि इसकी जानकारी अब सामने आयी है। यह जहाज कराची जा रहा था। इस पर इटली की एक कंपनी की कम्प्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल (सीएनसी) मशीन मौजूद थी। इसके बाद डीआरडीओ की एक टीम ने भी मशीन और जहाज पर मौजूद दूसरे सामानों का निरीक्षण किया। डीआरडीओ की टीम ने पुष्टि की है कि सीएनसी मशीन का इस्तेमाल पाकिस्तान के मिसाइल प्रोग्राम में किया जा सकता है। अधिकारियों ने आशंका जताई है कि पाकिस्तान यूरोप और अमेरिका से प्रतिबंधित सामान हासिल करने के लिए चीन का सहारा ले रहा है, जिससे इसकी पहचान न हो सके।

जहाज से जुड़े दस्तावेजों के मुताबिक सामान शंघाई जेएक्सइ लॉजिस्टिक्स कंपनी से भेजा गया था, जो सियालकोट में पाकिस्तान विंग्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पहुंचने वाला था। हालांकि जांच के बाद सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि जहाज पर मौजूद सामान का वजन 22 हजार किलो से ज्यादा था। इसे ताइयुआन माइनिंग कंपनी ने भेजा था और यह पाकिस्तान की कॉस्मोस इंजीनियरिंग कंपनी पहुंचने वाला था। पोर्ट पर मौजूद अधिकारियों ने भारत के स्पेशल इंटेलिजेंस अफसरों को मामले की जानकारी दी। इसके बाद इन अफसरों ने कार्गो की दोबारा जांच की और उसे जब्त कर लिया।

# आर्टिकल-21 संविधान की आत्मा : सुप्रीम कोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक व्यक्ति की जमानत को लेकर बॉम्बे हाइकोर्ट को नसीहत देते हुए फटकार लगायी। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि आर्टिकल-21 (जीवन की स्वतंत्रता) संविधान की आत्मा है। इससे संबंधित मामलों पर हाइकोर्ट का जल्दी फैसला न सुनाना या फिर टालना किसी व्यक्ति को इस बहुमूल्य अधिकार से वंचित कर देगा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच के मुताबिक, बॉम्बे हाइकोर्ट ने मर्डर के मुख्य आरोपी अमोल विट्ठल वाहिले को तब जमानत दी, जब हमने 29 जनवरी को इस मामले में दखलअंदाजी की। वाहिले, महाराष्ट्र के कॉर्पोरेटर के मर्डर में मुख्य आरोपी है। ऐसे कई मामले हैं, जिनमें जज योग्यता के आधार पर फैसला न लेकर अन्य किसी आधार पर फैसला लटकाये रखते हैं। हमारा बॉम्बे हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस से निवेदन है कि वे हमारी बात अन्य जजों तक भी पहुंचायें। सभी जज आपराधिक क्षेत्राधिकार का इस्तेमाल करते हुए जमानत/अग्रिम जमानत से संबंधित मामले पर जल्द निर्णय लें।



भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने एक मार्च को धनबाद एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया।

# पुनर्वितरण पर मजबूत नीतिगत जोर से भारत को गरीबी को खत्म करने में मदद मिली है : अमेरिकी थिंक टैंक ब्रूकिंग्स

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** अमेरिकी थिंक टैंक ब्रूकिंग्स इंस्टीट्यूशन ने कहा कि भारत ने अत्यधिक गरीबी को खत्म कर दिया है, जिसे गरीब लोगों की संख्या की दृष्टि से गरीबी अनुपात में हुई तेज कमी और घरेलू खपत में दर्ज भारी वृद्धि के माध्यम से समझा जा सकता है।

सुरजीत भल्ला और करण भसीन द्वारा लिखित इस रिपोर्ट में कहा गया है कि यह पुनर्वितरण पर सरकार के मजबूत नीतिगत जोर का परिणाम है, जिससे पिछले दशक में भारत में मजबूत समावेशी विकास हुआ है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में गरीबी को खत्म करने में उच्च विकास और असमानता में हुई बड़ी गिरावट ने साथ मिलकर योगदान दिया है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में गरीब लोगों की संख्या विश्व बैंक के अनुमान से काफी कम है।

क्रय शक्ति समता 1.9 डॉलर के स्तर पर, गरीब लोगों की संख्या की दृष्टि से गरीबी अनुपात 2011-12 के 12.2 प्रतिशत से घट कर 2022-23 में 2 प्रतिशत रह गया है। लेखकों की राय है कि सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित कार्यक्रमों की एक विस्तृत एवं विविध श्रृंखला के माध्यम से पुनर्वितरण पर मजबूत नीतिगत जोर को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में अपेक्षाकृत उच्च खपत वृद्धि को आश्चर्य से नहीं देखा जाना चाहिए।

ब्रूकिंग्स की टिप्पणी में कहा गया है कि इन सार्वजनिक कार्यक्रमों में शौचालयों के निर्माण से संबंधित एक राष्ट्रीय मिशन तथा सभी के लिए बिजली एवं खाना पकाने के आधुनिक ईंधन और हाल ही में पाइप से पानी की सुलभता सुनिश्चित करने के प्रयास शामिल हैं।

15 अगस्त, 2019 तक भारत के ग्रामीण इलाकों में पाइप से पानी की सुलभता 16.8 प्रतिशत थी, जबकि वर्तमान में यह 74.7 प्रतिशत है। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत, देश के 112 जिलों की पहचान सबसे कम विकास संकेतक वाले जिलों के रूप में की गयी थी। सरकारी नीतियों द्वारा इन जिलों को लक्षित करके उनके विकास पर स्पष्ट रूप से ध्यान केंद्रित किया गया है।

इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अत्यधिक गरीबी का उन्मूलन एक उत्साहजनक बदलाव है जिसका वैश्विक स्तर पर गरीबी की गणना की दर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसका मतलब यह भी है कि अब समय आ गया है कि भारत भी अन्य देशों की तरह उच्च गरीबी रेखा के पार पहुंच जाये। रिपोर्ट में कहा गया है, उच्च गरीबी रेखा की दिशा में बदलाव खासतौर पर इच्छित लाभार्थियों की बेहतर पहचान और वास्तविक गरीबों को अधिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मौजूदा सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों को फिर से परिभाषित करने का अवसर प्रदान करता है।

# समाचार पत्र और पत्रिकाओं का पंजीकरण अब प्रेस सेवा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन होगा

## आरएनआइ का नाम बदल कर अब पीआरजीआइ- प्रेस रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया हुआ

- प्रेस और पत्रिकाओं का पंजीकरण (पीआरपी) अधिनियम, 2023 लागू हुआ; पुराना पीआरबी अधिनियम, 1867 हुआ निरस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत सरकार ने ऐतिहासिक प्रेस और पत्रिकाओं का पंजीकरण (पीआरपी) अधिनियम, 2023 और इसके नियमों को अपने राजपत्र में अधिसूचित कर दिया है और इसके परिणामस्वरूप यह अधिनियम 1 मार्च से लागू हो गया है। अब से पत्रिकाओं का पंजीकरण प्रेस और पत्रिकाओं के पंजीकरण अधिनियम (पीआरपी अधिनियम), 2023 और प्रेस और पत्रिकाओं के पंजीकरण नियमों के प्रावधानों के अनुसार होगा। अधिसूचना के अनुसार, भारत के प्रेस रजिस्ट्रार जनरल का कार्यालय- पीआरजीआइ, जिसे पहले रजिस्ट्रार ऑफ न्यूजपेपर्स फॉर इंडिया के नाम से जाना जाता था, नये अधिनियम के उद्देश्यों को पूरा करेगा।

डिजिटल इंडिया के मूल्यों के अनुरूप नया अधिनियम देश में समाचार पत्रों और अन्य पत्रिकाओं के पंजीकरण की सुविधा के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली प्रदान करेगा। नयी प्रणाली मौजूदा मैनुअल, बोझिल प्रक्रियाओं को बदल देगी। पुरानी प्रक्रिया में कई चरणों में अनुमोदन शामिल होते हैं, जो प्रकाशकों के लिए अनावश्यक कठिनाइयों का कारण बन रहे थे।

इससे पहले सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने नये अधिनियम के अनुसार विभिन्न आवेदन प्राप्त करने के लिए प्रेस रजिस्ट्रार जनरल का ऑनलाइन पोर्टल, प्रेस सेवा पोर्टल (presssewa.prgi.gov.in) लॉन्च किया था। किसी पत्रिका के प्रिंटर द्वारा दी गयी सूचना सहित सभी आवेदन, किसी विदेशी पत्रिका के स्थानीय संस्करण के पंजीकरण के लिए आवेदन, किसी पत्रिका के पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए प्रकाशक द्वारा आवेदन, पंजीकरण के प्रमाण पत्र में संशोधन के लिए आवेदन, ट्रांसफर के लिए आवेदन पत्रिकाओं का स्वामित्व, पत्रिका के प्रकाशक द्वारा वार्षिक विवरण प्रस्तुत करना, और पत्रिका के प्रसार के सत्यापन के लिए डेस्क ऑडिट की प्रक्रिया आदि सभी कार्य प्रेस सेवा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन होंगे।

प्रेस सेवा पोर्टल पेपरलेस प्रोसेसिंग सुनिश्चित करता है और ई-साइन सुविधा, डिजिटल भुगतान गेटवे, तत्काल डाउनलोड के लिए क्यूआर कोड-आधारित डिजिटल प्रमाणपत्र, प्रिंटिंग प्रेस द्वारा सूचना प्रदान करने के लिए ऑनलाइन प्रणाली, टाइटल उपलब्धता के लिए संभावना का प्रतिशत, पंजीकरण तक ऑनलाइन पहुंच , सभी प्रकाशकों के लिए डेटा, वार्षिक विवरण दाखिल करना आदि सेवाएं प्रदान करता है। इसका इरादा एक चैटबॉट-आधारित इंटरैक्टिव शिकायत समाधान सिस्टम स्थापित करने का भी है। प्रेस सेवा पोर्टल के साथ एक नयी वेबसाइट (prgi.gov.in) भी है, जिसमें सभी संबंधित जानकारी और उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफेस है। नया पीआरपी अधिनियम पुराने पीआरबी अधिनियम द्वारा आवश्यक पंजीकरण के दायरे से पुस्तकों और पत्रिकाओं को हटा देता है; नया अधिनियम एक पत्रिका को एक समाचार पत्र सहित किसी भी प्रकाशन के रूप में परिभाषित करता है, जो नियमित अंतराल पर प्रकाशित और प्रिंट होता है, जिसमें सार्वजनिक समाचार या सार्वजनिक समाचार पर टिप्पणियां शामिल होती हैं, लेकिन इसमें वैज्ञानिक, तकनीकी और शैक्षणिक प्रकृति की कोई पुस्तक या पत्रिका शामिल नहीं होती है। इसलिए पुस्तक, या वैज्ञानिक, तकनीकी और शैक्षणिक प्रकृति की पुस्तक या जर्नल सहित को पीआरजीआइ के साथ पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है।

नये अधिनियम के अनुसार पत्रिकाओं के पंजीकरण के लिए सभी आवेदन केवल प्रेस सेवा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन मोड में किये जायेंगे। इस तरह पत्रिकाएं निकालने के इच्छुक प्रकाशकों को इसे प्रकाशित करने से पहले इसका टाइटल पंजीकृत करना होगा। चूंकि पंजीकरण प्रक्रिया ऑनलाइन होगी और सॉफ्टवेयर के माध्यम से निर्देशित होगी, आवेदन में त्रुटियों की संभावना काफी कम हो जायेगी जिसके परिणामस्वरूप आवेदनों की तेजी से प्रोसेसिंग होगी।

आवेदन की स्थिति सभी चरणों में अपडेट की जायेगी और आवेदक को एसएमएस और ई-मेल के माध्यम से सूचित किया जायेगा, ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके और गलत संचार के कारण होने वाली देरी को समाप्त किया जा सके।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**